दैनिक
नव प्रदेश
अहिंसा परमो धर्मः
प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर ◊◊ 6 | अभिव्यक्ति 3 | राजधानी 7 | आंचलिक 12 | देश-विदेश

रांची, रविवार, 24 दिसंबर, 2023, मार्गशीर्ष शुक्लपक्ष एकादशी, विक्रम संवत-2080 वर्ष-08 अंक-242 पृष्ठ-12, मूल्य - 3 रुपये रांची, रायपुर, बिलासपुर, भोपाल व जबलपुर से एक साथ प्रकाशित ww.navpradesh.com

//-- सुविचार --//

क्योंकि सफर जितना लंबा होगा वापसी उतनी ही मुश्किल हो जाती है

सूर्योदय/सूर्यास्त

उदय : 06:26 प्रात:

अस्त : 05:08 संध्या

प्रदेश का तापमान

स्थान	अधिकतम	न्यूनतम
रांची	23.0	12.0
जमशेदपुर	26.0	12.0
हजारीबाग	23.0	11.0
डालटनगंज	25.0	10.0

संक्षिप्त खबरें

एसीबी ने रिश्वत लेते एएसआई को किया गिरफ्तार



रांची/हजारीबाग। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) ने शनिवार को हजारीबाग के विष्णुगढ़ के एएसआई मनोज कुमार को रिश्वत लेते गिरफ्तार किया है। मनोज कुमार मूल रुप से बिहार के जहानाबाद जिले के रहने वाले है। बताया जाता है कि हजारीबाग निवासी ललिता देवी ने एसीबी से लिखित शिकायत की थी कि उनके पति बदरी यादव के खिलाफ थाने में एक केस दर्ज किया गया है। मामले की गंभीरता को देखते हुए एसीबी की टीम ने जांच करने पर आरोप सही पाया। इसके बाद टीम ने रंगेहाथ छह हजार रुपये रिश्वत लेते एएसआई को गिरफ्तार कर लिया।

स्वास्थ्य विभाग ने कोरोना को लेकर जारी किया सामान्य अलर्ट

रांची। देश में कोरोना के बढ़ते मामलों को लेकर राज्य में स्वास्थ्य विभाग ने कोरोनो के प्रसार को रोकने के लिए सामान्य अलर्ट जारी किया है। हालांकि, रांची नगर निगम को अभी भी दिशा-निर्देशों का इंतजार है। निगम सामान्य निगरानी और स्वच्छता के माध्यम से कोरोना के प्रसार रोकेगा। वायरस के प्रसार से निपटने के लिए किसी भी तरह के विशेष उपायों को लागू नहीं किया गया है। इस बाबत नगर प्रशासक अमित कुमार ने बताया कि शहर में लोगों के बीच जागरुकता फैलाई जाएगी। जैसे-जैसे मामले बढ़ते हैं उस आधार पर आगे के उपाय किये जाएंगे।

मुख्यमंत्री ने राज्यवासियों को क्रिसमस की दी बधाई

आर्चबिशप हाउस पहुंचे सीएम

हमसभी के लिए बहुत उत्साह, उमंग और खुशी का पर्व है क्रिसमस : मुख्यमंत्री

रांची। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन शनिवार को पुरुलिया रोड स्थित आर्चबिशप हाउस पहुंचकर आर्चबिशप फेलिक्स टोप्पो से मुलाकात कर उन्हें क्रिसमस पर्व की हार्दिक बधाई दी। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने आर्चबिशप हाउस परिसर में बालक प्रभु यीशु के दर्शन किए। मौके पर आर्चबिशप फेलिक्स टोप्पो ने भी मुख्यमंत्री को क्रिसमस पर्व की शुभकामनाएं दीं। मुख्यमंत्री ने कहा कि क्रिसमस का पर्व हम सभी के लिए बहुत उत्साह, उमंग और खुशी का पर्व होता है। मैं क्रिसमस पर्व के मौके पर पूरे झारखंड वासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देता हूं एवं प्रभु यीशु से राज्यवासियों के लिए अमन-चैन तथा सुख, समृद्धि की कामना करता हूं।

इस अवसर पर आर्च बिशप फेलिक्स टोप्पो, सहायक धर्माध्यक्ष बिशप थियोडोर मास्करेन्हास, फादर मुकुल कुल्लू, फादर असित टोप्पो, फादर अजीत कुमार खेस, फादर सहदेव प्रजापति, फादर सुशील बेक सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

झारखंड के कई इलाके में शीतलहर

रांची : झारखंड में इन दिनों मौसम का मिजाज एक बार फिर बदल गया है। आसमान में बादल छाये रहने से ठंड से थोड़ी राहत तो मिली है, लेकिन आने वाले दिनों में राज्य के कई हिस्सों में शीतलहर चलने की संभावना है। रांची से सटे कांके और मैक्लुस्कीगंज का न्यूनतम तामान शून्य डिग्री सेल्सियस तक जाने की संभावना है।

मैक्लुस्कीगंज और कांके का पारा 3 डिग्री

मौसम विभाग के अनुसार रांची का न्यूनतम तापमान लगातार कई दिनों से 10 डिग्री सेल्सियस से नीचे बना है। जबकि कांके और मैक्लुस्कीगंज का न्यूनतम तापमान 3 डिग्री तक जा पहुंचा हैं। इन दोनों स्थानों पर आने वाले एक सप्ताह में न्यूनतम तापमान शून्य डिग्री सेल्सियस पहुंचने की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता है।



मौसम रहेगा शुष्क

राजधानी स्थित भारतीय मौसम विज्ञान केंद्र के वरीय वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने बताया कि अगले 7 दिनों तक राज्यभर में मौसम शुष्क रहने का अनुमान है। हालांकि इस दौरान कुछ स्थानों पर अगले तीन दिनों में आंशिक बादल छाए रहने की संभावना है। उन्होंने कहा कि अभी किसी तरह की मौसम चेतावनी देने जैसी स्थिति नहीं है, लेकिन आने वाले दिनों में कुछ इलाकों में ठंड में बढ़ोतरी हो सकती है।

3 दिनों तक आंशिक बादल छाये रहेंगे

मौसम विभाग के अनुसार अभी दो-तीन दिनों तक आंशिक बादल छाए रहने से न्यूनतम तापमान में 2 से 3 डिग्री की बढ़ोतरी होगी। रांची का अधिकतम तापमान 22 से 23 डिग्री और न्यूनतम तापमान 10 डिग्री के आसपास रहने का अनुमान है। इसके बाद फिर से तापमान गिरेगा।

न्यूनतम तापमान 10 डिग्री से नीचे

रांची का न्यूनतम तापमान 9.4 डिग्री सेल्सियस रहा। वहीं कई शहरों का न्यूनतम तापमान 10 डिग्री से नीचे रहा। चतरा और गुमला न्यूनतम तापमान 6 डिग्री सेल्सियस के आसपास रिकॉर्ड किया गया।

रामगढ़ में गरजे मुख्यमंत्री हेमंत, झारखंड में डबल इंजन की सरकार ने ऐसा किया काम कि गांव में बढ़ती गई समस्या

झारखंड में गाजर मूली की नहीं है सरकार

रामगढ़। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन शनिवार को अपने गृह जिला रामगढ़ में थे। यहां उन्होंने आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में शामिल होकर जनता को करोड़ों रुपए की सौगात दी। लेकिन इस दौरान वे मंच से गरजे और केंद्र सरकार को खुली चुनौती दी। उन्होंने कहा कि झारखंड में गाजर मूली की सरकार नहीं है। यहां जनता ने गरीबों और आदिवासियों की सरकार बनाई है। इसे हिलाना नामुमकिन है। उन्होंने केंद्र सरकार पर कटाक्ष करते हुए कहा कि वह लोग दिन में इस सरकार को गिराने का सपना देख रहे हैं। इसकी एकमात्र वजह यह है कि यहां की जनता ने डबल इंजन की सरकार को मखमल से हटकर पत्थर पर सुला दिया है। कार्यक्रम में कृषि मंत्री बादल पत्रलेख और श्रम मंत्री सत्यानंद भोक्ता ने भी जनता को सरकार द्वारा किए जा रहे कार्य के बारे में बताया गया।

मुख्यमंत्री गोला प्रखंड स्थित चाड़ी पंचायत के तिरला मैदान में आयोजित आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम में शामिल हुए थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार ने अधिकारियों को योजना की गठरी बनाकर हर गांव में भेजा है। यही वजह है कि सभी को योजनाओं का लाभ उनके घर पर मिल रहा है। झारखंड गरीब प्रदेश है और यहां की जनता योजनाओं को लेकर उतनी जागरूक नहीं है। लेकिन जब अधिकारी खुद उनके घर पहुंच रहे हैं तो ग्रामीणों को भी हर चीज की जानकारी हो रही है। अब आम जनता भी यह समझ रही है सरकार ने उसके लिए किस तरह की योजना बनाई है। इस कार्यक्रम में बिरसा सिंचाई योजना, अबुआ आवास योजना, मुख्यमंत्री पशुधन योजना, जाति प्रमाण पत्र, साइकिल डीबीटी, मनरेगा, वन पट्टा से जुड़े मामले, आयुष्मान कार्ड, गुरुजी स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड, धोती साड़ी लूंगी वितरण, सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना के लाभुकों को सौगात मिली।

इस दौरान मुख्यमंत्री ने रोजगार सृजन योजना के तहत नियोजन पत्र बांटा। इसके अलावा अबुआ आवास योजना, मुख्यमंत्री पशुधन योजना, राशन कार्ड, सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना का लाभ जनता को दिया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने 652 करोड़ की लागत से बनने वाले 172 योजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया

हेमंत सरकार 29 दिसंबर को पूरा करेगी चार साल, भव्य समारोह की तैयारियां तेज

राज्य को मिलेंगे कई उपहार

रांची। हेमंत सरकार अपने कार्यकाल के चार वर्ष 29 दिसंबर को पूरा कर रही है। इस मौके पर राजधानी रांची के मोरहाबादी मैदान में राज्य स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम को भव्य बनाने के लिए राज्य सरकार के आला अधिकारी जुट गए हैं। मुख्य सचिव एल खियांगे के निर्देश पर कार्यक्रम की सफलता के लिए भू-राजस्व सचिव अमिताभ कौशल, महिला बाल विकास विभाग के सचिव कृपानंद झा और पीआरडी के निदेशक राजीव लोचन बक्शी को अतिरिक्त जिम्मेदारी दी गई है। रांची के मोरहाबादी मैदान में आयोजित होने वाले कार्यक्रम के दौरान आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तीसरे चरण का जहां समापन होगा, वहीं अबुआ आवास योजना के लिए प्राप्त आवेदन के तहत आवास स्वीकृत किया जाएगा। अपने कार्यकाल के चार वर्ष पूरे करने के उपलक्ष्य में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के द्वारा राज्य की जनता को कई सौगात देने की तैयारी की गई है। जानकारी के मुताबिक नई दिल्ली स्थित नवनिर्मित झारखंड भवन का जहां उद्घाटन होगा, वहीं करीब 10 हजार युवाओं को नियुक्ति पत्र भी सौंपा जाएगा। इसके अलावा सरकार की विभिन्न योजनाओं के तहत लाभुकों के बीच परिसंपत्तियों का वितरण भी किया जाएगा। कार्यक्रम को भव्य बनाने में जुटे रांची डीसी राहुल कुमार सिन्हा ने बताया कि गुरुजी क्रेडिट कार्ड योजना, किशोरी समृद्धि योजना, फुलो झानो आशीर्वाद अभियान, सर्वजन पेंशन योजना जैसी सरकार की कल्याणकारी योजना के तहत लाभुकों के बीच परिसंपत्ति वितरित करने की तैयारी की जा रही है। सरकार के चार साल पूरे होने के उपलक्ष्य में सत्ता पक्ष की ओर से रिपोर्ट कार्ड जारी करने की तैयारी की जा रही है। सत्तारुढ़ दल कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने सरकार के कामकाज को ऐतिहासिक बताते हुए कहा है कि कल्याणकारी योजनाओं के जरिए हेमंत सरकार ने जनता को सीधे लाभ देने का काम किया है। प्रमुख विपक्षी दल भाजपा हेमंत सरकार के कामकाज पर आरोप पत्र लाने की तैयारी में है। भाजपा प्रदेश मीडिया प्रभारी शिवपूजन पाठक ने सरकार के कामकाज की आलोचना करते हुए कहा है कि विपक्ष लगातार सरकार पर हमलावर रही है और चार साल पूरे होने के उपलक्ष्य में भी पार्टी ने आरोप पत्र जारी करने का निर्णय लिया है।

झारखंड के कांग्रेस प्रभारी बने गुलाम अहमद मीर

रांची। झारखंड के कांग्रेस प्रभारी बदल गये। झारखंड के प्रभारी अविनाश पांडे को उत्तर प्रदेश का प्रभारी बनाया गया है। जबकि गुलाम अहमद मीर को झारखंड का नया प्रभारी बनाया गया है। अविनाश ठाकुर को उत्तर प्रदेश और गुलाम अहमद मीर को झारखंड प्रभारी का दायित्व सौंपने पर प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे का आभार जताया है। ठाकुर ने शनिवार को कहा कि पांडे एक कुशल संगठनकर्ता के रूप में झारखंड कांग्रेस को पंचायत स्तर तक पहुंचाने का काम किया है और यह उसी का परिणाम है कि उनकी सांगठनिक क्षमता को देखते हुए कांग्रेस नेतृत्व ने उन्हें बड़े राज्य की जिम्मेवारी सौंपी है। वहीं झारखंड कांग्रेस के प्रभारी के रूप में गुलाम अहमद मीर के मनोनयन पर भी राजेश ठाकुर ने हर्ष व्यक्त किया है। ठाकुर ने कहा कि इनके संगठनात्मक क्षमता का लाभ झारखंड कांग्रेस को मिलेगा। मीर एक कुशल नेतृत्वकर्ता के रूप में जाने जाते हैं। जम्मू कश्मीर के प्रदेश अध्यक्ष रहते उन्होंने संगठन को गांव तक ले जाने का काम किया। इनकी कार्य कुशलता झारखंड में भी देखने को मिलेगी। इसके साथ ही साथ झारखंड कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष डॉ अजय कुमार को तीन राज्यों के प्रभारी बनाने पर भी हर्ष व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि डॉ अजय कुमार भी अनुभवी नेता हैं, इनके अनुभवों का लाभ कांग्रेस को मिलेगा।

अविनाश पांडे बनाये गये उप्र के प्रभारी

नई दिल्ली। आगामी लोकसभा चुनाव को देखते हुए कांग्रेस ने अपने संगठन में व्यापक स्तर पर फेरबदल किया है। पार्टी ने प्रियंका गांधी को उत्तर प्रदेश के प्रभारी महासचिव की जिम्मेदारी से मुक्त कर यह जिम्मेदारी पार्टी नेता अविनाश पाण्डेय को सौंपा है। कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल ने शनिवार को एक पत्र जारी कर कहा कि कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने पार्टी नेता अविनाश पाण्डेय को उत्तर प्रदेश का प्रभारी महासचिव बनाया है। वेणुगोपाल ने कहा कि कांग्रेस अध्यक्ष ने सचिन पायलट को छत्तीसगढ़ का प्रभारी महासचिव नियुक्त किया है। मुकुल वासनिक को गुजरात, जितेंद्र सिंह को असम और मध्य प्रदेश दो राज्य, रणदीप सिंह सुरजेवाला को कर्नाटक, दीप बाबरिया को दिल्ली और हरियाणा, कुमारी सैलजा को उत्तराखंड का प्रभारी महासचिव नियुक्त किया है। कांग्रेस नेता जयराम रमेश को संगठन में कम्यूनिकेशन देखने का जिम्मा दिया है जबकि केसी वेणुगोपाल संगठन का काम देखते रहेंगे।

अर्थव्यवस्था | **मेहमान परिंदों को अब रांची आने से लगता है डर, शिकारियों ने छीन ली मेहमान परिंदों की आजादी**

कांके डैम के पास आबादी बढ़ने से नष्ट हो रहा प्राकृतिक आवास

धुर्वा डैम के आसपास 10 हजार किलोमीटर दूर से आये साइबेरियन पक्षी का अवैध शिकार

सोमनाथ आर्य

रांची। सर्दियों का मौसम शुरू है, 4.5 फीट लंबे और अपने 7 फीट के पंखों का फैलाव लिए सरहद पार से मेहमान परिंदे आ चुके हैं। कभी इनकी संख्या बहुतायत थी, अब धीरे धीरे कम हो रहे हैं। ये साइबेरियन क्रेन हैं, जिसका वैज्ञानिक नाम 'ग्रस ल्यूकोगेरानस' है। लेकिन, अब इस मेहमान परिंदों को रांची आने से डर लगने लगा है, क्योंकि बेरहम शिकारियों ने छीन ली है मेहमान परिंदों की आजादी। यह पूरी तरह से विलुप्त होने के गंभीर खतरे में है। इसे पंखों की नोक पर काले रंग, चमकदार पीली आंखों और माथे पर नंगी लाल रंग से पहचाना जाता है। विडंबना यह है इस परिवार के केवल 250 पक्षी ही आज दुनिया भर में मौजूद हैं। क्रेन परिवार, आज पक्षियों में सबसे अधिक खतरे में है। मौजूदा 15 प्रजातियों में से सात विलुप्त होने के बहुत करीब हैं। कभी रांची और आसपास के कई इलाके इनके पसंदीदा स्थान था, आज भी है, तभी तो तकरीबन 6 हजार किलोमीटर की लंबी उड़ान के बाद ये बड़ा तालाब, धुर्वा डैम और कांके डैम पहुंच चुके हैं। ये पक्षी अपने भोजन की तलाश में पूरा दिन मिट्टी में खोदते रहते हैं, उनके सिर, गर्दन और पैर पूरी तरह से पानी में डूबे रहते हैं।

आबादी बढ़ने से परेशानी

एन्वॉयरन्मेंटलिस्ट डॉ नीतिश प्रियदर्शी ने बताया कि झारखंड में बड़ी संख्या में साइबेरियन क्रेन और डक समेत पक्षियों की कई प्रजातियां आती हैं। पहले की तुलना में देखें, तो ये संख्या कम हो गई हैं। क्लाइमेट चेंज और उत्तरी गोलार्द्ध में आए तूफान से भी इनकी संख्या कम हुई है। इनकी घट रही संख्या को देखते हुए इन्हें प्रोटेक्ट करने के लिए पूरे विश्व की सरकारें चिंतित हैं। हयूमन इंटरफेरेंस की वजह से हर साल इनका रूट बदल जा रहा है, जो इन्हें भ्रमित कर रहा है। वहीं मोबाइल और टीवी टावरों का रेडिएशन भी इन पर प्रतिकूल प्रभाव डाल रहा है। यही वजह है कि इनकी संख्या कम हो रही है। उन्होंने बताया कि साइबेरियन डक और क्रेन पहले बड़ी संख्या में यहां आते थे, पर हाल के वर्षो में इनका आना कम हुआ है। इसकी वजह कांके डैम के आसपास आबादी का बढ ?ा है। ये एकांतप्रिय पक्षी होते हैं। कांके डैम के पास आबादी बढ़ने से इनका नेचुरल हैबिटेट नष्ट हो रहा है और पॉल्यूशन भी इन पर असर डाल रहा है, जिससे इनका आना कम हुआ है। कांके डैम में इनका शिकार भी इनके यहां कम आने की बड़ी वजह है।

मार्च के बाद अपने घर लौट जाते हैं सभी विदेशी मेहमान

ये साइबेरियन पक्षी अमेरिका, यूरोप, मंगोलिया और एशिया के कुछ हिस्सों मुख्य रूप से पाए जाते है क्योंकि इस वक्त यहां काफी ज्यादा बर्फबारी होती है ऐसे वक्त में ये प्रवासी विदेशी मेहमान अपने घर छोड़कर भारत पहुंचते है और कुछ महीने देश के विभिन्न हिस्सों में रहने के बाद ये पक्षी फिर से अपने घर को वापस लौट जाते हैं।

भोजन की कमी के कारण माइग्रेशन

श्री प्रियदर्शी ने बताया कि साइबेरियाई पक्षी सुदूर साइबेरिया से 8000-10000 किमी का सफर तय करके आते हैं। चूंकि सर्दियों में साइबेरिया में चारों ओर बर्फ बिछ जाती है और खाने का अभाव हो जाता है। ऐसे में भोजन की तलाश में इन्हें माइग्रेट कर-के आना पड़ता है। 10,000 किमी का लंबा सफर तय करने के बाद भी ये अपने मार्ग से डेविएट नहीं होते, इसकी वजह ये है कि इनके सबसे आगे सीनियर पक्षी इनका नेतृत्व करता है। वह इस मार्ग का एक्सपर्ट होता है, जिससे ये अपना रास्ता नहीं भूलते। जब सर्दियों में ये साइबेरिया से माइग्रेट करते हैं, तो ये काफी ऊंचाई पर उड़ान भरते हैं। ऐसा करते समय ये अपने पंखों को फैला लेते हैं और हवा का दबाव उन्हें इतनी दूरी तय करने में मदद करता है। लेकिन जब हवा का प्रेशर कम होता है, इन्हें मेहनत करनी होती है। पूरे सफर में ये कई स्थानों पर रुकते हैं और फिर तयशुदा स्थान पर पहुंचते हैं।

राष्ट्रपति ने देखा सेना का फायरपावर अभ्यास

जैसलमेर। राष्ट्रपति और सशस्त्र बलों की सर्वोच्च कमांडर द्रौपदी मुर्मू ने शनिवार को पोखरण का दौरा किया और राजस्थान के जैसलमेर सेक्टर में सेवारत डेजर्ट कोर के सैनिकों के साथ बातचीत की। दक्षिणी कमान के जनरल ऑफिसर कमांडिंग इन चीफ लेफ्टिनेंट जनरल एके सिंह ने राष्ट्रपति का स्वागत किया। इस अवसर पर राजस्थान के राज्यपाल कलराज मिश्र, सैन्य गणमान्य व्यक्तियों के अलावा और अन्य नागरिक भी उपस्थित थे। राष्ट्रपति ने एक फायरपावर अभ्यास देखा जिसमें नई पीढ़ी की हथियार प्रणालियों सहित विभिन्न हथियार प्लेटफार्मों द्वारा युद्धाभ्यास का जटिल अभ्यास शामिल था। टैंक की सवारी करते हुए रेगिस्तानी इलाके में उन्होंने अर्जुन टैंक की शक्ति और युद्ध योग्यता का प्रत्यक्ष अनुभव किया। भारतीय सेना के जवानों के साथ बातचीत करते हुए, उन्होंने उनके साहस, बलिदान और राष्ट्र की सेवा में उनके योगदान के लिए सराहना की और साथ ही भारतीय सेना के सभी रैंकों की प्रतिबद्धता और हर समय तैयारियों के उच्चतम मानकों की भी सराहना की।

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने रामगढ़ में 50 करोड़ की 48 योजनाओं का उद्घाटन एवं 99 करोड़ की 124 योजनाओं का शिलान्यास किया, कहा

जरूरतमंद पेंशन के लाभ से वंचित न रहें

नव प्रदेश संवाददाता

रांची/रामगढ़ : गोला को डिग्री कॉलेज का उपहार जल्द मिलेगा। इसके लिए आपकी सरकार ने स्वीकृति दे दी है। कॉलेज के निर्माण हेतु आने वाले दिनों में आधारशिला रखी जाएगी। रामगढ़ जिला में आवागमन को बेहतर करने के उदेश्य से 250 करोड़ रुपए की लागत से 400 कि०मी० ग्रामीण सड़क एवं 450 करोड़ रुपए की लागत से 250 किमी उच्च स्तरीय सड़क का निर्माण किया जा रहा है। जल्द ये सड़कें रामगढ़वासियों के सुगम आवागमन में सहायक होगा। ये बातें मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने कही। मुख्यमंत्री रामगढ़ जिला के गोला प्रखंड स्थित चाड़ी पंचायत के तिरला मैदान में आयोजित आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम में बोल रहे थे।

नौकरी, रोजगार और स्वरोजगार के लिए पहल

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में सरकारी, गैर सरकारी एवं स्वरोजगार हेतु कार्य किया जा रहा है। लगातार नियुक्ति निकाली जा रही है। यहां के युवाओं को सरकारी और गैर सरकारी नौकरी से जोड़ने का कार्य किया जा रहा है। रामगढ़ जिला का पतरातु प्रखंड पर्यटन स्थल है। यहां के युवा दर्शनीय स्थल में स्वरोजगार के लिए रोजगार सृजन योजना का लाभ लेकर आर्थिक स्वावलंबन की ओर अग्रसर हो सकते हैं। इस कार्य में सरकार आपकी मदद करेगी।

महामारी के बाद पदाधिकारी आपके द्वार

मुख्यमंत्री ने कहा कि गांव-गांव पंचायत पंचायत शिविर का आयोजन हो रहा है। इन शिविरों में लोग राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ ले रहें हैं। यह अभियान बेहतर ढंग से संचालित हो रहा है या नहीं इसका आकलन करने आपके बीच आता हूं। वर्ष 2021और 2022 से ऐसे शिविर का आयोजन कर सरकार आपके दरवाजे को खटखटा रही थी। इन शिविरों से प्राप्त आवेदन से ज्ञात हुआ कि आखिर पूर्व में कुछ अच्छा कार्य हुआ होता तो इतने सारे आवेदन कैसे प्राप्त हुए। 2019 से पूर्व सामान्य जीवन रहने के बाद भी कार्य नहीं किया गया। जबकि वर्तमान सरकार गठन के उपरांत कोरोना संक्रमण ने झारखण्ड समेत पूरी दुनिया को अपने चपेट में ले लिया। इस महामारी की धुंध छटने के बाद सरकार ने आपके दरवाजे तक पदाधिकारियों को भेजना शुरू किया ताकि राज्य सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ आप तक पहुंच सके।

बेहतर शिक्षा प्रदान करने का प्रयास

मुख्यमंत्री ने कहा यहां के किसान, श्रमिक, महिला, नौजवान सशक्त होगा तो राज्य मजबूत होगा। आपकी सरकार गांव और ग्रामीणों को सशक्त करने के उदेश्य से योजनाओं का निर्माण और लोगों को योजनाओं का लाभ देने का कार्य कर रही है। आज आपका अधिकार आपके दरवाजे को खटखटा कर आप तक पहुंचा जा रहा है। आने वाली पीढ़ी को बेहतर शिक्षा प्रदान करने के उदेश्य से 80 उत्कृष्ट विद्यालय का संचालन प्रारंभिक चरण में हो चुका है। आने वाले वर्षों में राज्य भर में पांच हजार उत्कृष्ट विद्यालय प्रारंभ करने की योजना है। आपकी सरकार सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के जरिए किशोरियों को आर्थिक सहायता प्रदान कर रही है। साथ ही, राज्य के बच्चों को उच्च शिक्षा समेत डॉक्टर, इंजिनियरिंग, लॉ, मास कम्युनिकेशन एवं अन्य के लिए गुरुजी स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना के जरिए आर्थिक सहायता प्रदान करेगी।

मुख्यमंत्री पहुंचे बच्चियों के पास

मुख्यमंत्री कार्यक्रम समाप्ति के बाद जब जाने लगे तब उनकी नजर गोला के यूएसएच बरियातु स्कूल में पढ़ाई कर रही अफसाना एवं राखी पर पड़ी, दोनों मुख्यमंत्री की तस्वीर को थामे थी। मुख्यमंत्री सीधे उन बच्चियों के पास गए और उसके साथ तस्वीर ली। मुख्यमंत्री ने इन बच्चियों की उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी। वहीं पतरातु प्रखंड के जयनगर पंचायत में आयोजित शिविर में पदाधिकारियों से कहा कोई भी जरूरतमंद पेंशन के लाभ से वंचित ना रहे।

इस अवसर पर मंत्री सत्यानंद भोक्ता, मंत्री बादल पत्रलेख, विधायक बड़कागांव अम्बा प्रसाद, पूर्व विधायक सह राज्य मंत्री का दर्जा प्राप्त श्री योगेन्द्र महतो, राज्य मंत्री का दर्जा प्राप्त फागू बेसरा, पूर्व विधायक ममता देवी, मुख्यमंत्री के सचिव विनय कुमार चौबे, उपायुक्त रामगढ़, आरक्षी अधीक्षक रामगढ़, जिला के पदाधिकारीगण, हजारों की संख्या में ग्रामीण, छात्र - छात्राएं एवं लाभुक उपस्थित थे।

ये भी जानें...

- बिरसा कूप सिंचाई संवर्धन योजना के तहत 1292 की मिला स्वीकृति पत्र
- मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना के तहत 79 लाभुकों का लाभ
- सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के तहत 14519 किशोरियों को लाभ
- मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना के तहत 183 युवाओं का लाभ
- साईकिल योजना से 13560 छात्र-छात्राओं को लाभ
- दिव्यांग यंत्र योजना से 187 दिव्यांग लाभान्वित
- दिसम्बर 2019 तक रामगढ़ में 15 हजार लोगों को पेशन दिया रहा था। वर्तमान सरकार गठन के बाद जनवरी 2020 से अबतक 52 हजार से अधिक लोगों को सर्वजन पेंशन योजना का लाभ मिला
- सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के तहत अबतक रामगढ़ जिला में 33 हजार से अधिक बेटियों को लाभ दिया गया
- साईकिल वितरण योजना से रामगढ़ जिला में 19 हजार से अधिक छात्र-छात्राएं आच्छादित हुए (10 हजार स्टूडेंट को ऊ्ळ किया जा चुका है)
- पशुधन विकास योजना से दो वर्ष में 734 लाभुकों को लाभ मिला
- रामगढ़ में 17 धुमकुड़िया हाउस का निर्माण कार्य जारी है। कुल 20 सरना/मसना स्थल का निर्माण हो रहा है
- विगत तीन वर्ष में 241 लोगों ने रोजगार सृजन योजना का लाभ लिया है
- विगत दो वर्ष में करीब 1500 एकड़ भूमि पर बिरसा हरित ग्राम योजना के तहत पौधारोपण हुआ

एक नजर

निगम के तीन वार्डों में 52 आवेदनों का ऑन स्पॉट निपटारा



रांची। आपकी योजना-आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत शनिवार को रांची नगर निगम की ओर से तीन वार्डों में शिविर लगाया गया। इनमें वार्ड नंबर 51, 52 और 53 में कुल 52 आवेदनों का निपटारा ऑन स्पॉट किया गया। इसके अलावा तीनों वार्ड में जरूरतमंदों के बीच कुल 310 कंबल का वितरण भी किया गया। अपर प्रशासक कुंवर सिंह पाहन ने बताया कि शिविर में होल्डिंग, ट्रेड, जन्म-मृत्यु निबंधन, जल कर भुगतान, प्रधानमंत्री आवास योजना के लिए आवेदन लिया गया। सभी शहरवासी निगम स्तर के सेवाओं का लाभ इन शिविरों में आ कर ले सकते हैं।

कांग्रेस अध्यक्ष ने गरीबों के बीच कंबल बांटे

रांची। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने रांची स्थित पार्टी कार्यालय में शनिवार को गरीब लोगों के बीच कंबल का वितरण किया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस का हाथ गरीबों के साथ हमेशा रहा है। महागठबंधन सरकार भी ह्यआपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वारह्व कार्यक्रम के तहत राज्य के गरीब जरूरतमंदों के बीच कंबल बांटती रही है। कांग्रेस पार्टी के नेता भी ठंड को देखते हुए लोगों के बीच कंबल बांटते रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह कंबल कांग्रेस नेता सह समाजसेवी अजय जैन गंगवाल ने पिता कन्हैयालाल जैन गंगवाल की पुण्यस्मृति पर दिया। इसे गरीब लोगों के बीच बांटा गया।

झारखंड में तीन साल से एक ही जगह पर कार्यरत पुलिस अधिकारियों का करें तबादला

रांची। भारत चुनाव आयोग (ईसीआई) ने 2024 में होने वाले लोकसभा चुनाव की तैयारियों में जुट गयी है। चुनाव से पहले ईसीआई ने मुख्य सचिव एल ख्यांगते को पत्र लिखकर तीन साल से एक ही जगह जमे एडीजी से सब इंस्पेक्टर रैंक के अधिकारियों का तबादला करने को कहा है। इलेक्शन कमीशन ने मुख्य सचिव को लिखे पत्र में कहा है कि वैसे अधिकारी जिनका कार्यकाल 30 जून तक किसी भी जिले में तीन साल की अवधि का हो गया है, तो उनको हटाया जाये। आयोग ने जिन अधिकारियों के तबादले का निर्देश दिया है, उसमें एडीजी, आईजी, जैप, आईआरबी और एसआईआरबी के कमांडेंट, अलग-अलग जिलों में तैनात एसपी, एसएसपी, एएसपी, डीएसपी, इंस्पेक्टर, सब इंस्पेक्टर, सार्जेंट मेजर, इस रैंक के समकक्ष पदाधिकारी और स्पेशल ब्रांच में तैनात अधिकारी हैं।

झारखंड हाई कोर्ट को साहिबगंज में चाइल्ड ट्रैफिकिंग मामले में एफएसएल ने दी जानकारी

रांची। झारखंड हाई कोर्ट में साहिबगंज में चाइल्ड ट्रैफिकिंग से जुड़े एक मामले में आरोपित कुलदेव साह की दो क्रिमिनल अपील मामले में विधि विज्ञान निदेशालय एवं प्रयोगशाला, रांची ने हाई कोर्ट में जवाब दाखिल किया है। यह रिपोर्ट विधि विज्ञान निदेशालय के डिप्टी डायरेक्टर बृज कुमार ठाकुर ने दायर किया है। उन्होंने बताया है कि कोर्ट ने आठ नवंबर को विधि विज्ञान निदेशालय से बरामद बच्चे एवं उसके पिता की डीएनए रिपोर्ट मांगी थी। डीएनए रिपोर्ट में बरामद बच्चे और उसके तथा पिता की डीएनए मैच नहीं हुआ है, जिससे यह निष्कर्ष निकलता है कि बरामद लड़का पीड़ित पिता का बायोलॉजिकल पुत्र नहीं है। पिछली सुनवाई में साहिबगंज एसपी नौशाद आलम ने हाई कोर्ट में शपथ पत्र दाखिल कर डीएनए टेस्ट को एक जटिल प्रक्रिया बताते हुए कोर्ट से समय की मांग की थी। मामले की सुनवाई जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद की अध्यक्षता वाली खंडपीठ कर रही है। खंडपीठ ने पिछले सुनवाई में दो गुमशुदा बच्चों में से बरामद किए गए एक बच्चे के डीएनए टेस्ट की रिपोर्ट डायरेक्टर फॉरेंसिक साइंस लेबोरेटरी रांची मांगी थी। उल्लेखनीय है कि कुलदेव साह व वीरेंन साह के खिलाफ परिवादी एम हेंब्रम ने साहिबगंज कोर्ट में अपने बेटे की चाइल्ड ट्रैफिकिंग करने को लेकर कंप्लेन केस संख्या 148/2022 दर्ज कराई थी। उनका बच्चा वर्ष 2018 से लापता है।

झारखंड हाई कोर्ट में पूर्व आईपीएस अरुण उरांव ने दायर की जनहित याचिका दायर

रांची। झारखंड हाई कोर्ट में भाजपा के राष्ट्रीय नेता और पूर्व आईपीएस अरुण उरांव ने शनिवार को जनहित याचिका दाखिल की है। उन्होंने अधिवक्ता अभय मिश्रा के माध्यम से हाई कोर्ट में जनहित याचिका दायर कर कहा है कि झारखंड में पिछले कुछ समय से केंद्रीय एजेंसी ईडी ने कई बड़ी कार्रवाई की है। इस कार्रवाई में मनी लॉन्ड्रिंग के कई मामले सामने आए हैं। जनहित याचिका में कहा गया है कि ईडी ने अपनी जांच के दौरान राज्य सरकार के कई अफसरों के ऊपर कार्रवाई की भी अनुशंसा की लेकिन सरकार की ओर से कोई कठोर कार्रवाई नहीं की गई। इसलिए मनी लॉन्ड्रिंग के आरोपितों के खिलाफ राज्य सरकार को भी कार्रवाई करने का निर्देश दिया जाना चाहिए।

राज्य सरकार छोटे कारोबारियों को जागरूक करने के लिए देगी प्रशिक्षण

रांची। नगर विकास एवं आवास विभाग राज्य के फुटपाथ पर कारोबार कर रोजी-रोटी कमाने वालों को उनके लिए बने कानूनों की जानकारी दी जायेगी। नगरीय प्रशासन निदेशालय इस काम में एजेंसियों, एनजीओ और कंपनियों की मदद लेगा।

निदेशालय के मुताबिक पथ विक्रेताओं के लिए वित्तीय वर्ष 2023-24 तथा 2024-25 में दिन-एनयूएलएम के एसयूएसवी घटक के अंतर्गत प्रशिक्षण कार्यक्रम तय किया गया है। यह दो दिवसीय प्रशिक्षण गैर आवासीय उन्मुखीकरण सह प्रशिक्षण कार्यक्रम होगा। राज्य के 49 नगर निकायों के पथ विक्रेताओं को इसका लाभ मिलेगा। ये ऐसे लोग हैं जो फुटपाथ पर फल, सब्जी, अंडा, मांस, मछली, खाने-पीने (भुंजा, सौंदर्य सामग्री), स्टेशनरी, बांस से बनी सामग्री, मिट्टी से बने बर्तन, कपड़े इत्यादि की बिक्री करते हैं। ऊन से बनी सामग्री, रूई से बनी तोशक, रजाई, तिरपाल, प्लास्टिक और इससे बनी सामग्रियां भी बेचने का काम करते हैं। दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के जरिये पथ विक्रेताओं को उनसे संबंधित नीतियां, कानूनी अधिकार, दायित्व, खाद्य सुरक्षा, स्वच्छता एवं स्वास्थ्य बनाए रखने, अपशिष्ट निपटान आदि से संबंधित जानकारी मिलेगी। उनकी जागरुकता ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रम से बढ़ेगी।

नगरीय प्रशासन निदेशालय के अनुसार पथ विक्रेताओं के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम के संचालन के लिए फर्मों, कंपनी, एजेंसियों, एनजीओ की मदद ली जानी है। वेबसाइट से इस संबंध में जानकारी ली जा सकती है। इच्छुक एजेंसियां, फर्म इसकी मदद से 12 जनवरी, 2024 तक संबंधित दस्तावेजों को निदेशालय के स्मार्ट सिटी कैंपस धुर्वा स्थित जुपमी भवन के पते पर भेज सकते हैं।

हाई कोर्ट में ईडी के साक्ष्य पर आरोपितों पर एफआईआर दर्ज करने को लेकर पीआईएल

रांची। झारखंड हाई कोर्ट में मनी लॉन्ड्रिंग मामले में आरोपितों के खिलाफ ईडी के दिए साक्ष्य के साथ राज्य सरकार को सूचना उपलब्ध कराने के बावजूद आरोपितों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज नहीं होने के खिलाफ रिटायर्ड आईपीएस अरुण कुमार उरांव ने शनिवार को जनहित याचिका दाखिल की है।

याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता अभय कुमार मिश्रा ने यह जनहित याचिका दाखिल की है। इसमें कहा गया है कि सेक्शन 66 (2) ऑफ प्रिवेंशन ऑफ मनी लांड्रिंग एक्ट 2002 के तहत प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा राज्य सरकार को आरोपियों के खिलाफ साक्ष्य एवं सूचना उपलब्ध करायी जाती है लेकिन राज्य सरकार इस पर कोई एक्शन नहीं लेती है। मनी लॉन्ड्रिंग करनेवाले भ्रष्ट अधिकारियों एवं अन्य आरोपितों के खिलाफ झारखंड सरकार को साक्ष्य एवं सूचना मिलने के बाद भी कोई प्राथमिकी दर्ज नहीं की जा रही है। राजीव अरुण एक्का, प्रेम प्रकाश आदि आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई से सरकार बचती है।

ईडी के साक्ष्य एवं सूचनाओं के बाद भी आरोपितों की फाइल को सरकार के अधिकारी दबा कर बैठ जाते हैं।याचिकाकर्ता ने कहा है कि निलंबित चीफ इंजीनियर वीरेंद्र राम की 36 फेक सेल डीड पकड़ी गई, उनकी कई संपत्तियों को ईडी ने अटैच किया। इसके बाद भी पीसी एक्ट के तहत प्राथमिकी दर्ज नहीं की गयी।याचिका में कहा गया है कि ऐसे भ्रष्ट अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई को लेकर प्रार्थी ने राज्य के मुख्य सचिव के पास 11 अक्टूबर को अभ्यावेदन दिया था लेकिन उस पर कोई कार्रवाई नहीं हुई है।

टेट पास सहायक अध्यापक 26 को करेंगे मुख्यमंत्री आवास घेराव

रांची। टेट सफल सहायक अध्यापक समन्वय समिति के प्रदेश संरक्षक प्रमोद कुमार ने कहा कि टेट पास सहायक अध्यापक 26 दिसम्बर को मुख्यमंत्री आवास का घेराव करेंगे। उन्होंने शनिवार को कहा कि राजभवन के समीप पिछले 124 दिनों से अनिश्चित कालीन धरना दे रहे है। उन्होंने कहा कि सरकार के तरफ से सिर्फ आश्वासन आश्वासन ही मिल रहा है। अगर 25 दिसम्बर तक वेतनमान सरकार नहीं देगी और टेट पास पारा शिक्षकों के कल्याण के लिए मुख्यमंत्री फैसला नहीं लेते है तो 26 दिसम्बर को मुख्यमंत्री आवास का घेराव किया जाएगा।

हेमंत सोरेन बीते 2019 के विधानसभा चुनाव में विभिन्न मंचों से घोषणा की थी कि उनकी सरकार राज्य में बनती है तो तीन माह के अंदर में पारा शिक्षकों को वेतनमान दिया जायेगा। लेकिन अबतक ऐसा नहीं हुआ। उन्होंने कहा कि 26 दिसम्बर को मुख्यमंत्री आवास घेराव का नेतृत्व दशरथ ठाकुर, मिथलेश उपाध्याय, मोहन मण्डल सहित अन्य करेंगे।

शराब घोटाला मामले में ईडी के चार्जशीट पर कोर्ट ने लिया संज्ञान

रांची। झारखंड शराब घोटाला से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में ईडी के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत में शनिवार को सुनवाई हुई। इस दौरान कोर्ट ने ईडी की ओर से दाखिल चार्जशीट पर संज्ञान लिया। अदालत ने अगली सुनवाई की तिथि आठ जनवरी, 2024 निर्धारित की है। रांची ईडी की टीम ने 16 दिसंबर को कोर्ट में चार्जशीट दाखिल की थी। इसमें ईडी ने शराब कारोबारी योगेंद्र तिवारी के अलावा शराब का टेंडर मैनेज कर अवैध कमाई करने वाले लोगों की भी जानकारी दी है। साथ ही किस-किस को कितना हिस्सा मिलता था और किसकी क्या भूमिका थी, यह भी जानकारी भी दी थी। इसमें शराब के कारोबार करने वाली 10 कंपनियों का भी नाम का उल्लेख किया गया है।

झारखंड के रेल यात्रियों के लिए सौगात भरा रहा वर्ष 2023

कई ट्रेनों की मिली सौगात, कई का विस्तार

रांची, 23 दिसंबर (हि.स.)। राज्य के लिए ऐसे तो कई मायनों में साल 2023 बेहद खास रहा लेकिन रेलवे यात्रियों के लिए अधिक सौगात लेकर आया। एक ओर रेलवे ने अलग-अलग समय में रांची हटिया से चलने वाली अलग-अलग ट्रेनों के परिचालन का अवधि विस्तार किया तो दूसरी ओर पटना, हावड़ा समेत अन्य स्थानों के लिए वंदे भारत एक्सप्रेस की भी खुशी राज्यवासियों को मिली। हालांकि, समय-समय पर अलग-अलग स्थानों के ट्रेनों का परिचालन बाधित होने से राज्यवासियों को कुछ परेशानी का भी सामना करना पड़ा लेकिन नयी ट्रेनों के परिचालन से लोगों को सहूलियत भी हुई।

ये ट्रेनें मिली राज्य को सौगात के रूप में

-रांची-पटना को वंदे भारत एक्सप्रेस के शुरू होने से रांची से पटना की दूरी 7 घंटे 55 मिनट में पूरी हो रही है। ऐसे में रांची और पटना दोनों ही जगह के यात्रियों को इस ट्रेन से राहत मिली।

-रांची से हावड़ा बंदे भारत एक्सप्रेस रेलवे यात्रियों के लिए एक और सौगात बनकर आयी। ट्रेन का परिचालन दोनों तरफ से है, जहां लगभग सात घंटे में ट्रेन अपनी यात्रा पूरी करती है।

-रांची से न्यू गिरिडीह के बीच इंटरसिटी ट्रेन का परिचालन शुरू हुआ। ये ट्रेन विस्टाडोम कोच वाली राज्य की पहली ट्रेन है। इसके परिचालन के साथ ही रांची से गिरिडीह की दूरी सात घंटे में पूरी हो जायेगी।

-पहली बार नई दिल्ली राजधानी एक्सप्रेस का ठहराव लोहरदगा स्टेशन पर इस साल की गयी। साथ ही सौदाग स्टेशन पर अंडरपास का निर्माण कर इसे लोगों को समर्पित किया गया।

-रांची रेल मंडल के अधीन रांची रेलवे स्टेशन, हटिया रेलवे स्टेशन समेत अन्य 14 रेलवे स्टेशनों का रेनोवेशन इस साल किया गया। हालांकि, कार्य जारी है लेकिन जैसे-जैसे कार्य होता गया लोगों को ये समर्पित किया गया।

इस संबंध में सीनियर डीसीएम निशांत कुमार ने बताया कि राजधानी वासियों को साल 2023 कई मायनों में महत्वपूर्ण भरा रहा। इस साल कई नयी ट्रेनों का परिचालन हुआ। स्टेशनों का पुनरुद्धार किया गया। अमृत योजना के तहत रांची, हटिया समेत अन्य स्टेशनों का पुनरुद्धार करते हुए नयी व्यवस्थाएं शामिल की गयी।साल 2024 की बात करें तो जितने भी स्टेशनों में अमृत योजना के तहत काम जारी है, वो पूरा हो जायेगा।इसके बाद यात्रियों की सुविधाएं और भी सरल हो जायेगी। इतना ही नहीं, नयी ट्रेनें भी संभावित रूप से चलेगी

रंजीत सिंह कोहली और कौशल रानी ने हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाया

रांची। झारखंड हाई कोर्ट में नेशनल राइफल शूटर तारा शाहदेव के धर्म परिवर्तन, यौन उत्पीड़न व दहेज प्रताड़ना से संबंधित मामले में सजायाफ्ता रंजीत सिंह कोहली उर्फ रकीबुल एवं उसकी मां कौशल रानी ने सीबीआई कोर्ट द्वारा सुनाए गए सजा को अपील दायर कर चुनौती दी है।

सीबीआई कोर्ट ने रंजीत कोहली को अंतिम सांस तक जेल में रहने की सजा दी थी। साथ ही उसकी मां कौशल रानी को 10 साल की सजा सुनाई थी। सीबीआई की के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की कोर्ट ने यह फैसला सुनाया था। सजा के खिलाफ अपील में रंजीत कोहली की ओर से कहा गया है कि वह शादीशुदा था। ऐसे में उस पर आईपीसी की धारा 376 (2एन) नहीं लग सकता है। कोहली की मां कौशल रानी की ओर से अपील में कहा गया है कि उन्हें आईपीसी की धारा 120 बी सह पठित धारा 376(2एन) में सजा दी गई है। जब उनपर धारा 376 (2एन) का मुख्य मामला ही नहीं बनता है तो 120 बी यानी षड्यंत्र का मामला भी नहीं बन सकता है। इन दोनों ने अपील दायर कर खुद को सजा मुक्त करने का आग्रह हाईकोर्ट से किया है।

इस हाई प्रोफाइल मामले में सीबीआई कोर्ट ने मुख्य आरोपित रंजीत सिंह कोहली उर्फ रकीबुल, उसकी मां कौशल रानी एवं मुश्ताक अहमद को दोषी ठहराते हुए सजा सुनाई थी। मामले में सीबीआई की ओर से 26 गवाह प्रस्तुत किया गया था। बचाव पक्ष की ओर से चार गवाह प्रस्तुत किया गया था।

उल्लेखनीय है कि मामले में मुख्य आरोपित रंजीत सिंह कोहली उर्फ रकीबुल के अलावा हाई कोर्ट का पूर्व रजिस्ट्रार (विजिलेंस) बर्खास्त मुश्ताक अहमद एवं कोहली की मां कौशल रानी ट्रायल फेस कर रहे हैं। इन तीनों के खिलाफ दो जुलाई, 2018 को आरोप गठित किया गया था। सीबीआई ने वर्ष 2015 में केस को अपने हाथों में लिया था। रंजीत कोहली एवं तारा शाहदेव की शादी 7 जुलाई, 2014 को हुई थी लेकिन शादी के कुछ माह बाद उसे धर्म परिवर्तन करने के लिए प्रताड़ित किया गया।

झारखंड में ठंड का प्रकोप, रिम्स में बढ़ने लगी मरीजों की संख्या, ओपीडी में भीड़

ऑक्सीजन को लेकर राज्य के अस्पतालों में अलर्ट भी जारी

नवप्रदेश ब्यूरो

रांची। ठंड ने अपना प्रकोप बरपाना शुरू कर दिया है। इस बीच इस सीजन में बीमारियों का खतरा भी बढ़ने लगा है। ठंड के शुरू होते ही भारी संख्या में अपनी-अपनी समस्या लेकर मरीज अस्पतालों की ओर रूख कर रहे है। राज्य के सबसे बड़े अस्पताल रिम्स में मरीजों की संख्या लगातार बढ़ने लगी है। यहां ब्रेन स्टॉक और फेफड़े के इन्फेक्शन के मरीज लगातार बड़ी संख्या में पहुंच रहे है। खासकर सांस से संबंधित अस्थमा और सीओपीडी के मरीज काफी परेशान है।वहीं दूसरी ओर दूसरी तरफ चाइनीज निमोनिया और कोरोना का खतरा भी लोगों के सिर पर मंडराने लगा है कोरोना के नए वैरिएंट ने लोगों की चिंता तो बढ़ाई है इस सब के बीच अब कोरोना को लेकर राज्य में स्वास्थ्य विभाग भी सतर्क हो गई है। हालांकि इन सबके राज्य के कुछ डॉक्टरों ने ठंड के इस मौसम में बच्चे और बुजुर्गों का विशेष ख्याल रखने की अपील दी है।

आईसीयू में भर्ती होने तक की आ जाती है नौबत : डॉ ब्रजेश मिश्रा

छाती रोग विशेषज्ञ डॉ ब्रजेश मिश्रा ने कहा है कि जिनकी बुजुर्गों की उम्र 65-70 साल से अधिक है। उन्हें ठंड में ज्यादा परेशानियों का सामना करना पड़ता है। ऐसे में अघर उन्हें दो या तीन दिनों से अधिक समय तक परेशानी हो रही है तो वे चिकित्सीय सलाह लेकर दवा लें और आराम करें। उन्होंने कहा कि अधिक उम्र होने की वजह से कभी-कभी सांस फूलने लगता है ऐसे वक्त में आईसीयू में भर्ती होने तक की नौबत आ जाती है अगर ऐसी स्थिति सामने आ रही हो तो इसे इग्नोर बिल्कुल भी न करें बल्कि अपने निकतम अस्पताल जाकर चिकित्सक से मिले और उनसे अपने समस्या से संबंधित जरूरी सलाह लें। डॉ ब्रजेश मिश्रा ने कहा कि अस्थमा सीओपीडी के लोगों को इस सीजन में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। इस मौसम में नाक से पानी आना, छिंक आना ये आम बात है लेकिन ये सभी सिटम्स बढ़ धीरे धीरे बढ़ जाते हैं। ऐसे में बुजुर्गों को एहतियात बरतने की अधिक जरूरत होती है. क्योंकि एक ही साथ उनकी बहुत सारी दवाईयां चलती है। ऐसे में वे अपना खास ख्याल रखें।

5 साल से कम उम्र के बच्चों में पाया जा रहा चाइनीज निमोनिया

वहीं छाती रोग डॉक्टर अनुपा शिल्पी खलखो ने कहा कि निमोनिया एक प्रकार से छाती का इंफेक्शन है जहां छाती की श्वास, जिसमें नालियां और थैलियां होती है उसमें सूजन आ जाता है जिसकी वजह से जहां हवा होनी चाहिए होती है वहां पानी भर जाता है तो ऐसे में वह निमोनिया होता है उन्होंने कहा कि निमोनिया के कई (बैक्टेरिया, वायरल) कारण होते है। जबकि इन दिनों जो चाइनीज निमोनिया सामने आया है वह पांच साल से कम उम्र के छोटे बच्चों में बहुत ज्यादा पाया जा रहा है। उसने कहा कि यह इस कदर अपना पांव पसार रहा है कि इसके लिए एतियात बरतने के लिए देश और हमारे प्रांत को काफी जागरूक रहने की आवश्यकता है। इसके लक्षण में बच्चों को तेज बुखार आना, खांसी आना, सांस लेने पर आवाज आना, सांस लेने में समस्या उत्पन्न होना, कमजोरी महसूस होना, खाने-पीने में दिक्कतें आदि है। अगर बच्चों में ऐसा कुछ भी लक्षण दिखाई दे रहा है तो इसे नजरअंदाज न करें बल्कि अपने पास के अस्पताल में तुरंत जाए और डॉक्टर से मिलकर सलाह लें. और अगर ऑक्सीजन कम हो रहा है या बच्चा नीला पड़ रहा है, कमजोरी आ रहा और खाना नहीं खा पा रहा है तो ऐसे समय में डॉक्टर की सलाह पर बच्चे को इलाज के लिए एडमिट जरूर कराएं। हालांकि ऑक्सीजन को लेकर राज्य के अस्पतालों में अलर्ट भी जारी किया गया है कि सारे अस्पताल ऑक्सीजन और बेड तैयार रखें।

एक नजर

पुलिस ने अपहरण कर हत्या करने के दो आरोपितों के घर चिपकाया इश्तेहार

रांची। रांची के पंडरा ओपी पुलिस ने रोशन कुमार की अपहरण कर हत्या करने के दो आरोपितों के घर पुलिस ने शनिवार को इश्तेहार चिपकाया है। कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोए के नेतृत्व में पंडरा ओपी की पुलिस की टीम ने राहुल दयाल के टेंडर ग्राम स्थित आवास और पंडरा आईटीआई बस स्टैंड के समीप बिन्नी दयाल के घर पहुंचे और इश्तेहार चिपकाया है। उल्लेखनीय है कि 25 अप्रैल 2018 में पंडरा ओपी क्षेत्र के हेसल जतरा टांड़ के फागू कुजूर के पुत्र रोशन कुजूर का अपहरण कर लिया गया था। इसके बाद उसे झिरी टेंडर ग्राम ले जाकर उसकी गोली मार हत्या कर दी गयी थी। साथ ही शव को चौपारण के जंगल में ले जाकर पेट्रोल डाल जला दिया गया था। पुलिस ने एक मई 2018 को शव बरामद किया था।

वी ने पहली बार 3199 पर लाया सालाना प्रीपेड रीचार्ज पैक

रांची: भारत के प्रमुख दूरसंचार सेवा प्रदाता वी अपने प्रीपेड उपभोक्ताओं के लिए पहली बार रु 3199 पर सालाना प्रीपेड रीचार्ज पैक लाया है। इस पैक से उपभोक्ता एमजॉन प्राइम वीडियो सब्सक्रिप्शन का लाभ उठा सकते हैं। यह अनूठी पेशकश वी के प्रीपेड उपभोक्ताओं को कनेक्टिविटी और एंटरटेनमेन्ट का बेजोड़ संयोजन उपलब्ध कराने के लिए डिजाइन की गई है। वी इस श्रेणी में सबसे कम रु 3199 के टैरिफ पर सालाना प्लान में यह ऑफर लाने वाला एकमात्र टेलीकॉम प्लेयर है। टाज की डिजिटल जीवनशैली को ध्यान में रखते हुए लाया गया वी का रु 3199 का रीचार्ज पैक अनलिमिटेड कॉल्स, 2 जीबी डेटा रोजाना और एक साल के लिए एमजॉन प्राइम वीडियो मोबाइल एडीशन का सब्सक्रिप्शन देता है। यह एक्सक्लुजिव ओटीटी सुनिश्चित करता है कि उपभेक्ता जब चाहें अपनी पसंद के एंटरटेनमेन्ट- नई फिल्मों, टीवी शोज और एमजॉन ओरिजिनल्स का आनंद उठा सकें। इस रीचार्ज पैक के अन्य फीचर्स में शामिल हैं अनलिमिटेड नेशनल कॉल्स, 100 एसएमएस का डेली कोटा, वीकेंड डेटा रोलओवर, रात 12 बजे से सुबह 6 बजे तक बिंज फ्री। तो अब वी के उपभोक्ता बिना किसी रूकावट के बातचीत और मैसेजिंग के फायदे पा सकते हैं। इस लॉन्च ने मौजूदा ओटीटी पोटफोलियो को और अधिक सशक्त बना दिया है।

वीर बाल दिवस पर ऑनलाइन प्रतियोगिता 26 को

रांची। 26 दिसंबर सिख इतिहास में बहुत महत्व रखता है। क्योंकि, यह 10वें गुरु श्री गुरु गोबिंद सिंह के दो सबसे छोटे पुत्रों 'छोटे साहिबजादों' की वीरता कि याद दिलाता है। गुरु गोबिंद सिंह के संतान साहिबजादा जोरवार सिंह एवं साहिबजादा फतेह सिंह ने 26 दिसंबर, 1705 को अल्पायु नौ वर्ष एवं छह वर्ष में ही महान बलिदान दिया था। उन्हें श्रद्धांजलि देते हुए भारत सरकार ने इस दिन को 'वीर बाल दिवस' के रूप में मनाने का निर्णय लिया है। वीर बाल दिवस के संदर्भ में राज्य शिक्षा परियोजना ने सभी जिलों को पत्र जारी किया है। पत्र में शीतलहरी के बढ़ते प्रभाव को देखते हुए 26 से 31 दिसंबर तक राज्य में सभी स्कूलों को बंद रखने के स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, झारखंड सरकार की ओर से विगत 21 दिसंबर को जारी आदेश को देखते हुए स्कूलों को ऑनलाइन कार्यक्रम आयोजित कराने निर्देश दिया गया है। पत्र में कहा गया है कि स्कूल इस दिन साहिबजादा जोरवार सिंह एवं साहिबजादा फतेह सिंह से संबंधित ऑनलाइन कविता, निबंध, पेंटिंग आदि रोचक प्रतियोगिताएं आयोजित करवाए।

पुलिस ने चलाया ड्रिंक एंड ड्राइव चेकिंग अभियान

रांची। राजधानी रांची के ट्रैफिक पुलिस ने शुक्रवार देर रात ड्रिंक एंड ड्राइव चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान ट्रैफिक पुलिस की ओर से सुजाता चौक, बिरसा चौक, सर्कुलर रोड, लालपुर चौक और रातू रोड के न्यू मार्केट चौक पर चले अभियान में 14 से अधिक वाहन चालक शराब के नशे में पकड़ में आए। इनमें दो पहिया और चार पहिया वाहन शामिल थे। ट्रैफिक एसपी कुमार गौरव के निर्देश पर तीन घंटे से अधिक समय तक अभियान चलाया गया। इस दौरान उक्त मार्ग से होकर गुजरने वाले वाहनों के चालक और सवार की ब्रेथ एनालाइजर मशीन से जांच की गई।एसपी ने शराब पीकर दो पहिया और चार पहिया वाहन नहीं चलाने का आह्वान शहरवासियों से किया है। एसपी ने कहा कि नशे की स्थिति में गाड़ी चलाने से हादसे होते हैं और कई परिवार इस वजह से आहत होते है।उन्होंने सभी वाहन चालकों से अपील की है कि शराब पीकर वाहन नहीं चलायें, शराब पीकर वाहन चलाते पकड़े जाने पर ट्रैफिक पुलिस वाहन जब्त करते हुए न्यायालय में अभियोजन समर्पित करेगी।

चोरी का खुलासा, पांच गिरफ्तार





रांची। रांची के पिठौरिया थाना पुलिस ने चोरी का खुलासा करते हुए एक गिरोह के पांच चोर को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार चोरों में मो फैजान आलम, मो साद, मोहित कुमार राम, पकंज इन्दुआर और शेख अनवर शामिल है। इनके पास से एक आई 20 कार, एक लैपटॉप, एक प्लसर एनएस 200 बाइक, पर्श, आधार कार्ड, पैन कार्ड, मोबाईल फोन तीन पीस, चोरी का करीब दो लाख रुपया और सोने एवं चांदी के विभिन्न जेवरात बरामद किये गये है। ग्रामीण एसपी मनीष टोप्पो ने संवाददाता सम्मेलन में बताया कि 13 दिसम्बर को पिठौरिया के केलाबागान और ओएना के पास दिन में ही घर का ताला तोड़कर जेवरात एवं अन्य सामानों की चोरी की गयी थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए सदर पश्चिमी अंचल इंस्पेक्टर राजकुमार यादव के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए चोरी की घटना में शामिल लोगों को पकड़ा गया। गिरफ्तार आरोपितों ने पूछताछ के क्रम में पिठौरिया थाना क्षेत्र के अलावे अनगड़ा थाना, एयरपोर्ट थाना, जगरनाथपुर थाना, बीआईटी मेसरा ओपी, लोअर बाजार थाना सहित अन्य थाना क्षेत्रों में भी चोरी करने की बात स्वीकार की है। गिरफ्तार आरोपितों ने बताया कि चोरी के सामान को बेचकर इनके जरिये कार, बाइक, लैपटॉप सहित अन्य सामान खरीदा गया है, सभी सामानों को भी विभिन्न स्थानों से बरामद किया गया।

जगन्नाथ मंदिर की नई समिति को राशि खर्च करने की नहीं मिली अनुमति

याचिका खारिज, अदालत ने कहा- रांची डीसी से राशि के लिए समिति करें आग्रह

हाईकोर्ट ने पूर्व में नई न्यास समिति का वित्तीय अधिकार किया है जब्त

नवप्रदेश ब्यूरो

रांची। झारखंड हाईकोर्ट के जस्टिस डॉ. एसएन पाठक की अदालत में जगन्नाथ मंदिर की नई न्यास समिति की ओर स्थापना दिवस पर राशि खर्च करने की अनुमति प्रदान करने की मांग वाली याचिका पर सुनवाई हुई।सुनवाई के बाद अदालत ने समिति को इसकी अनुमति नहीं दी और याचिका खारिज कर दी। समिति ने हाईकोर्ट से अपने पूर्व के आदेश में संशोधन कर मंदिर के स्थापना दिवस के लिए राशि खर्च करने की अनुमति देने का आग्रह किया था। अदालत ने समिति को उपायुक्त से इसके लिए राशि जारी करने का आग्रह करने का निर्देश दिया। अदालत ने न्यास समिति को मंदिर के स्थापना दिवस के लिए किए गए चंदे का ब्योरा भी उपायुक्त को देने का निर्देश दिया है।इस मामले में अगली सुनवाई 11 जनवरी को होगी। नई न्यास समिति ने अदालत में याचिका दायर कर कहा था कि 25 दिसंबर को मंदिर का स्थापना दिवस है। इसके लिए पैसे की जरूरत होगी। समिति को पैसे खर्च करने की अनुमति दी जाए। इस पर कोर्ट ने अनुमति नहीं दी।हाईकोर्ट ने नई न्यास समिति के वित्तीय अधिकार को जब्त करते हुए रांची के उपायुक्त को वित्तीय कार्य के लिए अधिकृत किया है।मंदिर न्यास समिति की पुरानी कमेटी के चंद्रकांत रायपत की याचिका पर सुनवाई के दौरान अदालत ने यह निर्देश दिया है। पुरानी कमेटी की ओर से अधिवक्ता रवि कुमार सिंह ने पक्ष रखा।

अंबेडकर आवास योजना में लाभुकों को आवास स्वीकृति का निर्देश

रांची। ग्रामीण विकास विभाग के सचिव चंद्रशेखर ने बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर आवास योजना से शत-प्रतिशत आवास की स्वीकृति देने का निर्देश जिले के अधिकारियों को दिया है। इस योजना से राज्य में अभी भी 144 लाभुकों के आवास की स्वीकृति नहीं मिल पायी है। इसमें साहेबगंज में 66, बोकारो में 30, पलामू में 21 एवं गढ़वा जिला में 11 लाभुकों की आवास योजना की स्वीकृति अभी तक नहीं दी गयी है। इस संबंध में ग्रामीण विकास सचिव ने एक सप्ताह के अंदर लक्ष्य तय करते हुए सभी जिलों में शत-प्रतिशत लाभुकों को आवास की स्वीकृति प्रदान करने को कहा है। आवास योजना की मंजूरी मिलने के साथ ही अविलंब इसके निर्माण कार्य को भी शुरू करने को कहा गया है, ताकि लाभुकों को समय पर आवास मिल सके।

वैकुंठ एकादशी पर भक्तों ने बैकुंठ द्वार से किया प्रवेश

नव प्रदेश संवाददाता

रांची : वैकुंठ एकादशी को मुक्तिदा अथवा मूक्कोटी एकादशी भी कहते हैं। मुक्कोटी का अर्थ है 33 कोटि। यह माना जाता है कि इस दिन भगवान ब्रह्मा अपने तैतीस कोटि देवी देवताओं के साथ अरुणोदय काल के समय भगवान श्रीमन्नारायण श्रीवेंकटेश्वर के दर्शन के लिए आते हैं। श्रीलक्ष्मी वेंकटेश्वर मंदिर में धनुर्मास -श्रीगोदा- रंगनाथ व्रत के अंतर्गत बैकुंठोत्सव में चार दिवसीय सहस्त्रनाम अर्चना अनुष्ठान के तीसरे दिन 23 दिसम्बर शनिवार को वैकुंठ एकादशी तिथि में चारों पाली की आयोजित अनुष्ठान में सैकड़ों यजमान -परिवार सहित सहभागिता निभायी। इसके पूर्व प्रातः ब्रह्म मुहूर्त में 4:30 बजे भगवान का विश्वरूप दर्शन , सुप्रभातम आदि के पश्चात् पाञ्चरात्र आगम विधि से नित्याराधन कर महाभिषेक हुआ। दूध दही हल्दी चंदन नारियल पानी ,गंगाजल शहद आदि से भगवान का हुआ अभिषेक। भगवान का रजनीगंधा और गुलाब के पुष्प मालाओं से हुआ भव्य श्रृंगार। इसके बाद भोग, महा आरती, स्तुति आदि कराकर भक्तों के बीच फलाहारी साँवा दाना का खीर प्रसाद वितरण हुआ। प्रातः 8:00 से प्रथम पाली की अर्चना सभी यजमानों के नाम गोत्र से संकल्प कराकर शुभारंभ किया। चारों पाली की अर्चना रात्रि 7:00 बजे तक संपन्न हुआ। इसके पश्चात तिरु आराधना,भोग स्तुति और शयन आरती के बाद आज के अनुष्ठान को संपन्न कराया। आज के महाभिषेक के यजमान श्री आनंद प्रकाश पत्नी राधिका अग्रवाल फलाहार महाप्रसाद निकेत चौधरी जबकि दिन भर का भोग निवेदन किया आशीष- अश्विका अग्रवाल एवं मनोज -सुलक्षणा तिवारी ने।

बिहार ले जा रहे अवैध विदेशी शराब जब्त, एक गिरफ्तार

रांची। चुटिया थाना पुलिस ने बिहार ले जा रहे होंडा सिटी कार से अवैध विदेशी शराब को जब्त किया किया है। बरामद शराब अलग-अलग ब्रांड ओल्ड मोंक ट्रिपल एक्स रम, ब्लैक हॉर्स व्हिस्की का कुल 200 लीटर जब्त किया गया है। साथ ही मामले में सुरज कुमार वर्मा को गिरफ्तार किया गया है। सिटी एसपी राजकुमार मेहता ने शनिवार को बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि अवैध रुप से विदेशी शराब लोड कर कार में बिहार ले जाया जा रहा है। सूचना के बाद थाना प्रभारी वेंकटेश कुमार के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। टीम ने होंडा सिटी कार को सुजाता चौक पर रुकने का इशारा किया। इसके बाद वह कार घुमाकर भागने लगा। कार में दो लोग सवार थे। दोनों सिरमटोली रोड स्थित ब्लाइंड स्कूल के पास कार छोड़कर भागने लगे। इस दौरान एक व्यक्ति पकड़ा गया और एक भागने में सफल रहा। कड़ाई से पूछताछ करने पर उसने फरार व्यक्ति का नाम राहुल बताया। उसकी तलाश की जा रही है।

राज्य सरकार के चार साल को सत्ता पक्ष ने उपलब्धियों भरा और विपक्ष ने हर मोर्चे पर नाकाम बताया

कोरोना के बाद विकास की गति देख विपक्ष में बेचैनी : चम्पई सोरेन

रांची। राज्य सरकार 29 दिसंबर को चार साल पूरा करने जा रही है। सत्ता पक्ष जहां मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में चल रही सरकार के चार साल को उपलब्धियों भरा बता रहे हैं, वहीं विपक्ष हर मोर्चे पर नाकाम बता रही है। भ्रष्टाचार, कानून व्यवस्था और रोजगार जैसे तीन ऐसे मुद्दे रहे जो विगत चार सालों में सबसे ज्यादा सुर्खियों में रहे।

अवैध खनन मामले में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के विधायक प्रतिनिधि पंकज मिश्रा के गिरफ्तार होने के बाद विपक्ष और भी हमलावर होता रहा। ईडी की लगातार छह नोटिस के बाद भी मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के ईडी के समक्ष उपस्थित नहीं होने पर भाजपा सवाल खड़ी करती रही। हालांकि, सत्तापक्ष, विपक्ष के हमले को नाकाम करने में अब तक सफल रहा है। इस संबंध में सत्ता और विपक्ष के नेताओं से बातचीत की गई।

राज्य के आदिवासी कल्याण सह परिवहन मंत्री चंपई सोरेन ने कहा कि विगत चार सालों में दो साल कोरोना की वजह से कामकाज प्रभावित रहा। शेष बचे दो सालों में जिस तरह से काम हुआ उससे विपक्ष के अंदर बेचैनी है। कर्मचारियों को ओल्ड पेंशन स्कीम का लाभ हो या रांची शहर में फ्लाईओवर जैसी सुविधा। ये सभी उपलब्धि हेमंत सरकार की है। 23 वर्षों में 18 साल भाजपा ने यहां शासन चलाया लेकिन राज्य का विकास कितना हो पाया यह सब जानते हैं।

पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने कहा कि चार साल बेमिसाल रहा है। इसे ऐतिहासिक बताते हुए अपनी उपलब्धियां गिनाई। उन्होंने कहा कि राज्य हित में कई ऐतिहासिक फैसले लिए गए। विपक्ष होने के नाते ऐतिहासिक कार्यकाल भी उन्हें विफलता दिख रहा है।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि झारखंड में हेमंत सोरेन की सरकार राज्य में जनता के लिए बोझ बनकर रह गई है और जनता इससे मुक्ति पाने के लिए समय का इंतजार कर रही है।

भाजपा विधायक अमित मंडल ने हेमंत सोरेन सरकार के चार साल के कामकाज को फ्लॉप शो बताते हुए कहा कि भाजपा आरोप पत्र लाने की तैयारी में है। 29 दिसंबर के मौके पर पार्टी सरकार की विफलता को गिनाने का काम करेगी। अमित मंडल ने कहा कि सरकार ने जनता का विश्वास खो दिया है, जिस भरोसे से पांच लाख युवाओं को नौकरी देने का वादा किया गया था उसे पूरा करने के बजाय सरकार ने जनता को धोखा देने का काम किया है।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री इन दिनों आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम के तहत जिलों का दौरा कर रहे हैं, जहां उन्हें वास्तविक स्थिति का पता चल रहा है। गोड्डा दौरे के क्रम में मुख्यमंत्री जब लोगों से योजना के लाभ के बारे में पूछा तो उन्हें वास्तविक स्थिति का पता चल गया। अबुआ आवास योजना इस सरकार का ड्रीम प्रोजेक्ट है लेकिन यह कैसे सीमित समय में कैसे पूरा होगा, यह अनुमान लगाया जा सकता है। कुल मिलाकर आवेदन लेकर जनता को फिर धोखा देने में सरकार जुटी हुई है।

प्रदेश कांग्रेस के 17 प्रवक्ताओं का मनोनयन

रांची। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने शनिवार को 17 सदस्यीय प्रवक्ताओं का मनोनयन किया है। यह मनोनयन अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटि के कार्य समिति के सदस्य और झारखंड प्रभारी अविनाश पांडे के अनुमोदन के बाद किया गया है। कांग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता बनाये गये 17 सदस्यों में आभा सिन्हा, कमल ठाकुर, निरंजन पासवान, श्यामल सिंह, डॉ संजय सिंह, जगदीश साहू, शमशेर आलम, राजेन्द्र दास, शान्तनू मिश्रा, रियाजुल अंसारी, सोनल शांती उर्फ रिंकू तिवारी, खुर्शीद हसन रूमी, जेब्रा खान, डा बिरसा उरांव, शकील अहमद अंसारी, कृत्तिका त्रिपाठी और ऋषिकेश सिंह शामिल हैं।

धनबाद-गोमो से गुजरनेवाली कई ट्रेनें 30 दिसंबर से 16 जनवरी तक रद्द

रांची। दक्षिण मध्य रेलवे के सिकंदराबाद मंडल में हसनपर्ती रोड और उप्पल स्टेशन के बीच तीसरी लाइन की कमिशनिंग के मद्देनजर दोनों स्टेशन पर एनआई कार्य किया जा रहा है। इसके कारण धनबाद और गोमो से होकर गुजरनेवाली कई ट्रेनों को 30 दिसंबर से 16 जनवरी के बीच अलग-अलग तिथियों में रद्द कर दिया गया है। धनबाद से होकर गुजरनेवाली ट्रेन नंबर 12521 बरौनी-एनार्कुलम एक्सप्रेस एक और आठ जनवरी और ट्रेन नंबर 12522 एनार्कुलम-बरौनी एक्सप्रेस पांच और 12 जनवरी, ट्रेन नंबर 07007 सिकंदराबाद-रक्सौल स्पेशल 3 और 10 जनवरी, ट्रेन नंबर 07008 रक्सौल-सिकंदराबाद स्पेशल पांच और 12 जनवरी, ट्रेन नंबर 07051 हैदराबाद-रक्सौल स्पेशल 30 दिसंबर और 13 जनवरी, ट्रेन नंबर 07052 रक्सौल-सिकंदराबाद स्पेशल 2, 9 व 16 जनवरी और गोमो होकर जानेवाली ट्रेन नंबर 03253 पटना-सिकंदराबाद स्पेशल 1, 3, 8 व 10 जनवरी, ट्रेन नंबर 07255 हैदराबाद-पटना स्पेशल 3 व 10 जनवरी, ट्रेन नंबर 07256 सिकंदराबाद-पटना स्पेशल 5 और 12 जनवरी को रद्द रहेगी।

मुख्यमंत्री की पत्नी ने स्वजनों के साथ उठाया पेरवाघाघ जल प्रपात का लुत्फ

बहुत ही मनोहारी है पेरवाघाघ अद्भुत है प्राकृतिक सुंदरता: कल्पना सोरेन

खूंटी (हि.स.)। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के स्वजनों ने शनिवार को प्रसिद्ध पेरवाघाघ में नौका विहार कर यहां के मनोरम प्राकृतिक सौंदर्य का लुत्फ उठाया।

पेरवांघाघ जल प्रपात के सौंदर्य और प्राकृतिक छटा को देखकर मुख्यमंत्री की पत्नी कल्पना सोरेन ने कहा कि प्राकृतिक सौंदर्य का लुत्फ उठाना है, तो लोग यहां जरूर आयें। उन्होंने कहा कि अपने बच्चों तथा दोस्तों के साथ पेरवाघाघ में नौका विहार करना अनोखा अनुभव रहा। कल्पना सोरेन ने कहा कि बहुत दिनों से पेरवाघाघ की मनोरम सुंदरता के बारे में सुनती आ रही थी, आज इसे देखने का मौका मिला। पढ़ाई के बाद छुट्टियों में बच्चों के साथ सुनहरे वातावरण में समय बिताना अच्छा लगा। शहर से दूर वादियों के बीच पेरवाघाघ जलप्रपात एक बहुत ही सुंदर नजारा है।

खूबसूरत वादियों, घने जंगलों और पहाड़ों के बीच स्थित यह पिकनिक स्थल एक आकर्षक आकृति के साथ मनोरम दृश्य बनाती है। छोटी-बड़ी चट्टानों के बीच से होकर दूर तक बहता पानी यहां आए सैलानियों का मन मोह लेता है। लोग अपने घर से कहीं दूर जाकर प्राकृतिक सुंदरता और मनोरम दृश्य के बीच पिकनिक का आनंद लेना अधिक पसंद करते हैं। ऐसे ही पिकनिक स्थलों में से एक है पेरवाघाघ। पेरवाघाघ को अच्छा से विकसित करने की बात मुख्यमंत्री से करेंगी। वहीं मुख्यमंत्री के स्वजनों के कार्यक्रम को लेकर यहां 30 नये लाइफ जैकेट लाये गये थे। पेरवाघाघ में सुबह से नौका विहार और आसपास के इलाकों में सुरक्षा की चाक चौबंद व्यवस्था की गई थी। उस जगह पर खास साफ सफाई भी की गई थी। सभी मार्गों पर चप्पे-चप्पे पर पुलिस जवान तैनात थे।

खूंटी में पीएलएफआई के दो उग्रवादी गिरफ्तार

खूंटी (हि.स.)। जिले के अड़की थाना क्षेत्र अंतर्गत कंडीर और तैइबा के बीच एक पुलिया निर्माण स्थल पर पांच दिन पूर्व सोमवार की रात धावा बोलकर निर्माण कार्य में लगे एक जेनरेटर सहित अन्य सामान पर आग लगाकर फूंक देने के मामले में पुलिस ने पीएलएफआई के वांछित एरिया कमांडर राड़ूंग बोदरा उर्फ लंबू के दो सहयोगियों को गिरफ्तार कर इस मामले का खुलासा कर लिया है। गिरफ्तार आरोपितों में अड़की थानांतर्गत ग्राम हड़दलामा टोला कोचा निवासी भोंज मुंडू उर्फ सनिका मुंडू (23) और पश्चिम सिंहभूम जिले के बंदगांव थानांतर्गत ग्राम मतलोयोंग निवासी हाथीराम हेंब्रम (22) शामिल हैं। इनके पास से पुलिस ने एक मोटरसाइकिल और दो मोबाइल बरामद किया है। गिरफ्तार आरोपितों ने पुलिस के समक्ष घटना में अपनी संलिप्तता स्वीकार करते हुए बताया कि लेवी के कारण एरिया कमांडर राड़ूंग बोदरा उर्फ लंबू दस्ता के साथ मिलकर उन्होंने निर्माण स्थल में आगजनी की घटना को अंजाम दिया था। खूंटी एसडीपीओ अमित कुमार ने शनिवार शाम बताया कि गिरफ्तार भोंज मुंडू ने पुलिस के समक्ष स्वीकार किया कि उसने एक अन्य व्यक्ति के आधार कार्ड पर एक सिम खरीदा था, जिससे वह एरिया कमांडर के निर्देश पर ठेकेदारों से लेवी के लिए बात किया करता था। उसने यह भी बताया कि ठेकेदारों से लेवी वसूल कर उसे एरिया कमांडर के पास भी वह पहुंचाया करता था। बताया गया कि कांड के खुलासे के लिए खूंटी एसडीपीओ के नेतृत्व में गठित एसआईटी टीम ने तकनीकी सहयोग एवं गहन अनुसंधान से कांड में शामिल दोनों आरोपितों को गिरफ्तार कर मामले का खुलासा कर लिया। छापेमारी दल में खूंटी अंचल के पुलिस निरीक्षक मो शाहिद रजा, अड़की थाना प्रभारी नरसिंह मुंडा, मुरहू थाना प्रभारी मो इकबाल हुसैन, सायको थाना प्रभारी रितेश कुमार महतो, अड़की थाना के एसआई मनोज तिर्की, बिरजू प्रसाद, अर्जुन कुमार सिंह सहित अड़की, सायको एवं मुरहू थाना के सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

स्वतंत्रता सेनानी टाना भगत स्मारक का हुआ शिलान्यास

टाना भगत स्वतंत्रता सेनानी स्मारक स्थल को पर्यटक स्थल के रूप में विकसित किया जाएगा : शिल्पी नेहा तिर्की

बेड़ोः टाना भगत स्वतंत्रता सेनानी स्मारक स्थल को पर्यटक स्थल के रूप में विकसित किया जाएगा। देश की आजादी में टाना भगतों के योगदानों को भूलाया नहीं जा सकता। यह बातें विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने कहीं। वे झारखंड प्रदेश टाना भगत स्वतंत्रता सेनानी स्मारक निर्माण समिति के तत्वावधान में शनिवार को बेड़ो प्रखंड के खखसीटोली गांव में टाना भगत स्मारक स्थल का आयोजित शिलान्यास समारोह में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहीं थीं। समारोह का उद्घाटन विधायक शिल्पी नेहा व पूर्व मंत्री बंधु तिर्की समेत अन्य समाजसेवियों ने संयुक्त रूप से किया। इसके पूर्व विधायक शिल्पी नेहा तिर्की व पूर्व मंत्री बंधु तिर्की समेत अन्य समाजसेवियों ने संयुक्त रूप से स्मारक स्थल पर साढ़े तीन करोड़ की लागत से बनने वाले विभिन्न योजनाओं का विधिवत पूजा अर्चना के तहत शिलान्यास किया। इस दौरान टाना भगतों व ग्रामीणों ने परंपरागत नाच गान,मांदर, ढाक,ढोल,रणभेरी व



नगाड़ा की थाप पर अतिथियों का स्वागत किया। समारोह में विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि करीब साढ़े तीन करोड़ की लागत से टाना भगत स्वतंत्रता सेनानी स्मारक स्थल पर चहारदीवारी, स्टेज, कैंपस विकास, मुख्य द्वार, परिसर का सौंदर्यीकरण, कॉफ्रेंस हॉल एवं गेस्ट हाउस आदि का निर्माण कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में टाना भगतों के द्वारा दी गई बलिदानियों को भावी पीढ़ी इस स्थल के माध्यम से स्मरण करेगी। जो इसके समग्र विकास के बाद एक गर्व की बात होगी। वहीं समारोह में बतौर विशिष्ट अतिथि पूर्व मंत्री सह झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की ने कहा कि यह दिन स्वर्णाक्षरों में लिखा जाएगा। उन्होंने कहा कि यह समारोह का आयोजन कांग्रेस के 138 वें वर्षगांठ पर किया गया है। उन्होंने कहा कि बिहार शरीफ पटना के कैंप जेल में कुल 86 ताम्रपत्र से विभूषित टाना भगत स्वतंत्रता सेनानियों का नाम इस स्थल पर संगमरमर से नामांकित किया जाएगा। जिन्होंने देश की जंगे आजादी में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। उन्होंने स्मारक स्थल पर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा स्थापित करने की बात कही। उन्होंने कहा कि टाना भगत स्वतंत्रता सेनानी स्मारक स्थल के बाउण्ड्री वॉल, स्टेज व कैंपस का विकास कार्य उनचालीस लाख, साठ हजार, छह सौ रुपए, कॉन्फ्रेंस हॉल व गेस्ट हाउस का निर्माण कार्य एक करोड़, छिहत्तर लाख, तिरेपन हजार, नौ सौ तथा मुख्य द्वार एवं परिसर का सौंदर्यीकरण का कार्य एक करोड़, सोलह लाख, चौबीस हजार से किया जाएगा। इधर समारोह में स्मारक स्थल के भूदाताओं में क्रमशः धरमु टाना भगत, एतवा टाना भगत, झुबली टाना भगत, सुकरो टाना भगत आदि को विधायक व पूर्व मंत्री ने शॉल ओढ़ाकर व बुके देकर सम्मानित किया। वहीं समारोह में आशीर्वाद टाना भगत, बिगल टाना भगत, विश्वनाथ टाना भगत, जिप सदस्य पश्चिमी बेरोनिका उरावं, उप प्रमुख मोदस्सीर हक, मजकूर सिद्दिकी, मुखिया लक्ष्मी कोया, पूर्व मुखिया सुनील कच्छप, नकुल सिंह, झिरगु टाना भगत, विगा टाना भगत, उषा टाना भगत, मंगरा टाना भगत, कुंवारी टाना भगत व इरशाद खान आदि ने सराहनीय योगदान दिया।

गढ़वा में गजराजों ने जमकर मचाया उत्पात,

महिला को कुचलकर मार डाला, चार घर किये ध्वस्त

गढ़वा (हि.स.)। जिले के रंका थाना क्षेत्र अंतर्गत शनिवार की सुबह हाथियों के एक झुंड ने जमकर उत्पात मचाया। इस दौरान हाथियों ने एक महिला और उसकी बच्ची को कुचल डाला, जिसके बाद महिला ने मौके पर ही दम तोड़ दिया जबकि बच्ची की हालत गंभीर बनी हुई है। हाथियों ने चार ग्रामीणों के घरों को भी पूरी तरह ध्वस्त कर दिया है। तबाही मचाने के बाद हाथियों का झुंड जंगल की तरफ चला गया।

ग्रामीणों के अनुसार, 10 हाथियों का झुंड अहले सुबह तीन से चार बजे रंका थाना क्षेत्र के चुटिया चमरटोलिया गांव पहुंचा और ग्रामीणों के घरों पर हमला बोल दिया। लोग घबराकर भागने लगे। इसी बीच एक हाथी घर में सोई महिला ममता शर्मा एवं उसकी बेटी सपना शर्मा को कुचल दिया। ममता शर्मा ने मौके पर ही दम तोड़ दिया जबकि उनकी बच्ची की हालत गंभीर बनी हुई है।

इधर, घटना के बाद आक्रोशित लोग सड़क पर उतर आये और एनएच-343 को जाम कर दिया। इस दौरान करीब दो घंटे तक छत्तीसगढ़ और झारखंड को जोड़ने वाली सड़क जाम रही। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस और वन विभाग की टीम ने ग्रामीणों को समझा-बुझाकर जाम हटाया। वन विभाग के अफसरों ने ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि जिन परिवारों को जान-माल की क्षति हुई है, उन्हें सरकारी प्रावधान के अनुसार मुआवजा दिया जायेगा।

लाखों की कीमती लकड़ी व सोफा जप्त

रातू. थाना क्षेत्र के मखमंदरो में घर में छुपा कर रखा गया कीमती लकड़ी से बना सोफा व लकड़ी रखने के आरोप में पिंटू शर्मा व संजय शर्मा पर रातू थाना में शनिवार को मामला दर्ज किया गया है. जानकारी के अनुसार पुलिस ने गुप्त सूचना पर 16 दिसंबर को मखमंदरो के निजी घर में ताला तोड़कर छापा मारा तो कीमती लकड़ी से बना दर्जनों सोफा व लकड़ी को बरामद किया. घर के मालिक दशरथ महतो ने बताया कि कमरा को संजय कुमार ने किराए पर लिया गया है तथा लकड़ी का काम संजय और उसके भाई पिंटू द्वारा किया जाता है. उनके द्वारा प्रस्तुत कागजात पर सपंर्क करने पर जय शिव साव मिल हिनू के देवेंद्र शर्मा ने लिखित आवेदन में कहा कि संजय व पिंटू को कोई लकड़ी का सप्लाई नहीं किया गया है. इसके बाद वन क्षेत्र कांके के शेखर तिग्गा, गिरधारी पातर, घनशयाम महतो, सतीश कुमार पुलिस ने घर में रखे साल चिरान 163 पीस, ओखट चिरान 108 पीस, मिश्रित छलटा 90 सीएफटी को जप्त किया है. पुलिस आरोपियों को गिरफ्तारी हेतू छापेमारी कर रही है.

महिला फुटबॉल टीम ने जामटोली डैम में किया वनभोज

बेड़ोः खेल तो खेल होती है और खेल का कोई उम्र नहीं होता उक्त बातें शनिवार को बेड़ो सरना क्लब महिला फुटबॉल टीम की फुटबॉल खिलाड़ी संगीता कुमारी ने प्रखंड के हरिहरपुर जामटोली पंचायत स्थित डैम में आयोजित वनभोज कार्यक्रम के दौरान कही। उन्होंने कहा कि बेड़ो सरना क्लब महिला फुटबॉल टीम में सभी शादीशुदा महिलाएं शामिल हैं और उनकी ही टीम बनाई गई है। इसी के तहत सरना क्लब महिला फुटबॉल की टीम ने प्रज्ञा संस्था द्वारा आयोजित मातृशक्ति फुटबॉल प्रतियोगिता में भाग लेकर बेड़ो सरना क्लब महिला फुटबॉल की टीम ने प्रतियोगिता में किताब अपने नाम किया और यह वनभोज कार्यक्रम भी उसी का एक हिस्सा है। इसके अलावा जीवंती मिंज ने कहा कि प्रखंड के अन्य कई गांव की शादीशुदा महिला उनके टीम में जुड़ रही है। उन्होंने कहा कि हमारी टीम में सभी शादीशुदा महिलाएं ही शामिल है और वे शादीशुदा महिला का ही फुटबॉल टीम बनाई हैं। उन्होंने बताया कि हमारे टीम ने लगातार क्षेत्र में आयोजित हो रहे फुटबॉल प्रतियोगिता में अपना दावेदारी प्रस्तुत कर खिताब पर कब्जा जमाया है। इधर वन भोज कार्यक्रम में प्रज्ञा संस्था मातृशक्ति फुटबॉल टीम के रेफरी सुमित केवट, अमित तिग्गा समेत किरन शामिल हुई । जहां उन्होंने बेड़ो सरना क्लब महिला फुटबॉल टीम के खिलाड़ियों का सराहना किया। कहां की मातृ शक्ति के रूप में बेड़ो सरना क्लब महिला फुटबॉल की टीम सभी मैचों में अच्छा प्रदर्शन किए है। सरना क्लब महिला फुटबॉल टीम के खिलाड़ियों में जीवंती मिंज, संगीता कुमारी, पार्वती देवी, खुशबू लकड़ा, जतरी देवी, सोनी कुमारी, फुलमनी कुमारी, जतरी उरांव, ऐश्वर्या केरकेट्टा, शोभा मिंज, लक्ष्मी कुमारी, ललीता कुमारी, अंजलि कुमारी, गीता कुमारी, गीता देवी, पुष्पा कुमारी, रैना मिंज, राखी कच्छप, सरिता देवी, प्रिया लकड़ा, आंचल लकड़ा, पुनम कुमारी रितु लकड़ा, किरन तांबा, नौरी मुंडा, आश्रिता उरांव शामिल है। सरना क्लब महिला फुटबॉल टीम की सभी शादीशुदा खिलाड़ी बधाई के पात्र हैं।

दुमका पुलिस ने अंतर्राज्जीय मोटरसाइकिल चोर के गिरोह का किया उद्भेदन

4 मोटरसाइकिल चोर को किया गिरफ्तार, 11 मोटरसाइकिल बरामद

दुमका। दुमका जिला के विभीन्न थाना क्षेत्रों में हो रहे वाहन चोरी कि घटना को देखते हुये पुलिस अधीक्षक, दुमका के द्वारा मो0 नूर मुस्तफा अंसारी, अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी, दुमका सदर एवं जरमुंडी दुमका के नेतृत्व में एक छापामारी टीम का गठन किया गया। कल दिनांक-22.12.2023 को पुलिस अधीक्षक, दुमका को प्राप्त सूचना के आधार पर नगर थाना पुलिस, दिग्घी थाना एवं रामगढ़ थाना पुलिस के द्वारा संयुक्त कार्रवाई में चार युवकों को दो संदिग्ध मोटरसाइकिल के साथ रसिकपुर रेलवे स्टेशन के पास पकड़ा गया। उक्त युवकों से पुछ-ताछ के बाद जॉचोप्रान्त पाया गया कि दोनों मोटरसाइकिल चोरी के हैं जिसके आधार पर नगर थाना कांड सं0 300/23, दिनांक 22.12.23, धारा 414/34 दर्ज किया गया। पकड़े

चारों युवकों से पुछताछ के बाद स्वीकृति बयान के आधार पर चोरी के अन्य 09 मोटरसाइकिल की बरामदगी गठित टीम के द्वारा पाकुड़ जिला के पाकुड़िया थाना क्षेत्र से की गई। बरामद मोटरसाइकिल में से दुमका जिला के विभिन्न थाना क्षेत्र से पूर्व में चोरी किए गए वाहन भी शामिल है। उक्त गठित टीम के द्वारा अंतर्राज्जीय मोटरसाइकिल चोर के गिरोह का उद्भेदन किया गया एवं विशेष छापामारी दल सीमावर्ती जिलों के अलावे बंगाल राज्य के विभिन्न थाना क्षेत्र में भी छापामारी कर रही है निकट भविष्य में संलिप्त अन्य अपराधकर्मियों की गिरफ्तारी एवं चोरी के अनय मोटर साईकिल की बरामदगी संभावित है। गिरफ्तार अभियुक्तों का नाम एवं पताः-नाम मुकेश कुमार मिर्धा (उम्र 27 वर्ष) पिता काहू मिर्धा पता ग्राम लोहरडीह पोस्ट प्लस थाना रामगढ़ जिला दुमका। आदित्य रौशन उम्र करीब 24 वर्ष पिता शंकर नाथ साहा साकिन मोगलाबांध पोस्ट मोगलाबंध थाना पाकुड़िया जिला पाकुड़ रोबिन पाल उर्फ प्रोबिन उम्र करीब 37 वर्ष पिता जयदेव पाल साकिन मोगलाबांध पोस्ट मोगलाबंध थाना पाकुड़िया जिला पाकुड़ मास्टर चाभी-कुल सं0 01। इस अभियान मेंछापामारी दल में शामिल सदस्य मो0 नूर मुस्तफा अंसारीए अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारीए दुमका सदर अमोद नारायण सिंह, अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी जरमुण्ड़ी अतीन कुमार, पु0नि0 सह थाना प्रभारी, नगर थाना, दुमका पु0 अ0 नि0 रूपेश कुमार, ओ0पी0 प्रभारी, विश्वविद्यालय ओ0पी0, दिग्घी, दुमका पु0 अ0 नि0 अरविन्द कु0 राय, थाना प्रभारी, रामगढ़ थाना, दुमका पु0अ0नि0 अनुज कुमार सिंह, रामगढ़ थाना, दुमका पु0 अ0 नि0 आकृष्ट अमन, दुमका पु0 अ0 नि0 रवी शंकर, नगर थाना दुमका पु0अ0नि0 अजित कुमार, नगर थाना दुमका स0अ0नि0 ओम प्रकाष सिंह, नगर थाना दुमका पु0अ0नि0 पुरूषोत्तम अग्निहोत्री, मुफ्फसिल थाना, दुमका शामिल थे।

खूंटी उपायुक्त ने मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम की समीक्षा की

खूंटी (हि.स.)। मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम-2024 की समीक्षा के लिए जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त की अध्यक्षता में शनिवार को निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी, सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी और कम्प्यूटर ऑपरेटर्स की बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रारूप प्रकाशन की अवधि में प्राप्त प्रपत्र 6, 7, 8 तथा फोटो सिमिलर इंट्री और डेमोग्राफिकल सिमिलर इंट्री के लंबित कार्यों को 26 दिसंबर तक निष्पादित करने का निर्देश दिया गया। जनगणना के आंकड़ों से मिलान करते हुए 18-19 एवं 20-29 आयु वर्ग के योग्य मतदाताओं का नाम मतदाता सूची में सतत अद्यतनीकरण की अवधि में जोड़ना सुनिश्चित करेंगे। इसके लिए सभी सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी मतदान केन्द्रवार बीएलओ और बीएलओ पर्यवेक्षक के साथ बैठक आयोजित कर लेंगे। प्रारूप प्रकाशन की अवधि में जिन मतदान केंद्रों पर अप्रत्याशित मतदाताओं के नाम जोड़े जा रहे हों या विलोपित किये जा रहे हों, उन मतदान केंद्रों का सभी निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी स्थल निरीक्षण अनिवार्य रूप से करेंगे तथा निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी अपने स्तर से सुपर चेकिंग का कार्य पूर्ण करेंगे। लोकसभा चुनाव-2024 के मद्देनजर सभी प्रखण्ड विकास पदाधिकारी मतदान केंद्रों पर उपलब्ध न्यूनतम बुनियादी सुविधाओं का प्रतिवेदन मतदान केंद्रों का भौतिक सत्यापन कर एक सप्ताह के अंदर जिला निर्वाचन कार्यालय को उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया। बैठक में तोरपा के ईआरओ सह अपर समाहर्ता, खूंटी के ईआरओ सह अनुमण्डल पदाधिकारी, खूंटी के साथ सभी प्रखण्डों के सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी-सह-प्रखण्ड विकास पदाधिकारी एवं कम्प्यूटर ऑपरेटर उपस्थित थे।

एक नजर

लाभुकों व महिला समुहों के बीच 1.5 करोड़ रुपये की परिसंपत्तियों का वितरण

अनगड़ा। आपकी योजना-आपकी सरकार, आपके द्वार अभियान के तहत शनिवार को सुरसु पंचायत में शिविर लगाया गया। मौके पर विधायक सुदेश महतो सहित अधिकारी लोगों को सरकारी योजनाओं से जोड़ने व समस्याओं के समाधान के लिए अधिकारियों को निर्देश दिया। मौके पर विधायक सुदेश महतो ने कहा कि अधिकारी व कर्मचारी कागज और आंकड़ों से बाहर निकल कर धरातल पर काम करें। उन्होंने पंचायत प्रतिनिधियों से कहा कि गांव टोलों में जरूरतमंदों को चिन्हित कर उन्हें सरकारी योजनाओं से जोड़ने की पहल करें। कार्यक्रम में ग्रामीणों की ओर से विभिन्न योजनाओं को लेकर 1524 आवेदन दिया गया। कार्यक्रम में विभिन्न योजनाओं के 371 लाभुकों व महिला समुहों के बीच 1.5 करोड़ रुपये की परिसंपत्तियों का वितरण किया गया। गर्भवती महिलाओं के गोदभराई व बच्चों के मुंहजुठी में भी विधायक शामिल हुए। मौके पर बीडीओ जयपाल सोय, सीओ राजू कमल, जिप सदस्य राजेन्द्र शाही, उपप्रमुख जयपाल हजाम, बीडब्ल्युओ संतोष कुमार, सीआई रमेश रविदास, बीपीओ अवनिंद्र कुमार, मुखिया, उपमुखिया, पंसस आदि उपस्थित थे।

मानव के सर्वांगीण विकास में शिक्षा का अहम योगदान : रामटहल चौधरी

अनगड़ा। आरटीसी पब्लिक स्कूल अनगड़ा में शनिवार को वार्षिकोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पूर्व सांसद रामटहल चौधरी ने कहा कि देश के विकास में शिक्षा का योगदान महत्वपूर्ण भूमिका होता है। शिक्षा सिर्फ समाज को शिक्षित ही नहीं करती वह मानव के सर्वांगीण विकास में भी अहम योगदान निभाती है। खिजरी विधायक राजेश कच्छप ने कहा कि वर्तमान समय में तकनीकी शिक्षा पर जोर देने की जरुरत है। नैतिक शिक्षा भी बच्चों के लिए अनिवार्य है। पूर्व विधायक रामकुमार पाहन ने बच्चों को अपने लक्ष्य को निर्धारित कर आगे बढ़ने के लिए कहा। मौके पर विद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किया। कार्यक्रम में प्राचार्य नरेंद्रनाथ महतो ने स्कूल परिवार के क्रियाकलापों, आगामी योजनाओं व कार्यक्रमों की जानकारी दी। कार्यक्रम में विभिन्न प्रतिस्पर्धा के विजेता विद्यार्थियों, श्रेष्ठ शिक्षकों व उत्कृष्ट प्रदर्शन करनेवाले विद्यार्थियों व उनके अभिभावकों को सम्मानित किया गया। मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष सुरेन्द्र महतो, जिप सदस्य अनुराधा मुंडा, रुद्रनारायण महतो, प्यारेलाल महतो, रंधीर चौधरी, अजय महतो, रौशन मुंडा, हिमालय चौधरी, कामेश्वर महतो, रामसाय मुंडा, नीलकंठ चौधरी, राजन सिंह, विशेश्वर चौधरी आदि उपस्थित थे।

मानव सहयोग परिषद संस्था ने किया जरूरतमंदों में दवा व कंबल का वितरण

धनबाद। मानव सहयोग परिषद के द्वारा प्रत्येक शनिवार की भांति आज भी समाज के उपेक्षित असहाय, कुष्ठ रोग से ग्रसित लोगों के बीच चाय, नास्ता, दवा, कंबल एवं आवश्यक सामग्री का वितरण शनिमंदिर पुराना बाजार धनबाद के प्रांगण में किया गया। मौके पर मुख्य रूप से उपस्थित हुए युवा संघर्ष मोर्चा के केंद्रीय संयोजक दिलीप सिंह ने नरेंद्र सिंह व परिषद की पूरी टीम को इस नेक कार्य के लिए शुभकामनाएं दी। संस्थापक नरेंद्र सिंह ने बताया कि 8 वर्ष पूर्व सोशल मीडिया पर इस तरह के जनसेवा कार्य को देख प्रेरित होकर जनसेवा का कार्य प्रारम्भ किया था। मानव सहयोग परिषद सदैव जनसेवा करते आ रहा है और यह कार्यक्रम निरंतर चलेगा। उक्त वितरण सेवा कार्य के अवसर पर प्रवीण कुमार पांडेय, रामानंद सिंह, रंजय सिंह, दिलीप सिंह, प्रसूराम सिंह, संजय साहू, सुश्री सुष्मिता मिश्रा, सुश्री प्रियदर्शनी यादव, दिलीप सिंह, मामा, रूद्र प्रताप सिंह, हरे राम श्रीवास्तव, मुन्ना, अजय भगत, अभिराज पंचोली, गणेश यादव, कुमार अभिषेक, राजाराम पहलवान, राजू मंडल उपस्थित हुए।

सदभावना चैंपियन ट्राफीः बरियातू को हराकर गुमला सेमीफाइनल में

अनगड़ा। 10वीं सदभावना चैंपियन ट्राफी फुटबाल टूनामेंट में गुमला की टीम सेमी फाईनल में पहुंच गई है। शनिवार को सिकिदिरी फुटबॉल मैदान में खेले गये दूसरे क्वार्टर फाइनल के एकतरफा मुकाबले में गुमला ने राजा स्पोर्ट्स क्लब बरियातू को 3-0 से हराया गुमला की टीम सेमीफाइनल में पहुंचने वाली दूसरी टीम बन गई है। खेल के पहले हाफ में गुमला की ओर से स्टार खिलाड़ी सूरज बाखला ने 33वें व36वें मिनट में शानदार गोल किया। दूसरे हाफ में गुमला के सुमीत कुमार ने शानदार प्रदर्शन करते हुए खेल के अंतिम समय के 79 वें मिनट में दर्शनीय गोल कर अपनी टीम को 3-0 से जीत दिला दी। शानदार प्रदर्शन के लिए गुमला के खिलाड़ी सूरज बाखला को मुख्य अतिथि आजसू पार्टी के केंद्रीय महासचिव मोहसिन खान व विशिष्ट अतिथि झारखंड राज्य कर्मचारी महा संघ के प्रदेश महासचिव साहेब राम भोगता ने संयुक्त रूप से मैन आफ द मैच का पुरस्कार प्रदान किया। मौके पर कांग्रेस आदिवासी सेल के प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ बिरसा उरांव, पारसनाथ भोगता, पंसस मदन महतो, चमरू बेदिया, शिवदास गोस्वामी, विधायक प्रतिनिधि अजगूत करमाली, राजनंदन साहू, संरक्षक फारुक खान,अध्यक्ष राजेश पाहन, सचिव प्रकाश कुमार यादव, बलराम कुमार साहू आदि उपस्थित थे। रविवार को मेकान स्पोर्ट्स रांची और नाइन बुलेट एफसी कवाली के बीच मुकाबला होगा।

शांति समारोह में 250 गरीबों के बीच कंबल का वितरण

अनगड़ा। हेसल पंचायत सचिवालय में शनिवार को कंबल वितरण सह सदभावना एवं शांति समारोह का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में वरिष्ठ पत्रकार हरिनारायण सिंह उपस्थित थे। उन्होने इस नेक कार्य की सराहना करते हुए कहा की गरीबों के चेहरे पर मुस्कान लाने का यह एक बेहतर प्रयास है। इसके लिए उन्होने आयोजनकर्ता को साधुवाद दिया। इस मौके पर युवाओं केलिए रोजगार सृजन करने, क्षेत्र के विकास में प्रतिनिधियों सहित आमलोगों के योगदान, भटके नौजवानों को मुख्य धारा से जोड़ने,आपसी सदभावना बनाये रखने सहित विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई। मौके पर ,पूर्व विधायक रामकुमार पाहन, भाजपा जिलाध्यक्ष सुरेन्द्र महतो, थाना प्रभारी दिलेश्वर कुमार, पुर्व उपप्रमुख अनवर खान, मुखिया कविता देवी, बलराम मुण्डा, अब्दुल इमाम अंसारी, विष्णु महतो, वनमाली महतो, इब्राहिम अंसारी, कमाल खान आदि उपस्थित थे।

एक नजर

कन्या विवाह योजना के लंबित मामलों के निष्पादन को लेकर बैठक

नवप्रदेश प्रतिनिधि नासरीगंज (रोहतास)। स्थानीय प्रखण्ड परिसर में बीडीओ मो०जफर इमाम ने सभी विकास मित्रों के साथ कन्या विवाह योजना के लंबित मामलों के निष्पादन को ले बैठक की। इस अवसर पर बीडीओ ने सभी विकास मित्रों को निर्देशित करते हुए कहा की विभिन्न पंचायतों में कन्या विवाह योजना से लाभांवित होने वाले लाभुकों के आवेदन की समीक्षा कर अविलंब रिपोर्ट सभी विकास मित्र दें। बीडीओ ने बताया की सभी पंचायतों में अब तक चार दर्जन से अधिक उक्त योजना के मामले लंबित हैं। जिनका सभी विकास मित्र आगामी तीन दिनों के अंदर निष्पादन करें। कार्य में लापरवाही बरतने वाले विकास मित्र पर कार्रवाई की जायेगी। मौके पर सभी पंचायतों में कार्यरत विकास मित्रगण उपस्थित थे।

विधान पार्षद को दिया ज्ञापन

नवप्रदेश प्रतिनिधि पीरो। प्रखंड के जमुआंव गांव स्थित ऐतिहासिक विनोबा भक्ति स्थल से सटे फाल की जीर्णोद्धार करने की मांग को लेकर जमुआंव निवासी एंकर व अभिनेता रविरंजन राय ने विधान पार्षद अवधेश नारायण सिंह से मिलकर उन्हें एक ज्ञापन सौंपा। विधान पार्षद को दिए गए ज्ञापन में रविरंजन राय ने उन्हें जमुआंव गांव स्थित ऐतिहासिक विनोबा भक्ति स्थल से सटे फाल की जीर्ण शीर्ण अवस्था से अवगत कराते हुए पार्षद निधि से फाल का जीर्णोद्धार करने का अनुरोध किया गया है। रविरंजन राय के अनुसार उक्त फाल से होकर की जाने वाली जलापूर्ति से सैकडों एकड खेतों का पटवन होता है। फाल के जीर्ण शीर्ण होने से ज्यादातर पानी बेकार बह जाता है जिससे चकटोला,बलवा, पहाडीह, तार आदि गांवों के खेतों तक पानी नहीं पहुंच पा रहा है जिससे ये खेत परती पडे रहते हैं। फाल का जीर्णोद्धार हो जाने पर बहुत से किसानों को लाभ होगा। विधान पार्षद पूर्व सभापति ने रविरंजन को उनकी मांग पर विचार करने का आश्वासन दिया है।

सांसद आर के सिंह ने चरपोखरी प्रखंड के विभिन्न गाँवो मे योजनाओ का किया शिलान्यास

नवप्रदेश प्रतिनिधि आरा। केन्द्रीय ऊर्जा मंत्री सह आरा लोकसभा सांसद आर के सिंह शनिवार को चरपोखरी प्रखंड के विभिन्न गाँवो का दौरा किया। इस दौरान केन्द्रीय मंत्री द्वारा कनई मे सामुदायिक भवन, भैरोडीह मे छठ घाट, बराढ़ इंग्लिश मे पीसीसी सड़क और बजेन मे यात्री शेड का शिलान्यास किया गया। सभी योजनाएँ सीएसआर फंड से पावरग्रिड द्वारा किया जाएगा। केन्द्रीय ऊर्जा मंत्री ने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि मेरा विकास का कार्य सभी गाँवो मे हो रहा है। सभी कार्य गुणवत्तापूर्ण और मजबूत होगा।कही से कोई कोताही नही बरता जाएगा। विकास का कार्य अनवरत चलता रहेगा। केन्द्रीय मंत्री का भव्य स्वागत कार्यकताओ और ग्रामीण जनता द्वारा किया गया।इस दौरान ग्रामीण जनता द्वारा समस्याओं से अवगत कराया गया, जिसका समाधान करने के साथ अन्य जरूरी योजनाओं को भी पूरा करने की बात कहा गयी। कार्यक्रम की अध्यक्षता चरपोखरी मंडल अध्यक्ष विक्की सिंह ने किया। कार्यक्रम मे ई.धीरेन्द्र सिंह, शंभु चौरसिया, उदय प्रताप सिंह वंदना राजवंशी, सतीश भट्ट,राकेश सिंह,अखिलानंद ओझा, संजय कुमार सिंह,विभु जैन, विनय सिंह, कुंदन सिंह तोमर,रामानुज सिंह, अशोक सिंह,अरविंद सिंह, अनील सिंह, यशंवत नारायण सहित सैकडो. कार्यकर्ता और जनता थे।

नवोदय विद्यालय में सांसद डॉ संजय जायसवाल ने सेल्फी पॉइंट का किया उद्घाटन

नवप्रदेश प्रतिनिधि बेतिया। पीएम श्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय वृंदावन पश्चिम चंपारण के प्राचार्य हरि लाल ने बताया कि विद्यालय में मुख्य अतिथि बेतिया लोकसभा माननीय सांसद डॉ संजय जायसवाल ने पीएम श्री स्कूल सेल्फी पॉइंट का उद्घाटन किया एवं विद्यालय विकास से जुड़ी हुई विभिन्न परियोजनाओं की समीक्षा की। प्राचार्य हरि लाल ने कहा कि यह विद्यालय के लिए गौरव की बात है। इस अवसर पर अतिथिगण चनपटिया के विधायक उमाकान्त सिंह, इरकॉन इन्टरनेशनल लिमिटेड के डायरेक्टर एवं पूर्व जिला अध्यक्ष भाजपा नेता दीपेंद्र सर्राफ आदि उपस्थित रहे। जवाहर नवोदय विद्यालय के विज्ञान शिक्षक विश्व मोहन प्रसाद ने बताया कि सांसद डॉ संजय जायसवाल ने विद्यालय में अंतर सदनीय क्रिकेट टूनामेंट का उद्घाटन किया एवं क्रिकेट खेलकर इसका शुभारंभ किया तथा खिलाड़ियों का उत्साहवर्द्धन किया। सांसद डा संजय जायसवाल ने कहा कि भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में जवाहर नवोदय विद्यालय नई ऊंचाइयों को छू रहा है। यह जिले के गौरव की बात है कि जवाहर नवोदय विद्यालय एवं केंद्रीय विद्यालय को पीएम योजना में केंद्र सरकार के द्वारा शामिल किया गया है। इस अवसर पर विद्यालय प्राचार्य, सभी स्टॉफ एवं विद्यार्थियों ने काफी हर्ष एवं उत्साह से मुख्य अतिथि सांसद डॉ संजय जायसवाल एवं अतिथियों का स्वागत किया। जवाहर नवोदय विद्यालय के विज्ञान शिक्षक विश्व मोहन प्रसाद ने कहा कि यह विद्यालय के लिए एतिहासिक क्षण है इसके लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं सांसद डॉ संजय जायसवाल के प्रति आभार प्रकट किया। इस अवसर पर चनपटिया विधायक उमाकांत सिंह, इरकॉन इन्टरनेशनल लिमिटेड के डायरेक्टर एवं पूर्व जिला अध्यक्षभाजपा नेता दीपेंद्र सरार्फ, मुखिया पति राजेश सिंह, मुखिया मुन्ना तिवारी आदि अतिथिगण की गरिमामयी उपस्थिति रही।

भूमि पर कब्जा व एमएस सेमरी से कूड़ा हटाने का समय निर्धारित होने के बाद धरना का हुआ समापन

नवप्रदेश प्रतिनिधि दावथ। प्रखंड मुख्यालय परिसर में भाकपा नेता व कार्यकताओं ने पचार्धारियों को आवंटित भूमि पर कब्जा दिलाने,राजकीय मध्य विद्यालय सेमरी के परिसर से कूड़ा हटाने तथा भूमिहिनों को पांच डिसमील, जमीन देने का प्रस्ताव भेजने के बाद धरना का समापन हो गया। इसकी जानकारी देते हुए भाकपा नेता सह पूर्व प्रमुख रघुनाथ सिंह ने बताया, कि शुक्रवार की देर रात सीओ नवलकांत ने पचार्धारियों को भूमि पर कब्जा दिलाने का समय 27 जनवरी को निर्धारित करने का आश्वासन देने, तथा भूमिहिनों का भूमि आवंटन से संबंधित प्रस्ताव भेजने के बाद,तथा बीडीओ कुमार अश्विनी व सीओ के सेमरी एमएस से कूड़ा हटाने का समय 27 जनवरी तक तय करने और अन्य मांगों पर जांच व कारवाई के आश्वासन पर धरना का समापन किया गया। सीओ व बीडीओ ने भी बताया कि एक मांग पर तत्काल प्रस्ताव भेज दिया गया। दो मांगों जमीन पर कब्जा दिलाने और स्कूल से कूड़ा हटाने का 27 जनवरी का डेडलाइन तय करने के बाद धरनार्थियों धरना को समाप्त कर दिया है। सभी प्रक्रिया पुरा कर निर्धारित तिथि तक कारवाई पुरी कर ली जाएगी।

भूमि विवाद के निपटारे को लेकर जनता दरबार का आयोजन

नवप्रदेश प्रतिनिधि सूर्यपुरा। थाना परिसर में भूमि विवाद के निपटारे को लेकर जनता दरबार का आयोजन राजस्व पदाधिकारी दिव्य प्रकाश अस्थाना एवं थाना अध्यक्ष प्रिया कुमारी के नेतृत्व में की गई. वही घंटे आयोजित जनता दरबार में एक भी फरियादी उपस्थित नहीं हो पाए. आरो ने बताया कि राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के द्वारा अंचल क्षेत्र के प्रत्येक थाना में प्रत्येक शनिवार को भूमि विवाद के निपटारे के लिए जनता दरबार आयोजित कर आम जनों की समस्याओं का निष्पादन किया जाता है वही शनिवार को आयोजित जनता दरबार में सभी पदाधिकारी सुबह 11:00 से संध्या 3:00 तक जनता दरबार में बैठे रहे फिर भी एक भी फरियादी उपस्थित नहीं हो पाए वहीं आरो ने बताया कि रवि फसल की कटाई एवं बुवाई के कारण ग्रामीण क्षेत्र के सभी किसान व्यस्त हैं जिसके कारण जनता दरबार में फरियादियों की उपस्थिति नगण्य रही।

विश्व शांति के लिए दलाई लामा सहित 33 देशों के विद्वानों की उपस्थिति

बुद्धं शरणम गच्छामि से गुंजायमान हो गया महाबोधि मंदिर, विश्व शांति की प्रार्थना

बोधगया। राज्य के बोधगया में महाबोधि मंदिर स्थित स्तूप के समीप शनिवार सुबह बोधि वृक्ष के नीचे विश्व शांति के लिए विशेष प्रार्थना की गई। इसमें तिब्बती धर्म गुरु दलाई लामा के साथ 33 देशों के बौद्ध धर्म के विद्वान और श्रद्धालु शामिल हुए। इस दौरान दलाई लामा ने कहा कि बोधगया पावन भूमि है, जो विश्व के विशेष स्थलों में से एक है। यहां बुद्ध भूमि में आने पर हर किसी को शांति मिलती है। इस पावन भूमि में भगवान बुद्ध को ज्ञान की प्राप्ति हुई थी। यहां विश्व से लोग भगवान बुद्ध के दर्शन करने के लिए आते हैं। यहां सभी को शांति मिलती है। बोधगया विश्व की खास स्थली है। महाबोधि मंदिर में विश्व शांति की कामना को लेकर हुए विशेष प्रार्थना में बुद्धं शरणम् गच्छामि से मंदिर परिसर गुंजायमान हो गया। विश्व शांति की प्रार्थना बौद्ध विद्वानों एवं श्रद्धालुओं ने अपने-अपने देश की भाषाओं में की। भारतीय भाषा के साथ विश्व शांति की कामना की प्रार्थना शुरू हुई। इसके बाद श्रीलंका, म्यांमार, थाईलैंड, बांग्लादेश, कंबोडिया, ताइवान, कोरिया, वियतनाम, तिब्बत जापान आदि देशों की भाषाओं में विश्व शांति की प्रार्थना की गई। तकरीबन पांच मिनट अलग-अलग देश की भाषाओं में विश्व शांति की कामना को लेकर विशेष प्रार्थना हुई। उल्लेखनीय है कि तिब्बती धर्म गुरु दलाई लामा 15 दिसंबर को बोधगया पहुंचे थे। वे बोधगया स्थित तिब्बत मंदिर में प्रवास पर हैं। दलाई लामा बोधगया में 26 दिनों के प्रवास पर आये हुए हैं। इस दौरान तिब्बती मंदिर से लेकर महाबोधि मंदिर तक कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गई है।

सामाजिक कार्यकर्ता स्व कृष्ण मुरारी साह का मना शोक सभा, जरूरतमंदों के बीच वस्त्र कंबल का किया गया वितरण

नवप्रदेश प्रतिनिधि सूर्यपुरा। प्रखंड अंतर्गत बलिहार निवासी कृष्ण मुरारी साह के निधन पर शोक सभा का आयोजन किया गया. वहीं इस अवसर पर सैकड़ो जरुरतमंदों को वस्त्र-कंबल का वितरण कर उन्हें पकवान भोजन खिलाया गया। बलिहार निवासी रवि खरवार ने बताया कि स्मृति शेष मुरारी साह बहुत ही नेक दिल इंसान थे. वह हमेशा असहाय व निरीह लोगों की सहायता के लिए तत्पर रहते थे. वहीं आस पास के जरुरतमंदों के बीच समय-समय पर खाद्यय सामग्री का वितरण करते रहते थे.वहीं उनके निधन पर शोक सभा आयोजित कर सैकड़ो जरूरतमंदों को वस्त्र व कंबल का वितरण कर सभी को भोजन भी खिलाया गया। बताते चलें कि बलिहार निवासी स्वर्गीय चंद्रिका साह के ज्येष्ठ पुत्र कृष्ण मुरारी साह का निधन बीते दिन इलाज के दौरान हो गयी। जिनके निधन पर शोक सभा आयोजित कर लोंगो ने पुष्प अर्पित कर उनकी आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन भी रखा. मौके पर पैक्स अध्यक्ष रामप्रसाद सिंह, विजय सिंह जिला अध्यक्ष किसान प्रकोष्ठ, पूर्व पैक्स अध्यक्ष सुनील कुमार पिंटू, कमलेश साह ,विकास कुमार, अनुराग कुमार ,मुन्ना साह, सुदामा साह, संजय गुप्ता, पिंटू गुप्ता, अमित कुमार, प्रशांत कुमार, अमरजीत कुमार, ब्रजेश कुमार के साथ ही सैकड़ो ग्रामीण उपस्थित थे।

बिहार के 189 अंचलाधिकारी, राजस्व अधिकारी एवं राजस्व कर्मचारियों हुए लैपटॉप से लैस

मंत्री, श्रवन कुमार द्वारा प्रदान किया गया लैपटॉप

नवप्रदेश प्रतिनिधि बेतिया। राज्य सरकार द्वारा राजस्व कार्यों में तेजी लाने के उदेश्य से एक बड़ा कदम उठाया गया है। राज्य के सभी अंचलाधिकारी, राजस्व अधिकारी एवं राजस्व कर्मचारियों को लैपटॉप से लैस करने की कार्रवाई प्रारंभ कर दी गयी है। इसी कड़ी में आज माननीय मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, श्रवण कुमार द्वारा कुल-189 अंचलाधिकारी, राजस्व अधिकारी एवं राजस्व कर्मचारी को बैग सहित लैपटॉप प्रदान किया गया। इस अवसर पर मंत्री ने कहा कि राजस्व विभाग के अधिकारियों को लैपटॉप से लैस करना राज्य सरकार का बेहद ही महत्वपूर्ण कदम है। इससे राजस्व कार्यों में गति आयेगी। सभी राजस्व अधिकारी निष्ठापूर्वक ससमय अपने कर्तव्यों एवं दायित्वों का निवर्हन करें। इस अवसर पर सांसद, सुनील कुमार सहित जिलाधिकारी, दिनेश कुमार राय, उप विकास आयुक्त, अनिल कुमार, अपर समाहर्ता, राजीव कुमार, अपर समाहर्ता-सह-जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी, अनिल राय, जिला जन सम्पर्क पदाधिकारी, अनंत कुमार सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

बेउर जेल से निकले मनीष कश्यप

नवप्रदेश प्रतिनिधि पटना। यूट्यूबर मनीष कश्यप जेल से रिहा हो गए हैं। बेउर जेल के बाहर समर्थकों की भारी भीड़ जुटी हुई है। मनीष कश्यप की रिहाई शुक्रवार की देर शाम को ही होनी थी, लेकिन रिहाई के कागजातों में कुछ त्रुटि होने के कारण जेल से रिहाई नहीं हो पाई थी। बताया जा रहा है कि उनका नाम मनीष कश्यप उर्फ त्रिपुरारी कुमार तिवारी है, लेकिन उनकी रिहाई के दस्तावेज में अधूरा नाम ही लिखा हुआ था इस कारण रिहाई शनिवार को संभव हो सकी। बता दें कि तमिलनाडु में उनके खिलाफ दर्ज सभी मामलों में पहले ही जमानत मिल चुकी थी। अब पटना हाई और सिविल कोर्ट से भी सभी मामलों में जमानत मिलने से उनकी रिहाई का रास्ता साफ हो गया। हालांकि, अदालती कागज में कुछ त्रुटि के कारण रिहाई में थोड़ा वक्त लग गया। दरअसल, बेतिया कोर्ट से प्रोडक्शन वारंट पर सहमति मिलनी बाकी थी। बेतिया कोर्ट से पेपर आने के बाद ही रिहाई संभव हो सकी। इससे पहले शनिवार को करीब 10 बजे बेतिया कोर्ट से मनीष कश्यप की रिहाई से संबंधित ऑर्डर बेउर जेल प्रशासन तक पहुंचा। इसके साथ ही मनीष कश्यप के वकील भी बेउर जेल पहुंचे। कागजी कार्रवाई की प्रक्रिया पूरी करने के बाद मनीष कश्यप जेल से रिहा हो गए। मनीष कश्यप की आज रिहाई की खबर सुनकर बेउर जेल के बाहर मनीष कश्यप के समर्थकों की भीड़ जुट गई है। शुक्रवार से ही पटना के बेउर जेल से उनकी रिहाई की खबर सुनने के बाद भारी संख्या में उनके समर्थक जल के बाहर जुट गए थे। हालात ऐसे हो गए कि मौके पर पुलिस मंगवानी पड़ी क्योंकि सड़क जाम की स्थिति बन गई थी।

श्री अरविंद एकेडमी में खेल-कूद सप्ताह का समापन

नप प्रदेश प्रतिनिधी डेहरी। स्थानीय सम्बिका नगर स्थित श्री अरविंद एकेडमी में खेल-कूद सप्ताह का समापन आज क्रिकेट मैच के साथ हुआ। विगत 14 वर्षों से प्रत्येक वर्ष दिसम्बर माह में खेल-कूद सप्ताह का आयोजन किया जाता है। इस वर्ष 5 दिवसीय खेलकूद सप्ताह की शुरूआत 19 दिसम्बर को हुई। खेलकूद सप्ताह के अंतर्गत बच्चों के बीच इनडोर और आउटडोर सभी तरह के खेल का आयोजन किया गया। जिसमे खो-खो, कबड्डी, म्यूजिकल चेयर, धीमी गति साईकल रेस, चेस, कैरम, लूडो, बैडमिंटन, क्रिकेट इत्यादी शामिल है। खेलकूद सप्ताह का उद्घाटन विद्यालय के निदेशक कृष्ण प्रसाद ने किया। उन्होंने ने उद्घाटन के बाद बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि बच्चों जिस कार्य को आप करें उसमें अपनी 100% तन्मयता और ध्यान लगाकर कीजिये चाहे वो खेल हो पढ़ाई हो या कोई अन्य कार्य क्यों न हो। आपको 100% सफलता मिलेगी। खेलकूद सप्ताह का अंत आज क्रिकेट मैच के साथ हुआ जिसे विद्यालय के रेड हॉउस, ग्रीन हाउस, ब्लू हॉउस, येलो हाउस के बच्चों के बीच खेला गया। विजेता टीम रेड हॉउस रही जिसके कप्तान न्यूटन कुमार और कोच अमित सर थे।

सुरक्षित शनिवार के तहत शीत लहर से होने वाले खतरे एवं उपाय की जानकारी दी गई



नवप्रदेश प्रतिनिधि डेहरी। मुख्यमंत्री विद्यालय सुरक्षा कार्यक्रम के तहत स्थानीय मध्य विद्यालय शिवगंज देहरी में कक्षा 1 से 8 तक के छात्र-छात्राओं को शीतलहर से होने वाले खतरे और उनके बचाव के बारे में शिक्षकों के द्वारा बर्ग बार बताया गया। इस सुरक्षित शनिवार में बच्चों को बताया गया कि शीतलहर के समय गर्म कपड़े पहने और अपने आंख नाक कान को ढक कर रखें घर से बाहर निकालने की कोशिश ना करें और घरों के खिड़की दरवाजे बंद करके रखें इस तरह के उपाय करने पर हम शीतलहर के प्रकोप से बच सकते हैं अगर हम असावधानी बरतेंगे तो हमारे स्वास्थ्य पर इसका असर पड़ेगा और ठंड लगने से हमारी मृत्यु भी हो सकती है। बच्चे इन सारी बातों को भली-भांति समझे और उन्होंने शिक्षकों के द्वारा बताए गए सावधानियां को बरतने का संकल्प लिया। आज के इस कार्यक्रम में सतीश कुमार चंचल द्विवेदी प्रेमचंद प्रसाद नरेश प्रसाद सुजाता प्रसाद चिंतामणि कुमारी मनु गुप्ता तनवीर अख्तर ने मुख्यमंत्री सुरक्षित शनिवार के कार्यक्रमों के में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

नया भारत ' स्व ' संकल्प के साथ महाशक्ति बनने की ओर निरंतर बढ़ रहा है आगे : राजेश्वर

नवप्रदेश प्रतिनिधि बिक्रमगंज। पूर्व विधायक राजेश्वर राज ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में नया भारत 'स्व' संकल्प के साथ महाशक्ति बनने की ओर निरंतर आगे बढ़ रहा है। उसी क्रम में राज्य सभा में अपने तीन नए अपराधिक न्याय कानूनों के पारित होने से 'स्वदेशी न्याय प्रणाली' की स्थापना हुई है। आजादी के अमृत काल में प्राप्त ये नए कानून, अपराध और आतंकवाद के प्रति प्रधानमंत्री की जीरो टॉलरेंस की नीति को सशक्त करने के साथ ही समस्त नागरिकों के अधिकारों को संरक्षित करते हुए देश में एक पारदर्शी, त्वरित एवं सुविधाजनक न्याय व्यवस्था के एक नए युग का आरंभ करेंगे। देश वासियों को गुलामी की निशानी से मुक्ति दिलाते इस ऐतिहासिक निर्णय हेतु प्रधानमंत्री और केंद्रीय गृह मंत्री एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह को हार्दिक आभार व अभिनंदन किया।

ग्रंथ के प्रमाण भ्रमित हो सकते हैं, संत के नहीं : मोहन भागवत

भागलपुर में सनातन पर खूब बोले मोहन भागवत

नवप्रदेश संवाददाता

भागलपुर। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक मोहन राव भागवत ने कहा कि ग्रंथ के प्रमाण से लोग भले ही भ्रमित हो सकते हैं, लेकिन संत तो प्रमाणित हैं। मनुष्य जीवन कैसे जिया जाए, इसके लिए संत प्रमाण हैं। ग्रंथ बहुत हैं, उनसे ज्ञान मिलता है। ज्ञान को बुद्धि से हृदय में उतारने का काम संत करते हैं। संत सारी दुनिया को उन्नत करते हैं। सृष्टि, मानवता, कुटुंब को जोड़कर चलाने की बात को धर्म कहते हैं। इसे ही सनातन धर्म कहते हैं।शनिवार को परमहंस महर्षि मेंहीं के जीवन पर आधारित फीचर फिल्म मेंहीं एक विचार, एक व्यक्तित्व के आउटलुक के प्रदर्शन के मौके पर संघ प्रमुख ने कहा कि फिल्मों को देखने का लोगों का अपना-अपना नजरिया होता है।

फिल्म से हर किसी को 10 अच्छी बातें ग्रहण करनी चाहिए

मोहन भागवत ने कहा कि फिल्म में कुछ अच्छी बातें होती हैं तो कुछ खराब बातें। फिल्म से हर किसी को 10 अच्छी बातें ग्रहण करनी चाहिए। फिल्म मनोरंजन के लिए जरूर है, लेकिन हमें उसकी अच्छाई ग्रहण करना चाहिए। उन्होंने कहा कि मैं संत नहीं बन सकता, लेकिन उस ओर दस कदम जरूर चल सकता हूं। ऐसा करने से किसी न किसी जन्म में संत बना जा सकता है। सभी लोग ऐसा सोचेंगे तो धरती स्वर्ग बन जाएगी। सामान्य लोग बड़े लोग जैसा करते हैं, वैसे ही चलते हैं।

बड़े लोग वे हैं, जो धर्म के तत्व को नित्य अनुभूत करके चलते हैं

बड़े लोग वे हैं, जो धर्म के तत्व को नित्य अनुभूत करके चलते हैं। धर्म सत्य है। सत्य प्रकाशवान है। सत्य के निरंतर संपर्क में रहने वाले संत होते हैं। संत प्रमाण हैं। भारत में सभी समय संत उपलब्ध रहे हैं। दुनिया को जीवन की शिक्षा देना भारत का कर्तव्य व धर्म है।इसके पूर्व संघ प्रमुख महर्षि मेंहीं आश्रम से जुड़े 20 साधु-संतों के साथ बैठक की। ये साधु-संत विभिन्न जिलों व प्रांतों में धर्म का प्रचार-प्रसार कर रहे हैं। उन्होंने साधु-संतों के बीच सनातन धर्म को निरंतर आगे बढ़ाने की अपील की।

सनातन धर्म को आगे बढ़ाने का काम करें

भागवत ने कहा कि वे जहां भी धर्म के प्रचार में लगे हैं, वहीं सनातन धर्म को निरंतर आगे बढ़ाने का काम करें। संघ प्रमुख सुबह नौ बजकर 26 मिनट पर आश्रम पहुंचे। आश्रम पहुंचने के बाद आचार्य हरिनंदन बाबा से मुलाकात की और उनका हालचाल जाना।

इसके बाद वे गुरु आश्रम पहुंचे। यहां के बाद वे साघु-संतों के साथ बैठक की। बैठक के कुछ देर बाद उन्होंने भोजन किया और विश्राम किया। तीन बजे वे महर्षि मेंहीं व महर्षि संतसेवी के समाधि स्थल पर पहुंचे और माल्यार्पण किया। इसके बाद वे फिल्म का टीजर जारी किया। वे दोपहर 3:22 बजे पटना के लिए सड़क मार्ग से निकल गए।

उच्च माध्यमिक विद्यालय नारायणपुर में शिक्षक अभिभावक गोष्ठी का आयोजन

नवप्रदेश प्रतिनिधि अगिआव भोजपुर। उच्च माध्यमिक विद्यालय नारायणपुर प्रांगण में शिक्षक व अभिभावक गोष्ठी का आयोजन किया गया। आयोजित गोष्ठी के दौरान अध्यक्षता विद्यालय प्रधानाध्यापक डॉ रमाशंकर पांडे ने किया। गोष्टी के दौरान शिक्षा में गुणात्मक सुधार से संबंधित पहलू पर विस्तार पूर्वक चर्चा करते हुए विद्यालय प्रधानाध्यापक डॉ रमाशंकर पांडे ने कहा कि आप सभी के सहयोग से शिक्षा में अध्यन्तर कमजोर छात्रों को उत्तम शैक्षणिक विकास संभव है। अभिभावकों की बच्चों के शैक्षिक माहौल में सुदृढ़ीकरण को लेकर शिक्षक से अविभावक की अहम भूमिका होती है। साथ ही अभिभावको से शिक्षा से संबंधित विभिन्न पहलुओं पर सुझाव लिए गए। तथा विद्यालय में साफ सफाई से संबंधित भी विषय पर विस्तार पूर्वक चर्चा की गई। इस अवसर पर विद्यालय प्रधानाध्यापक डॉ रमाशंकर पांडे राके राजेश कुमार तिवारी बलवंत कुमार रजनीकांत रवि श्वेता कुमारी संतोष कुमार दुबे प्रकाश कुमार प्रेम प्रकाश विद्यार्थी अंकिता कुमारी प्रमोद कुमार रमेश कुमार हरेराम सिंह रामसागर सिंह लवकुश कुमार वीरेंद्र सिंह संजीव कुमार सुनील कुमार सिंह विनोद सिंह संजय सिंह समेत अन्य अभिभावक उपस्थित थे।

संपादकीय

जम्मू-कश्मीर में फिर हमला

जम्मू-कश्मीर में आतंकी हमले रुके नहीं हैं। पाकिस्तान अपनी आदत से बाज नहीं आ रहा है और बार-बार हमारे सैनिकों को उकसा रहा है या फिर उन्हें निशाना बना रहा है। पाकिस्तान की बदनीयती के कारण राज्य में सीमा पर आतंकी गतिविधियां बरकार हैं। पुंछ जिले में गुरुवार को एक बार फिर आतंकवादियों ने घात लगाकर सुरक्षाकर्मियों पर हमला किया, जिसमें पांच जवान शहीद हो गये। हालांकि आंकड़ों के लिहाज से देखा जाए तो इसमें संदेह नहीं कि जम्मू-कश्मीर में आतंकवादी घटनाओं में कमी आयी है, लेकिन यह भी सच है कि ऐसे कई हमले पिछले कुछ अर्से में हुए हैं। यह संविधान के अनुच्छेद 370 पर सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद किया गया पहला बड़ा आतंकवादी हमला है। ऐसे में इस संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता कि इसके पीछे आतंकियों की हताशा से उपजी यह दर्शाने की भावना हो कि उनका वहां अब भी थोड़ा-बहुत प्रभाव बना हुआ है। भारतीय सेना को भारी पड़ता देख पाकिस्तान हताशा में आ गया है और इस तरह की नापाक मंसूबों का इजहार कर रहा है। जम्मू-कश्मीर में आतंकवादियों की संख्या कम हो जाने के कारण पाकिस्तान के हौसले पस्त हो रहे हैं। इसलिए वह मौका देखकर ऐसी हरकत कर रहा है, जिससे वहां भय का माहौल बने। पुंछ और राजौरी के सीमावर्ती जिस इलाके में यह आतंकी हमला हुआ है, वह घने जंगलों के लिए जाना जाता है। डेरा की गली और बुफलियाज के बीच के इस इलाके में चामरेर के जंगल हैं और आगे भाटा धुरियन जंगल शुरू हो जाता है। इसी इलाके में इस साल अप्रैल में सेना के वाहनों पर हुए ऐसे ही हमले में पांच जवान शहीद हुए थे। इसके अगले महीने मई में यहीं एक आतंकविरोधी अभियान के दौरान सेना पर हमला हुआ, जिसमें पांच जवानों की जान गई। यही नहीं, अक्टूबर में फिर यहीं आतंकी हमला हुआ, जिसमें नौ जवान शहीद हुए। ये घटनाएं संकेत देती हैं कि जम्मू-कश्मीर के अन्य हिस्सों में सुरक्षा बलों के दबाव और संभवतः स्थानीय आबादी में कम होते समर्थन के कारण आतंकवादी तत्वों ने इस जंगली इलाके को अपना नया ठिकाना बनाया है। घने जंगल के कारण यहां आतंकियों का छिपना आसान है और जवानों का उन्हें ढूंढना खतरनाक। लेकिन जम्मू-कश्मीर के ज्यादातर इलाकों में जिस तरह से शांति-व्यवस्था लौटी है, पर्यटकों की लगातार बढ़ती संख्या रोजगार के मौके जिस तरह से बढ़ा रही है और सीमा पार से घुसपैठ को जिस तरह से रोका गया है, उन्हें देखते हुए यह समझना मुश्किल नहीं कि आतंकवादियों का यह ठिकाना भी ज्यादा समय तक बना नहीं रह सकता। अच्छी बात यह है कि सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद अब अगले साल चुनाव होना भी तय हो चुका है। लोकतांत्रिक प्रक्रिया की बहाली आम लोगों को अपनी इच्छा और आकांक्षा व्यक्त करने के बेहतर मौके मुहैया कराएगी जिससे हिंसक और आतंकी तत्वों के अलग-थलग पड़ने की प्रक्रिया और तेज होगी। हालांकि दम तोड़ रही आतंकी गतिविधियों के बीच पाकिस्तान के नापाक इरादों को देखते हुए सेना को और भी सतर्क रहने की आवश्यकता है।

सामयिकी

दोस्तो... 'अर्थराइज' फकत तस्वीर भर नहीं है!

मुकुंद

हर साल 24 दिसंबर को अर्थराइज की सालगिरह मनाई जाती है। इस वर्ष इसकी 55वीं वर्षगांठ है। दिमाग में यह सवाल कौंधना लाजिमी है कि आखिर कौन है अर्थराइज? जवाब है-अर्थराइज एक फोटो है। चौंकिए नहीं। यह सौ आना सच है। मगर यह फोटो खास है। इसलिए इसकी 1968 से लगातार वर्षगांठ मनाई जा रही है। यह फोटो अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा के साथ-साथ समूची मनुष्यता के लिए भी खास है। यह महज एक फोटो नहीं है। इसे बिला शक मानव संस्कृति के इतिहास की सबसे गहरी छवियों में से एक कहा जा सकता है। अंतरिक्ष यात्री विलियम एंडर्स की चांद की कक्षा में खींची की गई यह तस्वीर भविष्यगामी है। यह बहुत कुछ बोलती है। अंधेरे स्थान में चंद्रमा के ऊपर झांकते हुए एक नाजुक नीले गोले की यह तस्वीर अंतरिक्ष में मनुष्य की जगह के बारे में धारणा को बदलने के साथ दुनिया भर में पर्यावरण जागरुकता को बढ़ावा देती है। यही वह फोटो है, जिसने इनसान को पहली बार अपने ग्रह को बड़ी दूरी से देखने का मौका दिया। यह कितना विस्मयकारी है कि अंतरिक्ष के अंधेरे से घिरी जीवंत पृथ्वी तब के सीमित संसाधनों के साथ नाजुक और कमजोर नजर आती है। सचमुच यह सोचना विहंगम और किसी कौतूहल से कम नहीं। अंतरिक्ष की काली पृष्ठभूमि में नीली पृथ्वी कितनी छोटी दिखती है। सहसा यकीन करना मुश्किल हो जाता है। इसे अग्रभूमि में बंजर चंद्रमा के दृश्य के साथ देखना सचमुच हृदय में विशालता की भावना का विस्तार करता है। दरअसल दुनिया अरबों आकाशगंगाओं के बीच सामान्य तारे की तरह परिक्रमा कर रही है। यह छवि यानी अर्थराइज साबित करती है कि इस चराचर जगत में सबका महत्व है। महत्वहीन कुछ भी नहीं है। बेशक पृथ्वी, हमारे लिए इसलिए विशेष है क्योंकि हम उस पर रहते हैं। वरना है तो वह भी ग्रह। विद्वान कहते हैं कि पृथ्वी का जन्म मानवीय अवधारणा की असाधारण क्षमताओं का सबसे बड़ा प्रमाण है। 1968 की इस सुखद अपनी तस्वीर में एंडर्स चांद पर पृथ्वी के प्रतिनिधि के रूप में मौजूद हैं। एंडर्स ने सपने में भी नहीं सोचा होगा कि यह छवि हजारों वर्षों से चंद्रमा के प्रति व्याप्त मानवीय दृष्टिकोण को बदल देगी। वरना हम भारतीयों के घरों की दादी-नानी यही लोरी सुनाती आई हैं...चंदा मामा दूर के, पुये पकाएं चूर के...। हम इस लोरी को सुनते-सुनते सोते रहे हैं। 1966 में इंसानी तंद्रा तब टूटती है जब नासा के लूनर ऑर्बिटर अपने कैमरे को चंद्रमा की सतह के एक टुकड़े पर घुमाते हैं। नासा की चंद्रमा पर चढ़ाई की प्रारंभिक श्रृंखला बेमिसाल है। इससे पहले किसी के पास चंद्रमा की छवि नहीं थी। इसलिए अर्थराइज विशेष है। चंद्रमा को अंतरिक्ष यात्रियों ने सीधे देखा भी और कैमरे में कैद भी किया गया। प्रौद्योगिकी और इनसानी दिमाग के मिश्रण से बनी अर्थराइज रूपी छवि अब अंतरिक्ष के और भी मिथक तोड़ने के लिए तैयार है। अर्थराइज ने मौसम विज्ञान के बारे में प्रचलित धारणाओं को बदल दिया है। अब हम पृथ्वी की हलचल पर आधारित मौसम भविष्यवाणियों पर ही निर्भर नहीं हैं। इनमें अंतरिक्ष से प्राप्त होने वाली छवियां भी शामिल होकर इनको सटीकता में बदल रही हैं। उपग्रह के सूचना संसार ने क्रांतिकारी परिवर्तन किया है। अब हम मौसम की घटनाओं के दीर्घकालिक बदलाव की तह तक जाने की दिशा में अग्रसर हैं। ...और चांद पर घर बनाने की संकल्पना आकार ले रही है।

चीटिंग छोटी हो बड़ी, जाएं कंज्यूमर कोर्ट

योगेश कुमार गोयल

> ऐसी ही छोटी-बड़ी समस्याओं का सामना जीवन में कभी न कभी हम सभी को करना पड़ता है लेकिन अधिकांश लोग अपने अधिकारों की लड़ाई नहीं लड़ते। इसका प्रमुख कारण यही है कि देश की बहुत बड़ी आबादी अशिक्षित है, जो अपने अधिकारों और कर्तव्यों के प्रति अनभिज्ञ है। हालांकि जब शिक्षित लोग भी अपने उपभोक्ता अधिकारों के प्रति उदासीन नजर आते हैं तो हैरानी होती है।

(राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस/24 दिसंबर/विशेष)

देश में प्रतिवर्ष 24 दिसंबर को उपभोक्ता हितों और उनके अधिकारों की सुरक्षा के लिए ह्यराष्ट्रीय उपभोक्ता दिवसह्ल मनाया जाता है। इसका मुख्य उद्देश्य उपभोक्ताओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना, उनके हितों के लिए बनाए गए उपभोक्ता संरक्षण अधिनियमों तथा उनके अंतर्गत आने वाले कानूनों की जानकारी देना है। दरअसल ऑनलाइन खरीदारी हो या ऑफलाइन, ग्राहकों को कई बार सामान की गड़बड़ी अथवा अन्य प्रकार की समस्याओं का सामना करना पड़ता है और इसी तरह की समस्याओं से उन्हें निजात दिलाने तथा उपभोक्ता अधिकारों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से उपभोक्ता दिवस मनाया जाता है।

हालांकि वर्ष 2020 तक विभिन्न ई-कॉमर्स साइटों से ऑनलाइन खरीदारी को लेकर उपभोक्ताओं को कोई संरक्षण प्राप्त नहीं था लेकिन उपभोक्ता संरक्षण कानून-2019 (कन्ज्यूमर प्रोटेक्शन एक्ट-2019) में ई-कॉमर्स को भी दायरे में लाकर उपभोक्ताओं को और मजबूती देने का प्रयास किया गया। पुराना उपभोक्ता संरक्षण कानून करीब साढ़े तीन दशक पुराना हो चुका था, जिसमें समय के साथ बड़े बदलावों की जरूरत महसूस की जा रही थी। इसीलिए ग्राहकों के साथ अक्सर होने वाली धोखाधड़ी को रोकने और उपभोक्ता अधिकारों को ज्यादा मजबूती प्रदान करने के लिए 20 जुलाई 2020 को ह्यउपभोक्ता संरक्षण कानून-2019ह्ल (कन्ज्यूमर प्रोटेक्शन एक्ट-2019) लागू किया गया, जिसमें उपभोक्ताओं को किसी भी प्रकार की ठगी और धोखाधड़ी से बचाने के लिए कई प्रावधान शामिल हैं।

राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस वास्तव में उपभोक्ताओं को उनकी शक्तियों और अधिकारों के बारे में जागरूक करने का महत्वपूर्व अवसर है। भारत में उपभोक्ता आन्दोलन की शुरूआत मुम्बई में वर्ष 1966 में हुई थी। तत्पश्चात पुणे में वर्ष 1974 में ग्राहक पंचायत की स्थापना के बाद कई राज्यों में उपभोक्ता कल्याण के लिए संस्थाओं का गठन किया गया। इस प्रकार उपभोक्ता हितों के संरक्षण की दिशा में यह आन्दोलन आगे बढ़ता गया। तत्कालीन प्रधानमंत्री राजीव गांधी की पहल पर 9 दिसंबर, 1986 को उपभोक्ता संरक्षण विधेयक पारित किया गया, जिसे राष्ट्रपति के हस्ताक्षर के बार 24 दिसंबर 1986 को देशभर में लागू किया गया। पिछले कई वर्षों से भारत में प्रतिवर्ष इसी दिन राष्ट्रीय उपभोक्ता संरक्षण दिवस मनाया जा रहा है। यह दिवस मनाए जाने का मूल उद्देश्य यही है कि उपभोक्ताओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक किया जाए और अगर वे धोखाधड़ी, कालाबाजारी, घटतौली इत्यादि के शिकार होते हैं तो वे इसकी शिकायत उपभोक्ता अदालत में कर सकें।

उपभोक्ता संरक्षण कानून में स्पष्ट उल्लेख है कि प्रत्येक वह व्यक्ति उपभोक्ता है, जिसने किसी वस्तु या सेवा के क्रय के बदले धन का भुगतान किया है या भुगतान करने का आश्वासन दिया है और ऐसे में किसी भी प्रकार के शोषण अथवा उत्पीड़न के खिलाफ वह अपनी आवाज उठा सकता है तथा क्षतिपूर्ति की मांग कर सकता है। खरीदी गई किसी वस्तु, उत्पाद अथवा सेवा में कमी या उसके कारण होने वाली किसी भी प्रकार की हानि के बदले उपभोक्ताओं को मिला कानूनी संरक्षण ही उपभोक्ता अधिकार है। यदि खरीदी गई किसी वस्तु या सेवा में कोई कमी है या उससे आपको कोई नुकसान हुआ है तो आप उपभोक्ता फोरम में अपनी शिकायत दर्ज करा सकते हैं।

अगर उपभोक्ताओं का शोषण होने और ऐसे मामलों में उनके द्वारा उपभोक्ता अदालत की शरण लिए जाने के बाद मिले न्याय के कुछ मामलों पर नजर डालें तो स्पष्ट हो जाता है कि उपभोक्ता अदालतों का उपभोक्ताओं के हितों के संरक्षण में क्या योगदान है। एक उपभोक्ता ने एक दुकान से बिजली का एक पंखा खरीदा लेकिन एक वर्ष की गारंटी होने के बावजूद थोड़े ही समय बाद पंखा खराब होने पर भी जब दुकानदार उसे ठीक कराने या बदलने में आनाकानी करने लगा तो उपभोक्ता ने उपभोक्ता अदालत का दरवाजा खटखटाया। अदालत ने अपने आदेश में नया पंखा देने के साथ उपभोक्ता को हजार्ना देने का भी फरमान सुनाया। एक अन्य मामले में एक आवेदक ने सरकारी नौकरी के लिए अपना आवेदन अंतिम तिथि से पांच दिन पूर्व ही स्पीड पोस्ट द्वारा संबंधित विभाग को भेज दिया लेकिन आवेदन निर्धारित तिथि तक नहीं पहुंचने के कारण उसे परीक्षा में बैठने का अवसर नहीं दिया गया। आवेदक ने डाक विभाग की लापरवाही को लेकर उपभोक्ता अदालत का दरवाजा खटखटाया और उसे न्याय मिला। चूंकि स्पीड पोस्ट को डाक अधिनियम में एक आवश्यक सेवा माना गया है, इसलिए उपभोक्ता अदालत ने डाक विभाग को सेवा शर्तों में कमी का दोषी पाते हुए डाक विभाग को मुआवजे के तौर पर आवेदक को एक हजार रुपये की राशि देने का आदेश दिया।

ऐसी ही छोटी-बड़ी समस्याओं का सामना जीवन में कभी न कभी हम सभी को करना पड़ता है लेकिन अधिकांश लोग अपने अधिकारों की लड़ाई नहीं लड़ते। इसका प्रमुख कारण यही है कि देश की बहुत बड़ी आबादी अशिक्षित है, जो अपने अधिकारों और कर्तव्यों के प्रति अनभिज्ञ है। हालांकि जब शिक्षित लोग भी अपने उपभोक्ता अधिकारों के प्रति उदासीन नजर आते हैं तो हैरानी होती है। यदि आप एक उपभोक्ता हैं और किसी भी प्रकार के शोषण के शिकार हुए हैं तो अपने अधिकारों की लड़ाई लड़कर न्याय पा सकते हैं। कोई वस्तु अथवा सेवा लेते समय हम धन का भुगतान तो करते हैं पर बदले में उसकी रसीद नहीं लेते। शोषण से मुक्ति पाने के लिए सबसे जरूरी है कि आप जो भी वस्तु, सेवा अथवा उत्पाद खरीदें, उसकी रसीद अवश्य लें। यदि आपके पास रसीद के तौर पर कोई सबूत ही नहीं है तो आप अपने मामले की पैरवी सही ढंग से नहीं कर पाएंगे। पिछले कुछ वर्षों में ऐसे अनेक मामले सामने आ चुके हैं, जिनमें उपभोक्ता अदालतों से उपभोक्ताओं को पूरा न्याय मिला है लेकिन आपसे यह अपेक्षा तो होती ही है कि आप अपनी बात अथवा दावे के समर्थन में पर्याप्त सबूत तो पेश करें। उपभोक्ता अदालतों की सबसे बड़ी विशेषता यही है कि इनमें लंबी-चौड़ी अदालती कार्रवाई में पड़े बिना ही आसानी से शिकायत दर्ज कराई जा सकती है। यही नहीं, उपभोक्ता अदालतों से न्याय पाने के लिए न तो किसी प्रकार के अदालती शुल्क की आवश्यकता पड़ती है और मामलों का निपटारा भी शीघ्र होता है।

(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)

मानवीय मूल्यों के वाहक बनेंगे रामलला

गिरजा शंकर

> प्रभु श्रीराम के जन्म स्थान पर भव्य मंदिर का निर्माण हिंदू समाज की चिर आकांक्षा थी, जो अब पूर्णता की ओर है। इस आकांक्षा की पूर्ति के लिए लगभग 500 से अधिक वर्षों से हिंदू समाज संघर्षरत था। असंख्य बलिदान अब तक हो चुके हैं। मुक्ति का यह संघर्ष साधु-संत, राजा-महाराजाओं आदि के नेतृत्व में चला।

तीस दिन और फिर इंतजार खत्म! अगले माह भारत सहित विश्वभर के करोड़ों राम भक्तों का एक चिरकालीन सपना साकार होने जा रहा है। 22 जनवरी 2024 को अयोध्या नगरी में एक बार फिर दीपोत्सव के साथ भव्य राम मंदिर में रामलला के दर्शन होंगे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी साधु-संतों और श्रद्धालुओं की उपस्थिति में मंदिर को लोकार्पित करेंगे, जो श्रीराम मंदिर निर्माण के इस चरण तक पहुंचने के पीछे की 500 वर्ष की संघर्ष गाथा उकेरेगी।

श्रीराम जन्मभूमि के संबंध में पांच अगस्त 2019 को सर्वोच्च न्यायालय का निर्णय एक समिधा के समान यज्ञ की पूणार्हुति में सहायक बना है। मूल गर्भगृह में विराजमान होने के बाद विश्व के सभी आस्थावान अयोध्या आकर प्रभु श्रीराम के जीवन से प्रेरणा लेंगे। अपने संस्कारों को सुदृढ़ करेंगे एवं संस्कारों के बल पर मानवीय मूल्यों के संरक्षक एवं वाहक बनेंगे। प्रभु श्रीराम एवं प्रभु श्रीराम का मंदिर इसकी प्रेरणा युगों-युगों तक देता रहेगा, मंदिर निर्माण आंदोलन में सहायक सभी ज्ञात-अज्ञात लोगों का पुण्य स्मरण।

देश के करोड़ों लोगों को संस्कारों का व्यवहार एवं संस्कृति का स्वरूप जिन महापुरुषों में साक्षात दिखाई देता है उनमें भगवान राम सर्वोपरि हैं। भगवान राम विश्वभर में फैले करोड़ों लोगों की आस्था के केंद्र बिंदु हैं। देश के सभी तीर्थ स्थानों की मिट्टी एवं सभी नदियों का पवित्र जल मंदिर निर्माण के लिए पूजन में उपयोग होना देश की एकात्मता का प्रत्यक्ष प्रकटीकरण है। सभी संप्रदायों के धर्म गुरुओं का आशीर्वाद,

सामाजिक एवं आर्थिक हस्तियों की उपस्थिति देश की एकात्मता व सामाजिक सद्भाव की अनूठी मिसाल होगी।

आज देश-दुनिया के सम्मुख जो समस्याएं दीवार की तरह खड़ी हैं, उन सबका समाधान प्रभु श्रीराम के जीवन चरित्र में दिखाई देता है। महिला सशक्तीकरण अभियान के माध्यम से जो संदेश हम समाज को देना चाहते हैं, राम का रावण के साथ युद्ध उसका प्रत्यक्ष व्यवहार है। माता सीता के वन गमन के समय स्वयं राजमहल में रहकर भी वन के समान जीवन जीना यह स्त्री के प्रति उनके आदर भाव को प्रकट करता है। समाज में जो शक्तियां सवर्ण-दलित, शहरवासी, वनवासी (जनजाति), संपन्न-गरीब की खाई को बढ़ाकर संघर्ष उत्पन्न करना चाहती हैं, उनके लिए राम का महाराज निषाद एवं माता शबरी के जूठे बेर खाना, सटीक उत्तर है। वन में उनका व्यवहार एवं पेड़-पौधे, जीव-जंतु आदि के प्रति प्रेम पर्यावरण व जैव विविधता के प्रति उनकी दृष्टि प्रकट करता है। मानवता के शत्रु राक्षसों का वध करके आतंक का उन्मूलन तो उन्होंने करके ही दिखाया है। उनका सारा जीवन इसी की प्रेरणा है। पिता-पुत्र, भाई-भाई, शिक्षक, पत्नी आदि के प्रति उनका व्यवहार मानवीय मूल्यों की पराकाष्ठा है। इस कारण राम मंदिर का निर्माण एक पूजा स्थान मात्र नहीं, बल्कि सामाजिक विघटन के इस वातावरण में मानवता को आदर्श व्यवहार का संदेश भी देगा। लोक कल्याण का विचार लेकर ऋषियों के तप के परिणाम स्वरूप जिस राष्ट्र का निर्माण हुआ, वह भारत राष्ट्र ही है। जीवन जीने की शैली जिसमें संपूर्ण विश्व का कल्याण निहित है, वह इस राष्ट्र में विकसित हुई। मानव का मानव के प्रति, प्रकृति एवं सृष्टि में व्याप्त चराचर जीव-जगत के प्रति हमारा व्यवहार कैसा हो, यह संस्कार संपूर्ण विश्व को इस धरा ने ही दिया है। शरणार्थी की सहायता एवं संकट में सहयोग, यहां का संस्कार है। इस देश में जन्मी ऋषि परंपरा, देवी-देवताओं की वाणी, महापुरुषों एवं राजा-महाराजाओं ने अपने व्यवहार से इस संस्कार को अपने जीवन में साकार रूप दिया। लंबी परंपरा से विकसित यह संस्कार ही हमारी थाती बन गए हैं, जो हमारी संस्कृति के रूप में प्रकट होते हैं। देश के करोड़ों लोगों को इन संस्कारों का व्यवहार एवं संस्कृति स्वरूप जिन महापुरुषों में साक्षात दिखाई देता है उनमें भगवान राम का नाम सर्वोपरि है। इस कारण भगवान राम विश्व भर में फैले करोड़ों लोगों की आस्था के केंद्र बिंदु हैं। आस्था के कारण ही करोड़ों लोगों का समाज मंदिर आंदोलन से जुड़ा, जिसने अब साकार रूप ले लिया है।

प्रभु श्रीराम के जन्म स्थान पर भव्य मंदिर का निर्माण हिंदू समाज की चिर आकांक्षा थी, जो अब पूर्णता की ओर है। इस आकांक्षा की पूर्ति के लिए लगभग 500 से अधिक वर्षों से हिंदू समाज संघर्षरत था। असंख्य बलिदान अब तक हो चुके हैं। मुक्ति का यह संघर्ष साधु-संत, राजा-महाराजाओं आदि के नेतृत्व में चला। इस आंदोलन में निर्णायक मोड़ तब आया, जब 1983 में विश्व हिंदू परिषद ने आंदोलन अपने हाथों में लिया। स्व. अशोक सिंघल के साहसी एवं यशस्वी नेतृत्व के कारण आंदोलन देशव्यापी बना। रथयात्रा, शिला पूजन, चरण पादुका यात्रा, कार सेवा आदि कार्यक्रम आंदोलन को गति देने वाले निर्णायक चरण थे। भारतीय जनता पार्टी के तत्कालीन अध्यक्ष लालकृष्ण आडवाणी की यात्रा से संपूर्ण देश का जनमानस आंदोलन के साथ जुड़ गया था। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के वरिष्ठ प्रचारक स्व. मोरोपंत पिंगले, गोरक्ष पीठाधीश्वर महंत अवेद्यनाथ, स्वामी वामदेव एवं स्वामी सत्यमित्रानंद सरीखे अनेक महापुरुष जिनका आंदोलन को गति देने में उल्लेखनीय योगदान है, जो अब इस दुनिया में नहीं हैं। मंदिर निर्माण का यह आंदोलन विश्व के लिए एक शोध का विषय रहेगा। समाज की आकांक्षा पूर्ति के लिए 500 वर्षों तक चलने वाला यह अनूठा जनआंदोलन है।

(लेखक, हिन्दुस्थान समाचार से संबद्ध हैं।)

जन गण मन के महानायक हैं वाजपेयी



हृदयनारायण दीक्षित

> अटल जी सभी दलों और नेताओं में लोकप्रिय थे। उन्होंने भारतीय राजनीति को अनेक प्रतीक प्रतिमान दिये। राष्ट्र सर्वोपरिता की सगुण जीवनदृष्टि दी। संसदीय मयार्दा पालन के नए आयाम दिये। अटल जी का जीवन असंभव का संभव है - संभवामि युगे युगे।

अटल जी का नाम सारी दुनिया के प्रमुख नेताओं में वरिष्ठ है। वे भारतीय जन गण मन के महानायक हैं। उनकी स्मृति बार-बार आती है। उनका पूरा व्यक्तित्व एक छंद और भावप्रवण काव्य था। विधाता ने उन्हें पूरे जतन से गढ़ा था। प्रकृति ने अपना सारा मधुरस उड़ेल दिया था उनके व्यक्तित्व में। वे सरस थे। तरल थे। सरल थे। विरल थे और विश्वमोहन। आज (रविवार) उनकी जन्म तिथि की पूर्व संध्या है। राष्ट्र उनका स्मरण कर रहा है। हमारे जैसे कार्यकर्ता उनकी छाया में पले। स्वाभाविक है उनका स्मरण। वैसे स्मरण उनका होता है, जिनका विस्मरण हो जाता है। अटल जी की स्मृति प्रतिपल जीवंत रहती है। वे भारतीय सार्वजनिक जीवन के शिखर शलाका पुरुष थे। वे भारतीय लोकतंत्र की दिव्यता हैं और राजनैतिक जीवन के मयार्दा पुरुष। इतिहास ने उन्हें पूरी आत्मीयता के साथ अपने अन्तःस्थल में स्थापित किया है।

इतिहास निर्मम और निष्पक्ष होता है। वह अपने पराए में भेद नहीं करता। वह अनायास ही किसी को महानायक नहीं बनाता। लोकमत भी इतिहास की तरह निर्मम होता है। इसलिए विश्व इतिहास के प्रतिष्ठित महानायक भी संपूर्ण लोकमन की प्रशंसा नहीं पा सके। लेकिन अटल बिहारी वाजपेयी अद्वितीय हैं। उन्होंने राष्ट्र के संपूर्ण जनगणमन का प्यार पाया। वे परिपूर्ण राष्ट्रवादी थे। वैचारिक प्रतिबद्धता में अटल थे और राष्ट्रवाद का संदेश लेकर सतत गतिशील विहारी थे। उनके विरोधी भी उनके प्रशंसक थे। वे भारतीय राजनीति के अद्वितीय महानायक थे। तमाम असंभवों का संगम थे। वे सरस भावप्रवण कवि हृदय थे और कवि थे। राजनीति के भावविहीन क्षेत्र में भी सबके प्रिय अग्रणी राजनेता। इस सदी के महानतम नेता। वे सबके प्रति आत्मीय थे। विपरीत ध्रुवों से भी समन्वय की साधना बेजोड़ थी। वे सर्वप्रिय धीरोदात्त महानायक थे।

राजनीति में विपरीत ध्रुवों का समन्वय आसान नहीं होता। 1975 में आपत्काल था। देश कारागार में बदल गया था। संविधान कुचल दिया गया था। हजारों राजनैतिक सामाजिक कार्यकर्ता जेल भेजे गए थे। अटल जी ने गैरकांग्रेसी दलों से समन्वय बनाया। तमाम गैर कांग्रेसी दल साझा मंच में आए। अटल जी भारतीय जनसंघ के संस्थापक सदस्य थे। उन्होंने मिलकर चुनाव लड़ने के लिए गैरकांग्रेसी दलों को सहमत किया। 1977 के आम चुनाव में जनता पार्टी जीती। सरकार भी बनी। वे विदेश मंत्री बने। दिल्ली में भारतीय जनसंघ का अधिवेशन हुआ। अटल जी ने जनसंघ के विसर्जन का प्रस्ताव रखा। वे पं. दीनदयाल उपाध्याय का नाम लेकर रोने लगे। जनसंघ की विकास यात्रा में उपाध्याय, अटल जी आदि अनेक नेताओं कार्यकताओं ने अपना श्रम तप

लगाया था। जनसंघ का विसर्जन भावुक क्षण था। इन पंक्तियों का लेखक भी इस भावुक प्रवाह का हिस्सा था। जनसंघ का विसर्जन हुआ। अब सब जनता पार्टी के हिस्से थे। कुछ समय बाद जनता पार्टी में कलह हुई। जनसंघ घटक के सदस्यों पर राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के नाम पर दोहरी सदस्यता का आरोप लगा। अटल जी ने उत्तर प्रदेश की एक जनसभा में चुटकी ली उन्होंने पहले प्यार किया, सम्बंध बनाये। सम्बन्धों का लाभ उठाया और अब हमसे हमारा गोत्र वंश पूछते हैं। बात नहीं बनी। जनसंघ घटक अलग हो गया। अटल के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी बनी। अटल जी के नेतृत्व का सम्मोहन बढ़ता गया।

अटल जैसी वक्तव्य कला दुर्लभ। शब्द उनके आज्ञापालक थे। उनका शब्द चयन और प्रयोग अद्भुत था। मनमोहन प्रभाव था उनके भाषण में। वे नेता प्रतिपक्ष बने। प्रधानमंत्री बने। विपक्षी नेता के रूप में उन्होंने विषय प्रतिपादन का नया रिकार्ड बनाया। संसद उन्हें पूरे मनोयोग से सुनती थी जब वे विपक्ष में थे तब नरसिंहाराव तत्कालीन प्रधानमंत्री ने उन्हें विदेशी प्रतिनिधिमण्डल का नेता बनाया। यह भी एक विशेष अवसर था। उन्होंने देश के बाहर भारतीय जनतंत्र की प्रतिष्ठा बढ़ाई, उन्होंने कहा कि वे भारत में विरोधी दल के नेता हैं लेकिन देश के बाहर भारत के प्रतिनिधि ह्वउनके विचार मननीय हैं। उन्होंने श्रीराम जन्मभूमि मंदिर को राष्ट्रीय भावना की अभिव्यक्ति बताया। हिन्दू और हिन्दुत्व को भारत की जीवनशैली बताया। उनकी कविता तन मन हिन्दू मेरा परिचय खासी चर्चा में रहती है। उन्होंने राजनीति में भारतीय संस्कृति का प्रवाह पैदा किया। जो कहा, सीना ठोककर कहा। लोग तिलमिलाए। ऐसे लोगों ने जनसंघ पर साम्प्रदायिकता का आरोप लगाया। अटल जी ने संसद में साम्प्रदायिकता की परिभाषा करने की मांग भी की। सब चुप हो गए।

अटल जी पत्रकार, साहित्यकार थे। लखनऊ से प्रकाशित राष्ट्रधर्म पत्रिका के सम्पादक रहे थे। पत्रिका के सम्पादक मण्डल ने भारतीय जनसंघ व भारतीय जनता पार्टी पर विशेषांक प्रकाशित करने का निर्णय लिया। सम्पादक मण्डल ने मुझे दोनों विशेषांकों का अतिथि सम्पादक बनाया। इसका विमोचन दिल्ली भाजपा कार्यालय में अटल जी व आडवाणी जी ने किया था। विमोचन के पहले अटल जी ने दोनों अंक देखने के लिए मांगे। मैंने पत्रिका के प्रबंधक पवन पुत्र बादल के साथ अटल जी को दोनों अंक दिखाए। विशेषांकों के आलेख व चित्र संयोजन देखकर वे भावुक हुए। उन्होंने इस अनुष्ठान की प्रशंसा की। मुझे बधाई भी दी। इस तरह वे अपने सहयोगियों को लिखने पढ़ने की प्रेरणा देते थे। अटल जी के नेतृत्व में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन बना। क्षेत्रीय दलों को राष्ट्रीय आकांक्षा और राष्ट्रीय दलों को क्षेत्रीय कठिनाइयां समझने का अवसर मिला। विश्व परिवार ने अटल जी के नेतृत्व का सम्मान किया। लेकिन अन्तर्राष्ट्रीय बिरादरी परमाणु परीक्षण से सहमत नहीं थी। अटल जी यह बात जानते थे। इसके कारण संभावित आर्थिक प्रतिबंधों से भी वे अवगत थे। लेकिन उन्होंने परमाणु परीक्षण का निर्णय लिया। दुनिया के कई देश नाराज भी हुए। संसद में भी भारी बहस हुई। उन्होंने पूरे स्वाभिमान के साथ अपने निर्णय का पक्ष रखा। उन्होंने संसद में देश की प्राथमिकता बताई परमाणु परीक्षण सम्बंधी हमारे निर्णय की एक मात्र कसौटी राष्ट्रीय सुरक्षा ही है। हमने किसी अन्तरराष्ट्रीय करार का उल्लंघन नहीं किया है। उन्होंने कहा कि परमाणु परीक्षण किसी देश के विरुद्ध भय उत्पन्न करने अथवा आक्रमण करने के लिए नहीं हैं। चन्द्रशेखर ने टिप्पणी की। उनके कथन पर अटल जी की टिप्पणी ध्यान देने योग्य है। अटल जी ने कहा कि मुझे खेद है कि मैं आपके विचारों से सहमत नहीं हूं। चन्द्रशेखर की बात काटते हुए भी वे शील और मयार्दा में ही रहे। लोकतंत्र उनकी जीवन श्रद्धा था। अटल जी ने भारत के राजनैतिक आकाश में सार्वजनिक जीवन की मयार्दा रेखा खींची है। यह रेखा बहुत ऊंची है। मूल्य आधारित सार्वजनिक जीवन की यह रेखा हम सभी राजनैतिक दलों के लिए अनुकरणीय है। उन्होंने लोकतंत्र को भारत की जीवनशैली बताया था। अटल जी के अनुसार लोकतंत्र 49 बनाम 51 का अंकगणित नहीं है। सबकी अभिलाषा और राष्ट्रीय स्वप्नों के लिए सबको साथ लेकर कल्याण करना ही जनतंत्री राजनीति है। अटल जी सभी दलों और नेताओं में लोकप्रिय थे। उन्होंने भारतीय राजनीति को अनेक प्रतीक प्रतिमान दिये। राष्ट्र सर्वोपरिता की सगुण जीवनदृष्टि दी। संसदीय मयार्दा पालन के नए आयाम दिये। अटल जी का जीवन असंभव का संभव है - संभवामि युगे युगे। वे प्रतिपल भारत के राष्ट्रजीवन में है, भारत की धरती और आकाश में स्पंदित हैं। भारत के अणु परमाणु में उनका कृतित्व और विचार रस बस गया है। वे भारत रत्न हैं। भूत काल में ही नहीं सदा सर्वदा भारत रत्न।

(लेखक, उत्तर प्रदेश विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष हैं।)

सड़क को लेकर तकरार वन विभाग और ग्रामीण आमने-सामने

पलामू। जिले के तरहसी-मनातू प्रखंड को जोड़ने वाली सड़क में आधा किलोमीटर पथ निर्माण पर तकरार की स्थिति बनी हुई है। ग्रामीण और वन विभाग इस मामले में आमने-सामने हैं। ग्रामीण सड़क निर्माण कर आवागमन करना चाहते हैं जबकि वन विभाग ने निर्माण कार्य पर रोक लगा दी है। ग्रामीणों में इसे लेकर भारी आक्रोश देखा जा रहा है और आन्दोलन की रणनीति बनाई गई है।

उल्लेखनीय है कि प्रखंड के सुदूरवर्ती गोइंदी से जंगली रास्ते सिलदाग होकर लोगों का मनातू आना-जाना होता है। यह सड़क सुरखी-पहाड़ी नुमा दुर्गम है। हर वर्ष बरसात के बाद ग्रामीण इसकी मरम्मत कर इसे चलने लायक बनाते हैं। इस वर्ष भी श्रमदान कर करीब डेढ़ किलोमीटर के एरिया में सड़क बना दी गयी है। आधा किलोमीटर का निर्माण बचा हुआ है। इस हिस्से में जंगल है। वन विभाग जंगली क्षेत्र में किसी तरह का हस्तक्षेप से इनकार कर रहा है। नतीजा लंबे समय से निर्माण नहीं हो पा रहा है।

20 वर्ष से ग्रामीण कर रहे हैं सड़क का इस्तेमाल

गोइंदी के पूर्व मुखिया विजय यादव ने कहा कि गोइंदी तरहसी का सबसे सुदूरवर्ती इलाका है। मनातू से यह इलाका सटा हुआ है। तरहसी होकर मनातू जाने में 75 किलोमीटर की दूरी तय करनी पड़ती है जबकि सिलदाग से होकर जाने में 25 किलोमीटर की दूरी पड़ती है। आपातकालीन स्थिति सहित अन्य मामलों को लेकर मनातू जाने के लिए ग्रामीण इसी सड़क का इस्तेमाल करते हैं। हर वर्ष बरसात में कच्ची दुर्गम सड़क जहां-तहां बहाव के कारण टूट जाती है। उसे श्रमदान कर ठीक किया जाता है और उस पर बाइक से आना जाना होता है लेकिन वन विभाग द्वारा मरम्मत कार्य पर रोक लगा दिया गया है। उन्होंने कहा कि यह सड़क उनकी लाइफ लाइन है और किसी कीमत पर इसे बनाकर ही दम लेंगे।

ग्रामीण कनहाई सिंह, शिवन यादव, वीरेन्द्र यादव, सुनील कुमार यादव, सत्यदेव सिंह, मनोज यादव, निर्मल यादव, विजय यादव, जलेन्द्र ठाकुर, उज्जवल साव आदि ने कहा कि सड़क की मरम्मत नहीं करने देने पर आन्दोलन तेज किया जायेगा और आत्मदाह किया जायेगा। उन्होंने कहा कि वे दो दशक से इस सड़क का इस्तेमाल कर रहे हैं। इस सड़क के बंद होने से उनका मनातू से संपर्क कट जायेगा। उन्होंने कहा कि गोइंदी के अलावा पूर्णिहिंदिया, हिंदिया, कुटिला, एकता, निरगड़ा, गेंदरा, आरा एवं अन्य गांव के हजारों लोग इसी सड़क से मनातू ब्लाक, थाना और अस्पताल इलाज के लिए आते-जाते हैं। वनरक्षी अभिमन्यु कुमार ने बताया कि वन भूमि पर मजदूरी करने और जेसीबी सहित अन्य मशीनों का इस्तेमाल वर्जित है। वन भूमि में आने जाने से किसी को रोक नहीं है लेकिन यदि किसी तरह की सड़क बनाने की बात है तो इसके लिए ग्रामीणों को डीएफओ कार्यालय से एनओसी लेना होगा। इसके बाद निर्माण कार्य करें, उन्हें कोई परेशानी नहीं है।

एकादशी उद्यापन कार्यक्रम में सैकड़ों श्रद्धालुओ ने निकाला कलश यात्रा, शमिल हुए विधायक

नवप्रदेश, चंदवारा। प्रखंड के हिंदी दैनिक नव प्रदेश अखबार के पत्रकार विजय कुमार मोदी ने क्षेत्र में सुख शांति समृद्धि रहने के लिए अपने आवास पर एकादशी उद्यापन कार्यक्रम समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर बरही विधायक उमा शंकर अकेला भी सामिल हुए। साथ ही सैकड़ो महिलाएं ने उपवास कर माथे पर कलश लेकर क्षेत्र को भ्रमण किया मौके पर विधायक प्रतिनिधि राजकुमार यादव चंदवारा प्रखंड प्रमुख मंजू देवी मुखिया अनिता देवी, मुखिया प्रतिनिधि संजय दास, प्रमुख प्रतिनिधि विजय मोदी, पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि बाल गोविंद स्वर्णकार पत्रकार जयकांत मोदी, पत्रकार मंटु कुमार सोनी रामजी मोदी, दिलीप मोदी, विपुल मोदी रोहित मोदी, चंदन बरनवाल, अजीत मोदी, अजय कुमार बरनवाल सैकड़ो लोग मौजूद थे।

एक नजर

सरकार-आपके द्वार, कार्यक्रम के तहत मधुबन पंचायत में शिविर का आयोजन

नवप्रदेश, डोमचांच। आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत डोमचांच प्रखण्ड के मधुबन पंचायत भवन में शिविर का आयोजन दिन शनिवार को किया गया। शिविर में ग्रामीणों ने उत्साह के साथ बढ़ चढ़कर भाग लिए। कार्यक्रम में डोमचांच प्रमुख सत्यनारायण यादव, प्रखण्ड विकास पदाधिकारी रविंद्र कुमार पाण्डेय, मुखिया प्रवीण कुमार उर्फ बबलू यादव, उप मुखिया चंदन कुमार, बीपीओ रामशरण कुमार, एमओ रणधीर कुमार द्वारा शिविर का शुभारंभ कर ग्रामीणों को राज्य सरकार की योजनाओं की जानकारी दी गई। अबुआ आवास योजना, गुरूजी स्टुडेंट्स क्रेडिट योजना, बिरसा सिंचाई कूप योजना, आयुष्मान कार्ड, केसीसी, सर्वजन पेंशन योजना, मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना, सहित कई योजनाओं का लाभ प्राप्त किये जाने की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में साईकिल वितरण योजना, सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, स्वस्थ विभाग समेत योजनाओं का लाभ दिया गया। साथ ही पीडीएस दुकानदार द्वारा पदाधिकारियों व जनप्रतिनिधियों ने आमजनों के बीच कंबल, धोती, साड़ी वितरण किया गया। कार्यक्रम में सभी विभागों द्वारा विभागीय योजनाओं की जानकारी दी गई और विभिन्न स्टालों में एक हजार से अधिक आवेदन प्राप्त किये गये। मौके पर मुख्य रूप से रोजगार सेवक दसरथ यादव, एच मिश्रा, डॉ राजेश कुमार, सहित सैकड़ो की संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा स्थापित करने की तैयारी को लेकर बैठक

नवप्रदेश, जयनगर। प्रखंड मुख्यालय के प्रांगण में बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा लगाने का निर्णय जयनगर प्रखंड मुख्यालय के प्रांगण में संविधान निमार्ता बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर जी की प्रतिमा स्थापित करने की तैयारी को लेकर दिन शनिवार को मुख्यालय के पुराने ब्लॉक के सामने राजेंद्र दास की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण बैठक की गई जिसमें सभी समाज के बुद्धिजीवी, सामाजिक कार्यकर्ता, स्थानीय जनप्रतिनिधि उपस्थित हुए सर्वसम्मति से संविधान निमार्ता डॉक्टर भीमराव अंबेडकर प्रतिमा निर्माण समिति के नाम से एक 26 सदस्यीय समिति का गठन किया गया जिसका अध्यक्ष राजेंद्र दास उपाध्यक्ष राजकुमार यादव, विजय पासवान, देवनरायण यादव, सुरेंद्र भाई मोदी, कैलाश रजक सचिव खगेंद्र राम उपसचिव महेश रजक कोषाध्यक्ष अरमान खान उपकोषाध्यक्ष रंजीत दास कार्यकारिणी सदस्य विनोद कुमार दास विपिन दास शिव शंकर दास बलराम यादव महेंद्र पासवान इरफान अंसारी दशरथ दास बैठक में उपस्थित रामेश्वर प्रसाद जगन्नाथ पासवान यादव सुखदेव यादव राजेंद्र यादव सहदेव पासवान सहदेव रविदास धनेश्वर राम विनोद कुमार रविदास संजय पासवान रामप्रसाद धोबी नंदकिशोर पासवान अजय कुमार मंसूर आलम लखन दास अनूप दास केदार दास आदित्य दर्जनों लोग उपस्थित थे। इसकी और विस्तारित तैयारी को लेकर अगली बैठक 30 दिसंबर 2023 को प्रखंड मुख्यालय के प्रांगण में समय 11:00 से रखी गई है।

सरकार- आपके द्वार, कार्यक्रम में कई मामलों का किया गया ऑन द स्पॉट निष्पादन

नवप्रदेश, जयनगर। कार्यक्रम का शुभांरभ जिला परिषद उपाध्यक्ष निर्मला देवी, मुखिया साहिस्ता खानम, बीस सूत्री अध्यक्ष इस्लाम अंसारी, पंचायत समिति सदस्य बाबू फैजुल्लाह खान एवं उप मुखिया सबीबा खातून के द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला परिषद उपाध्यक्ष निर्मला देवी ने कहा कि आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के माध्यम से सरकार योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का प्रयास कर रही है। यह पहली बार है जब जनता के दरवाजे पर सरकार आवेदन लेकर लोगों को कल्याणकारी योजनाओं से जोड़ने का काम कर रही है। मुखिया साहिस्ता खानम ने झारखण्ड सरकार को सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के लिए धन्यवाद कहा। उन्होंने कहा कि हम पिछ्ले कई दिनों से लोगों को जागरूक कर रहे हैं और लोगों के आवेदन सृजित कर रहे हैं। अबुआ आवास योजना को लेकर विशेष रुझान है। सरकार अबुआ आवास के प्रति काफी तत्परता दिखा रही है और नये साल में आवासहीनों को आवास का तोहफा देने जा रही है। शिविर में जनसेवक-सह-पंचायत सचिव विकास रंजन, मुखिया साहिस्ता खानम, पंचायत समिति सदस्य बाबू फैजुल्लाह खान,उप मुखिया सबीबा खातून, रोजगार सेवक राजेन्द्र साव, आंगनबाड़ी सेविका अनीता देवी, निर्मला देवी, रेहाना फातमा, जीनत प्रवीण, जयनगर पूर्वी पंचायत के मुखिया कौसर खान, वार्ड सदस्य तसउव्वर आलम, शमसुद्दीन खान, रीना देवी, असगरी खातून,समाजसेवी वसी अहमद खान , सहजाद आलम, हफीज मुख्तार, इरफान खान, अहमद खान एवं अन्य सहित प्रखण्ड कर्मी एवं सैकड़ो पंचायतवासी उपस्थित थे।

सरकार-आपके द्वार, केम्प में पहुँच लोगों को लगातार मिल रहा है लाभ



नवप्रदेश, कोडरमा। आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार का तीसरा चरण के तहत आज वार्ड नम्बर 26 और 27 में सीडी गर्ल स्कूल महाविद्यालय प्रांगण में केम्प का आयोजन किया गया। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी झारखण्ड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के द्वारा चलाए जा रहें इस योजना को झूमरी तिलैया के 28 सों वार्डो में केम्प को लगाया जाएगा। झामुमों नगर अध्यक्ष दीपक विश्वकर्मा ने बताया कि ये योजना 24 नवंबर से 26 दिसंबर तक इस योजना को चलाया जा रहा है। जो की झुमरी तिलैया के नगर परिषद क्षेत्र के 28 सों वार्ड में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत कैंप का आयोजन किया जा रहा है। आज जो केम्प का आयोजन किया गया उसमे नगर पर्षद से 300 फॉर्म आया वही ब्लॉक से पेंशन हेतु 35 फॉर्म आया वही स्वस्थ विभाग से लगभग 65 लोगों का इलाज किया गया एवं निःषुल्क दवा भी दिया गया ।वही डीलर से 75 लोगो का राशन कार्ड हेतुं फॉर्म आया वही आयुष्मान कार्ड से सम्बंधित 65 फॉर्म को भरा गया। झामऊ नगर अध्यक्ष ने अपने संबोधन में कहा समस्त झूमरी तिलैया वासियो एवं कोडरमा जिला वासियों से यह अपील है कि आपकी हेमंत सोरेन की सरकार आई है आपके द्वार विभिन्न विभिन्न योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है आप सभी योजना का लाभ लेने का काम करें।

कोडरमा न्यू कॉलोनी स्थित राज इंटरनेशनल स्कूल में धूमधाम से मनाया गया क्रिसमस का त्यौहार

नवप्रदेश, कोडरमा। जीवन में लाए खुशियां अपार, सांता क्लॉज आए आपके द्वार। शुभकामना हमारी करें स्वीकार, आया है क्रिसमस का यह प्यारा त्यौहार कोडरमा न्यू कॉलोनी स्थित राज इंटरनेशनल स्कूल में क्रिसमस का त्यौहार धूमधाम से मनाया गया। बच्चों ने आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रमों से समां बांध दिया। प्रभू यीशू के जन्म से संबंधित कई नाटक बच्चों ने प्रस्तुत किए। वहीं सेंटा क्लाज ने बच्चों को उपहार बांटे। सेंटा क्लाज के रूप में सजे छोटे-छोटे बच्चों ने सभी का मन मोहा`स्कूल के प्रधानाचार्य राहुल घोष ने बच्चों को प्रभूयीशू के जन्म से जुड़े कई रोचक प्रसंगों को सुनाया। बच्चों ने भी प्रभू यीशू के जन्म से संबंधित मनमोहक नाटक प्रस्तुत किया। सेंटा क्लाज के स्वरूपों में सजे बच्चों ने क्लास रूम में साथियों को टॉफी व अन्य उपहार भेंट किये। विद्यालय प्रांगण में विशाल क्रिसमस ट्री, स्नोमैन सजाया गया। निदेशक संपा सिंह ने सभी का आभार जताया। बच्चों और शिक्षकों ने आकर्षक झांकिया सजाई। शिक्षकों ने प्रभू यीशू के जीवन पर कई रोचक प्रसंगों की जानकारी बच्चों को दी। विद्यालय के सचिव सिद्धार्थ सिंह ने कहा कि प्रभू यीशू ने जीवन पर्यंत मानवता की शिक्षा दी। मानवता की रक्षा के लिए उन्होंने अपना जीवन बलिदान कर दिया। ऐसे प्रभू से हर किसी को शिक्षा लेनी चाहिए। इस दौरान ए.के. लाल, आशीष भुजेल, सुरेंद्र नोनिया आदि मौजूद रहे।

राज्य सरकार के चार वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में 29 दिसंबर को होगा जिला स्तरीय कार्यक्रम : उपायुक्त

नवप्रदेश संवाददाता

कोडरमा। राज्य सरकार के चार वर्ष का कार्यकाल पूरा होने पर 29 दिसंबर को झुमरीतिलैया स्थित श्रम कल्याण सभागार में जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन जिला प्रशासन की ओर से किया जाएगा। उक्त संबंध में आज वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से उपायुक्त मेघा भारद्वाज ने सभी संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक की। उपायुक्त महोदया ने कार्यक्रम की पूरी तैयारी और सफल आयोजन को लेकर विभिन्न विभागों के पदाधिकारियों को निर्देश दिया है। कार्यक्रम स्थल पर टेंट, साफ-सफाई, बैठने की व्यवस्था, ध्वनि विस्तारक यंत्र, सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आयोजन, लाभुकों के बीच विभिन्न योजनाओं के तहत परिसंपत्तियों के वितरण, विभिन्न योजनाओं का उद्घाटन शिलान्यास किया जाएगा। उपायुक्त ने कहा कि कार्यक्रम में राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं से लाभुकों को अच्छादित भी किया जाएगा। उनमें मुख्य रूप से अबुआ आवास योजना, बिरसा सिंचाई कूप संवर्धन योजना, फूलो झानो आशीर्वाद योजना, साइकिल के लिए छात्र-छात्राओं को डीबीटी के माध्यम से चेक वितरण, सामुदायिक वन पट्टा, मुख्यमंत्री पशुधन योजना का लाभ, केसीसी योजना, सर्वजन पेंशन योजना का लाभ, सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना का लाभ, कंबल वितरण, सोना सोबरन धोती साड़ी लूंगी वितरण योजना, मुख्यमंत्री खाद्य सुरक्षा कार्यक्रम के तहत ग्रीन राशन कार्ड का वितरण किया जाएगा। जन सम्पर्क पदाधिकारी को कार्यक्रम स्थल पर महत्वकांक्षी योजनाओं से संबंधित स्टॉल सहित विभिन्न विभागों को भी स्टॉल लगाने का निर्देश दिया गया है। साथ ही बैठक में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के माध्यम से अबुआ आवास योजना के तहत प्राप्त आवेदनों के आलोक में लाभुकों के चयन को लेकर ग्राम सभा का आयोजन करने का भी निर्देश दिया गया। जिससे योग्य लाभुकों का चयन कर डीबीटी के माध्यम से प्रथम किस्त की राशि भुगतान की कार्रवाई की जा सके। बैठक में मुख्य रूप से डीआरडीए निदेशक गोरांग महतो, अपर समाहर्ता अनिल तिर्की, जिला आपूर्ति पदाधिकारी अविनाश पुरेंदु, जिला सूचना विज्ञान पदाधिकारी सुभाष यादव, जिला कृषि पदाधिकारी ब्रह्मदेव साह, जिला कल्याण पदाधिकारी नीली सरोज कुजुर समेत प्रखंड विकास पदाधिकारी/अंचल अधिकारी व अन्य मौजूद रहे।

विकास का पहिया किसी के रोके नहीं रुकेगी : डॉ नीरा यादव

कई गांव को मेन रोड से जोड़ेगी यह सड़क : डॉ नीरा यादव

नवप्रदेश, कोडरमा। विधायक सह पूर्व शिक्षा मंत्री झारखंड सरकार डॉ नीरा यादव द्वारा अनुशंसित एवं ग्रामीण कार्य विभाग कोडरमा से स्वीकृत कोडरमा प्रखंड अन्तर्गत पंचायत पथलडीहा में कई गांव को जोड़ने वाली आर. डब्लू. डी. पथ से कारीघाट नदी भाया गिरधराटांड तक 3.50 कि.मी. पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य का शिलान्यास शनिवार को उन्ही के कर कमलों द्वारा विधि विधान से नारियल फोड़कर एवं फीता काट कर संपन्न किया गया । इस पथ की एकरारित राशि 99 लाख 94 हजार 9 सौ 62 रुपया है । ग्रामीणों ने विधायक का गर्मजोशी से बुके देकर स्वागत किया। नीरा यादव ने कहा ग्रामीणों की सुविधा के लिए बिजली, पानी और सड़क हेतू सरकार से अपने अधिकार के लिए मांग मेरी हमेशा जारी रहेगी । जनसुविधाओं के लिए हमेशा मैं संघर्षरत हूं और आगे भी रहूंगी। इसी पंचायत में सौगात के रुप में जल्द ही बड़ी लागत की एक और सड़क जल्द मिलने वाली है। मौके पर विभाग के सहायक अभियंता अशोक गुप्ता, कनीय अभियंता शैलेश कुमार, विधायक प्रतिनिधि विजय सिंह, भाजपा मण्डल अध्यक्ष दिनेश सिंह, बैजन्ती देवी, सदानंद यादव, मनोरंजन सिंह, मिथलेश सिंह, दिलीप सिंह, काशी पंडित, सुरेंद्र सिंह, महेंद्र यादव, द्वारिका साव, महेश यादव, मंटू राणा, सन्नी राणा, द्वारिका सिंह आदि दर्जनों स्थानीय लोग उपस्थित थे।

उपायुक्त ने किया सदर अस्पताल का औचक निरीक्षण

कार्यालयों के कर्मी ससमय कार्यालय आयें एवं कार्यशैली में सुधार लायें : मेघा भारद्वाज

नवप्रदेश संवाददता

कोडरमा। उपायुक्त मेघा भारद्वाज द्वारा सदर अस्पताल, कोडरमा के विभिन्न वाडों का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान चिकित्सक एवं चिकित्सा कर्मी अनुपस्थित पाये गये। साथ ही चिकित्सक एवं चिकित्सा कर्मी की देर से पहुँचने की शिकायते प्राप्त हुई है। इस पर नारजगी व्यक्त करते हुए अनुपस्थित चिकित्सक एवं चिकित्सा कर्मियों से स्पष्टीकरण प्राप्त कर उनके विरूद्ध कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया। उपायुक्त महोदया ने सभी चिकित्सकों और चिकित्सा कर्मियों को ससमय कार्यालय पहुंचने का निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि सदर अस्पताल में मरीजों का बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध करायेंगे। उपायुक्त ने सदर अस्पताल में भर्ती मरीजों से भी बातचीत की और उनके स्वास्थ की जानकारी ली। अस्पताल में चिकित्सक द्वारा ईलाज व अस्पताल में मिल रही सुविधा के संदर्भ में जानकारी ली। साथ ही अनुमण्डल कार्यालय, जिला खनन कार्यालय सहित समाहरणालय परिसर में अवस्थित सभी कार्यालयों का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान कार्यालय के कतिपय कर्मी के अनुपस्थित पाये जाने पर अप्रसन्नता व्यक्त करते हुए संबंधित कर्मियों से स्पष्टीकरण करने का निदेश दिया गया। साथ ही चिकित्सकों एवं चिकित्सा कर्मियों सहित विभिन्न कार्यालयों के कर्मियों को ससमय कार्यालय आने एवं कार्यशैली में सुधार करने का निदेश दिया गया।

पुत्र ने टांगी मारकर कर दी पिता की हत्या

गिरिडीह। जिले के बिरनी थाना क्षेत्र के परसबनी गांव में शनिवार को पुत्र ने घरेलू विवाद में पिता की टांगी से मार कर हत्या कर दी। घटना की जानकारी मिलते ही काफी संख्या में ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। मौके पर बिरनी थाना प्रभारी मृत्युजंय सिंह भी पुलिस जवानों के साथ घटनास्थल पहुंचे और पूरे मामले की जानकारी ली। इस दौरान हत्यारोपी बेटे संदीप सोरेन को पुलिस ने मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी के बाद संदीप सोरेन ने कबूला कि उसी ने पिता सुखदेव सोरेन की हत्या किया है। पुलिस अब आरोपित से पूछताछ कर रही है। बताया जाता है कि संदीप सोरेन शराब के नशे में घर पहुंचा। इसी बीच दोनों बाप-बेटे में किसी बात को लेकर जमकर विवाद हुआ। विवाद सुलझाने परिवार के कुछ सदस्य गए, तो आरोपित बेटे ने परिवार के सदस्यों को भी धमकी दिया और इसी बीच संदीप सोरेन ने घर में रखे टांगी को उठाकर पिता पर एक के बाद एक कई वार कर दिया, जिसे मौके पर ही सुखदेव सोरेन की मौत हो गई। हालांकि संदीप सोरेन को रोकने का प्रयास किया गया।

चैंबर्स के प्रतिनिधि मिले सिटी एसपी से, अपराधिक घटना में उद्भेदन की लगाई गुहार

धनबाद। बाजार समिति चैंबर ऑफ कॉमर्स का प्रतिनिधिमंडल महासचिव अजय नारायण लाल की अगुवाई में शनिवार को सिटी एसपी अजीत कुमार से मिला।उन्होंने पिछले दिनों बाजार समिति के व्यापारियों के साथ हुई कई लूट की घटना विस्तार पूर्वक उन्हें बताकर उद्भेदन की गुहार लगाई। विदित हो कि इसी महीने बाजार समिति के व्यापारी प्रकाश साहू के कर्मचारियों से लोयाबाद थाना क्षेत्र में लूट की घटना हुई थी। उसके पश्चात व्यापारी शिवकुमार यादव से धनबाद थाना क्षेत्र में लूट की घटना हुई। अभी 2 दिन पूर्व बाजार समिति के व्यापारी सुरेंद्र जिंदल के कर्मचारियों की बाइक बैंक मोड़ थाना क्षेत्र में पुराना बाजार में चोरी हो गई।बाजार समिति चेंबर के अध्यक्ष जितेंद्र अग्रवाल ने बताया कि लगातार हो रही घटनाओं से व्यापारी समाज दहशत में है। उन्होंने प्रशासन से अभिलंब उक्त घटनाओं का उद्भेदन करने की मांग की। सिटी एसपी ने व्यापारियों को इस मामले में आश्वस्त कि बहुत जल्द घटना का उद्भेदन कर लिया जाएगा और व्यापारियों को पूर्ण सुरक्षा प्रदान की जाएगी। मौके पर बैंक मोड़ थाना प्रभारी प्रभात रंजन एवं बरवाअड्डा थाना प्रभारी विक्रम कुमार सिंह भी उपस्थित थें। जबकि चेंबर के प्रतिनिधिमंडल में जिला चैंबर्स के महासचिव अजय नारायण लाल, बाजार समिति चैंबर्स के अध्यक्ष जितेंद्र अग्रवाल, सचिव गौरव गर्ग, संदीप मित्तल, सहदेव यादव तथा शिवकुमार यादव उपस्थित थें।

कटहाडीह पंचायत में आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार, कार्यक्रम के तहत शिविर आयोजित

ऑन द स्पॉट मिल रहा है, आमजनों को सरकारी योजनाओं का लाभ

सुयोग्य लाभुकों के बीच जॉब कार्ड, राशन/पेंशन स्वीकृति पत्र, कंबल, धोती-साड़ी वितरित

नवप्रदेश, संवाददाता

कोडरमा। आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत आज कोडरमा जिला के सतगावां प्रखंड के खुट्टा, डोमचांच प्रखंड के मधुबन, कोडरमा प्रखंड के चाराडीह और जयनगर प्रखंड के कटहाडीह पंचायत में शिविर का आयोजन किया गया। उक्त शिविरों में विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाए गए, शिविर में स्वास्थ्य विभाग, राजस्व विभाग, कृषि विभाग, शिक्षा विभाग, कल्याण विभाग, सामाजिक सुरक्षा विभाग, समाज कल्याण विभाग, आपूर्ति विभाग, ग्रामीण विकास विभाग, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, श्रम विभाग समेत अन्य विभागों द्वारा स्टॉल लगाए गए। जहां काफी संख्या में स्थानीय ग्रामीण शिविर में पहुंचकर विभिन्न योजनाओं का लाभ लेने हेतु आवेदन समर्पित किए। वहीं शिविरों में संबंधित प्रखंड विकास पदाधिकारियों एवं अंचल अधिकारियों द्वारा लाभुकों के बीच कंबल का वितरण, राशन/पेंशन स्वीकृति पत्र वितरण, ऋण वितरण समेत अन्य योजनाओं का लाभ दिया गया। जेएसएलपीएस के समूह के बीच ऋण वितरण भी किया गया। साथ ही बच्चियों को सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना और साईकिल वितरण योजना का लाभ दिया गया। कार्यक्रम में सभी विभागों द्वारा विभागीय योजनाओं की जानकारी दी गई और आवेदन प्राप्त किये गये।दिनांक 26.12.2023 को सतगावां प्रखण्ड के कोठीयार, डोमचांच प्रखंड के ढोढोकोला, कोडरमा प्रखंड के बेकोबार दक्षिणी, चंदवारा प्रखंड के आरागारो, जयनगर प्रखंड के गोहाल और मरकच्चो प्रखंड के मरकच्चो मध्य पंचायत में योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम के तहत शिविर का आयोजन किया जायेगा।

शांति के प्रतीक हैं प्रभु यीशु : डॉ रामेश्वर उरांव

लोहरदगा। राज्य के मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव शनिवार को क्रिसमस के अवसर पर जिले के उसुलाईन बीएड कॉलेज ,उसुलाईन गर्ल्स हाई स्कूल, संत उसुर्ला हॉस्पिटल, जीईएल एवं एनडब्लू जीईएल चर्च, लीवेंस एकेडमी, सीएनआई चर्च, आरसी चर्च पेरिस पहुंच कर मसीही समुदाय से मिलकर क्रिसमस पर्व की शुभकामनाएं दीं। पूरे विश्व में अहिंसा, सत्य और सेवा का संदेश फैलाया। उसी तर्ज पर मिशनरी भाई बहन मानव धर्म की सेवा शिक्षा ,स्वास्थ्य, भाषाओं का संरक्षण एवं कल्याणकारी कार्य हर एक क्षेत्र में कर रहे हैं।

एक नजर

सुश्री निशा भगत शक्ति सुपर सी अभियान के स्टेट कोआर्डिनेटर नियुक्त की गई

गुमला। भारतीय युवा कांग्रेस प्रभारी कृष्णअल्लावरू एवं युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीनिवासन बी वी के अनुमोदन से झारखंड प्रदेश युवा कांग्रेस के उपाध्यक्ष सुश्री निशा भगत शक्ति सुपर सी अभियान के स्टेट कोऑर्डिनेटर नियुक्त किए जाने पर कांग्रेस जनों ने आभार प्रकट किया है। गुमला जिला कांग्रेस को विश्वास है कि सुश्री निशा भगत कुशल और गतिशील नेतृत्व में संगठन और साथ में कांग्रेस पार्टी को मजबूत करने के लिए अपना पूरा समय और ऊर्जा समर्पित करेंगे । मल्लिकार्जुन खड़गे सोनिया गांधी राहुल गांधी एवं झारखंड प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर के हाथों को मजबूत करेंगे गुमला जिला महासचिव फिरोज आलम ने कहा कि सुपर शक्ति शी का उद्देश्य देश की महिला शक्ति सशक्तिकरण को बढ़ावा देना। महिला अपने आप में सशक्त नहीं होती तब तक भारत मजबूत राष्ट्र नहीं बन सकता झारखंड महिला को सशक्त बनाने के लिए झारखंड में महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए झारखंड की आदिवासी महिला निशा भगत को इतनी बड़ी जिम्मेदारी मिलने से हम सब के लिए गर्व की बात है बधाई देने में गुमला जिला कांग्रेस के अध्यक्ष चैतू उरांव महामंत्री रामनिवास प्रसाद दीप नारायण उरांव आशिक अंसारी मुरली मनोहर प्रसाद जिला के महासचिव फिरोज आलम जिला के उपाध्यक्ष विष्णु राम आदिवासी जयंती टोप्पो कांग्रेस जिला अध्यक्ष कैप्टन लोहार जिला महासचिव खालिद शाह कलाम आलम राजू रंजन महतो जिला सचिव हिंदू भगत तरुण गोप मोहम्मद मुख्तार आजाद अंसारी बिंदेश्वर साहू डॉक्टर अशरफ साहब गुलाम सरवर भुवनेश्वर राम इबरार अंसारी, आदि ने बधाई पेश किया है।

सरकार-आपके द्वार, कार्यक्रम में हजारों समस्याओं का किया जा रहा निवारण

गुमला। जिले में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत अब तक 151 शिविरों का आयोजन किया जा चुका है। प्राप्त डाटा के अनुसार उक्त शिविर में अब तक 2,28,819 आवेदन प्राप्त हुए जिसमें से 70,039 आवेदनों का निस्पादन किया जा चुका है। प्रतिदिन जिले के विभिन्न पंचायतों में लगाएं जाने वाले शिविरों में झारखंड सरकार के विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के तहत आवेदन प्राप्त किए जा रहें है। साथ ही सैंकड़ों आवेदकों की समस्याओं का ऑन द स्पॉट निराकरण किया जा रहा है। बसिया प्रखंड के तुरबंगा पंचायत ,गुमला के करौंदी पंचायत, घाघरा के डुको पंचायत, सिसई के पंडरिया पंचायत, पालकोट के टेंगरिया एवं नगर परिषद गुमला के वार्ड संख्या 21 में शिवर का आयोजन किया गया। जहां सैंकड़ों की संख्या में स्थानीय नागरिक पहुंचे एवं शिविर का लाभ उठाया। अगला शिविर की तिथि दिनांक 26 दिसंबर को निर्धारित है, 13 स्थानों में लगाएं जाएंगे शिविर। घाघरा प्रखंड के आरंगी पंचायत, सिसई प्रखंड के पुसो पंचायत,बसिया के बसिया प्रखंड, कामडारा के टूरूणडु पंचायत, चैनपुर के बामदा पंचायत, विशुनपुर के सेरका पंचायत, गुमला के फसिया पंचायत, भरनो के तुरीअम्बा पंचायत, रायडीह के कोब्जा पंचायत, जारी के सिकरी पंचायत, डुमरी के खेतली पंचायत, पालकोट के उमड़ा पंचायत एवं नगर परिषद क्षेत्र अंतर्गत वार्ड संख्या- 22 में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत शिविरों का आयोजन किया जाएगा।

अज्ञात अपराधियों ने पूर्व पंचायत समिति सदस्य के पति विजय उरांव को गोली मारकर की हत्या

भरनो। बीते रात भरनो थाना क्षेत्र के सूपा गांव में अज्ञात अपराधियों ने पूर्व पंचायत समिति सदस्य के पति विजय उरांव की गोली मारकर हत्या कर दी थी। विरोध में एनएच 23 रांची गुमला मुख्य मार्ग को भरनो के मलगो मोड़ के पास आक्रोशित ग्रामीणों ने सुबह 9 बजे से 11बजे तक जाम कर दिया। जामकर्ताओ के बीच गुमला एसडीपीओ मनीष चंद्र लाल, सीओ अविनाश कुजूर, इंस्पेक्टर एसएन मंडल, थानेदार कृष्ण कुमार तिवारी आदि पाधिकारियो ने समझा बुझा के जाम हटवा लिया गया है। ग्रामीण मृतक के परिजनों को 50लाख रुपए मुआवजा, एक व्यक्ति को सरकारी नौकरी सहित विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ की मांग कर रहे थे।अधिकारियों ने उनकी मांगों को वरीय अधिकारियों के पास रखने का आश्वासन दिया। और साथ ही मृतक के आश्रितो को एक आवास, अनाज, पारिवारिक लाभ, पत्नी को विधवा पेंशन आदि देने का आश्वासन दिया गया, तब जाकर जाम को हटाया गया। जाम लगभग 2 घंटा तक रहा। अब आवागम सामान्य हो गया है।

व्हाट्सएप से नाबालिक को फंसा कर छह माह तक किया यौन शोषण, आरोपित गया जेल

पलामू। व्हाट्सएप के माध्यम से एक 15 वर्षीय नाबालिक लड़की को प्रेम जाल में फंसा कर उसका छह माह से यौन शोषण करने का मामला सामने आया है। 22 वर्षीय युवक शादी का प्रलोभन देकर किशोरी का यौन शोषण कर रहा था। मामले में जिले के तरहसी थाना में मामला दर्ज कराए जाने के 24 घंटे के भीतर आरोपी युवक को गिरफ्तार कर शनिवार को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। उसके खिलाफ तरहसी थाना में पॉक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया। प्राथमिकी अभियुक्त की पहचान धीरज मेहता, उम्र 22 वर्ष, पिता सुदेश्वर मेहता, ग्राम बसु, थाना पड़वा, जिला, पलामू के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार 6 माह पहले डालटनगंज में इण्टर की पढ़ाई करने के दौरान तरहसी थाना क्षेत्र के सोनपुर पंचायत क्षेत्र की 15 वर्षीय छात्रा को धीरज मेहता ने व्हाट्सएप के माध्यम से प्रेम जाल में फंसाया और फिर शादी का झांसा देकर 6 माह तक यौन शोषण किया। इस क्रम में शादी करने के लिए 10 लाख रुपए का डिमांड किया। पैसे नहीं देने पर किशोरी के परिजनों को शादी नहीं करने की धमकी दी। इस सिलसिले में 22 दिसंबर को मामला दर्ज कराया गया और 23 दिसंबर को आरोपी युवक को नावा जयपुर थाना क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया। आरोपी युवक भी पढ़ाई कर रहा था। कार्रवाई टीम में थाना प्रभारी जयप्रकाश पासवान और पुलिस अवर निरीक्षक भोला राणा के साथ सशस्त्र बल शामिल थे।

26 तक आरोप साबित नहीं हुआ तो होगा मानहानि का दवा

धनबाद। केमिस्ट एंड ड्रजिस्ट एसोसिएशन धनबाद के ललित कुमार अग्रवाल ने दावा किया है की पूर्व कोषाध्यक्ष शिव शंकर खंडेलवाल पूर्व संगठन सचिव अजय कुमार बरनवाल आगामी 26 दिसंबर तक मुझ पर लगाया आरोप सिद्ध नहीं करते हैं तो उनके खिलाफ एक करोड रुपए का मानहानि का दावा करेंगे। यह जानकारी ललित अग्रवाल ने शनिवार को यूनियन क्लब में आयोजित एक प्रेस वार्ता में दी।उन्होंने बताया कि एसोसिएशन की चुनावी प्रक्रिया सुचारू रूप से चल रही है तभी 22 दिसंबर को अपराह्न 3:00 बजे करियर के द्वारा ललित कुमार अग्रवाल को राजेश दुधनी का एक पन्ने का ऑडिट रिपोर्ट मिलता है जो की 17 दिसंबर 2019 से 16 जून 2023 तक का है।

केंद्र सरकार आमजनों के विकास तथा कल्याण के लिए कटिबद्ध : सांसद

लोहरदगा। विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम को तहत शनिवार को कुडू प्रखंड के दो पंचायतों चीरी तथा जीमा पंचायत में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि स्थानीय सांसद सुदर्शन भगत ने कहा कि केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार आमजनों के विकास तथा कल्याण के लिए कटिबद्ध है।

केंद्र सरकार के द्वारा पिछले आठ सालों से दस जनकल्याणकारी योजनाओं का संचालन हो रहा है। इसमें प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत योजना,

जेएसएलपीएस के तहत महिलाओं को विकास, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना,गरीब कल्याण अन्न योजना, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना,हर घर नल जल योजना सहित अन्य कल्याणकारी योजनाओं का संचालन कर रही है।

उन्होंने कहा कि योजना के संचालन क मुख्य उद्देश्य आमजनों के जीवन स्तर में सुधार लाना है। पिछले नौ सालों में भारत देश एक विकसित भारत देश के रूप में उभर रहा है। केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं से लगातार परिवर्तन हो रहा है, लोहरदगा जिला कृषि प्रधान जिला है, नए तकनीक से खेती करने की जरूरत, बदलते भारत का साक्षी बने। विशिष्ट अतिथि जिला परिषद अध्यक्ष रीना कुमारी भगत ने कहा कि केंद्र सरकार आमजनों के विकास व कल्याण को लेकर विभिन्न तरह की योजनाओ का संचालन कर रही है। आमजन इसका लाभ लें। मौके पर विकसित भारत संकल्प यात्रा को सफल बनाने के लिए शपथ लिया गया। साथ ही नैनो युरिया का ड्रोन के माध्यम से आधा दर्जन किसानों के खेतों में छिड़काव किया गया।

शिविर में लोगों को जनकल्याणकारी योजनाओं की दी गई जानकारी

सरकार-आपके द्वार, कार्यक्रम में लाभुकों के बीच धोती, साड़ी, कंबल, का वितरण

चयनित लाभुकों के बीच परिसंपत्तियों का भी किया गया वितरण

धनबाद। आपकी योजना-आपकी सरकार आपके द्वार के तहत धनबाद जिले के विभिन्न पंचायत, नगर परिषद एवं नगर निगम में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। शिविर में लोगों की समस्याओं का ऑन द स्पॉट निष्पादन किया गया। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न प्रखंडों में नोडल पदाधिकारियों की उपस्थिति में लोगों को जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देने के साथ लाभुकों के बीच परिसंपत्तियों का भी वितरण किया गया। आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार अंतर्गत विभिन्न प्रखंड के अंतर्गत प्रतिनियुक्त पदाधिकारियों एवं स्थानीय जनप्रतिनिधि के द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की गई। उनके द्वारा सभी स्टॉल का भ्रमण कर प्राप्त आवेदनों की विस्तृत जानकारी ली गई। उनके द्वारा योजना के तहत लाभुकों के बीच धोती-साड़ी लूंगी, कंबल, मनरेगा योजना स्वीकृति पत्र, पेंशन स्वीकृति पत्र इत्यादि का भी वितरण किया गया। उक्त कार्यक्रम के दौरान संबंधित प्रखंडों के प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचलाधिकारी एवं जनप्रतिनिधियों द्वारा कैंप में मौजूद कई योग्य लाभुकों के बीच

परिसंपत्तियों का वितरण किया गया। परिसंपत्ति वितरण में योग्य लाभुकों के बीच सर्वजन पेंशन योजना की स्वीकृति पत्र, स्कूली छात्राओं के बीच साइकिल खरीदने हेतु डमी चेक समेत अन्य लाभुकों के बीच धोती, साड़ी, कंबल, समेत अन्य परिसंपत्तियों का वितरण किया गया। विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल का निरीक्षण प्रखंड विकास पदाधिकारी सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि के द्वारा निरीक्षण कर सभी कर्मियों को निर्देशित किया गया की अंतिम व्यक्ति के आवेदक को प्राप्त करने के बाद ही कैंप का समापन किए जाएं, कैंप में मौजूद मेडिकल टीम को निर्देशित किया गया कि जितने भी लोग इस कैंप में पहुंच रहें हैं उन सभी का मेडिकल जांच की सुविधा अवश्य उपलब्ध कराएं साथ ही आवश्यकता अनुसार दवाइयों का भी वितरण किए जाएं। उक्त कार्यक्रम के दौरान अबुआ आवास योजना की जानकारी प्रदान करते हुए बताया गया कि इस योजना के तहत जो लाभुक आवास योजना से वंचित रह गए हैं वैसे लाभुकों को इस योजना से लाभान्वित किया जाएगा। वहीं युवा पीढ़ी को ध्यान में रखते हुए झारखंड सरकार द्वारा गुरुजी क्रेडिट कार्ड योजना लाया गया है। जिसके तहत छात्रों को उच्च शिक्षा हेतु आर्थिक तौर पर सहयोग किया जाएगा जिससे अच्छी शिक्षा में पैसा कभी भी बाधा न बन सके इस सोच के साथ इस योजना को लाया गया है। उक्त कार्यक्रम के दौरान विभिन्न शिविरों में बिरसा सिंचाई कूप योजना, सावित्री बाई फुले योजना, केसीसी, सर्वजन पेंशन योजना, राशन कार्ड, पशुधन योजना, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना आदि से संबंधित आवेदन प्राप्त किए गए। इस दौरान विभिन्न पंचायतों में प्रतिनियुक्त किए गए वरीय पदाधिकारी गण, स्थानीय जनप्रतिनिधि गण, जिले से प्रतिनियुक्त किए गए विभिन्न पदाधिकारीगण, संबंधित प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचलाधिकारी, विभिन्न विभागों के पदाधिकारी, विभिन्न पंचायतों के मुखिया, प्रमुख, अन्य जनप्रतिनिधि, स्थानीय ग्रामीण सहित अन्य उपस्थित थे।

सर्वधर्म सामूहिक विवाह समिति के महिला विंग की बैठक संपन्न

गोल्फ ग्राउंड में 17 जनवरी को होने वाली सामूहिक विवाह की तैयारियों को लेकर हुई चर्चा

नव प्रदेश संवाददाता

धनबाद। सर्व धर्म सामुहिक विवाह समिति के द्वारा महिला विंग की बैठक हिरापूर स्थित वेडिंग विल्स मैरेज गार्डन में रखी गई। आगामी होने वाले 17 जनवरी 2024 को सामुहिक विवाह की तैयारी पर चर्चा की गई। समिति के तरफ से लगातार १०वे वर्ष सफल सामुहिक विवाह समारोह की जा रही है। समिति के महिला विंग की सदस्यों ने बताया कि दिनांक 12 जनवरी को सभी जोड़ों को शादी का जोड़ा गल्फ ग्राउंड धनबाद में कर दिया जाएगा। सभी जोड़ों का ड्रेस एक ही जैसा होगा। सभी जोड़ों का विवाह अपने अपने रीति रिवाज से की जाएगी। विदाई के समय घर बसाने के लिए जरूरत के सामग्री के साथ साथ मिठाई और कोइछा देकर विदाई की जाएगी। महिला विंग की सदस्यों ने निर्णय लिया की सभी जोड़ों का विवाह तिलक दहेज रहित की जाएगी। बैठक में जया सिंह, पिंकी गुप्ता, रमा सिन्हा, पिंकी सिंह, डाक्टर सुनीता सिंह, अर्पिता, मीनु अग्रवाल, रिमा, बिन्दी पाठक, मधु सिन्हा, वर्षा, पुष्पा, कंचन, रूबी, अन्नु, संगीता जयसवाल, अर्चना, बविता सिंह, काजल, मनिषा, दीपाली आदि ने भाग लिया।

अनवरी खातून के प्रयासों से इस कड़कती ठंड में 75 जरूरतमंदों को मिला कंबल

केन्दुआ। झारखंड सरकार महिला बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग द्वारा प्रदत्त कंबल को राष्ट्रीय जनता दल महिला प्रकोष्ठ की जिला अध्यक्ष अनवरी खातून ने शनिवार को ईदगाह रोड केन्दुआ न.4 में जरूरतमंदों के बीच 75 कंबल का वितरण किया । मौके पर अनवरी खातून ने राज्य सरकार के लोक कल्याणकारी योजनाओं पर प्रमुखता से प्रकाश डाला, उन्होंने कहा कि ठंड से किसी भी व्यक्ति की जान न जाए यह सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने आगे कहा कि समाज के अंतिम पंक्ति के लोगों तक सरकार की लोक कल्याणकारी योजनाओं को पहुंचाने के लिए ईमानदार व सार्वजनिक प्रयास की जरूरत है।

पश्चिमी सिंहभूम में आईईडी ब्लास्ट में महिला नक्सली घायल

पश्चिमी सिंहभूम। जिले के नक्सल प्रभावित सोनुआ थाना क्षेत्र अंतर्गत पोड़ाहाट जंगल के बोयकेड़ा पंचायत में पुलिस को नुकसान पहुंचाने के लिए शुक्रवार रात आईईडी बम लगाने के दौरान एक महिला नक्सली घायल हो गई। घटना के बाद सहयोगी नक्सली उसे लेकर जंगल की तरफ चले गए। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस शनिवार को घटनास्थल पर पहुंचकर मामले की छानबीन कर रही है। हालांकि, अब तक इस मामले में कोई सुराग नहीं मिल पाया है। बताया जा रहा है कि नक्सलियों के एक दस्ते के पोड़ाहाट क्षेत्र में आने की सूचना के बाद पुलिस और सीआरपीएफ के जवान लगातार नक्सलियों के खिलाफ सर्च अभियान चला रहे हैं। इसकी खबर मिलने पर पुलिस को नुकसान पहुंचाने के लिए शुक्रवार को मध्य रात आईईडी बम महिला नक्सली सदस्य लगा रही थी। इसी दौरान आईईडी बम ब्लास्ट हो गया और वह गंभीर रूप से घायल हो गई। कुछ लोग महिला नक्सली के मौत होने और उसे सहयोगी नक्सलियों द्वारा साथ ले जाने की भी बात कह रहे हैं।

गोड्डा में व्यक्ति का शव मिला, हत्या की आशंका

गोड्डा। जिले के पोड़ैयाहाट प्रखंड के डहुपथार गांव के पास एक व्यक्ति का शव मिला है। मृतक की पहचान द्रुपद गांव के गिरधारी यादव के रूप में हुई है। सूचना के बाद थाना एवं एसडीपीओ मौके पर पहुंच गए हैं। पुलिस के अनुसार मामला हत्या कर शव को किसी अन्य जगह पर फेंकने का है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

युवक की गला रेतकर हत्या, निकाल ली आंख

जामताड़ा। जिले के फतेहपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत आसनबेड़िया पंचायत के पथराबाद गांव में शनिवार की सुबह एक अज्ञात का शव मिला। स्थानीय लोगों की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने मामले की जांच के दौरान यह पाया कि युवक की हत्या कर शव को यहां फेंक दिया गया है। उसके गले पर कटे हुए का निशान है। साथ ही उसकी एक आंख भी निकाल ली गई है। फिलहाल युवक की पहचान और हत्या के कारणों का अब तक खुलासा नहीं हो सका है। पुलिस हर बिंदु पर जांच कर रही है। शव की पहचान कराने का प्रयास किया जा रहा है।

दीवार में सेंधमारी कर चोरी

पलामू। छतरपुर थाना क्षेत्र के बाजार स्थित खजूरी निवासी अनिल सिंह के मकान में शुक्रवार रात चोरों ने घर की बीस इंच की दीवार में सेंधमारी कर करीब 50 हजार रुपए के सामान चोरी कर ली। इस संबंध में भुक्तभोगी अनिल कुमार सिंह ने बताया कि वे शुक्रवार की रात घर में सब परिवार के साथ सोए हुए थे। शनिवार सुबह जगने पर देखा कि घर के अंदर बीस इंच से अधिक मोटी दीवार पर लगभग 2 फीट से अधिक की सेंधमारी कर कमरे में से जेवरात के अलावे बक्सा तोड़कर चांदी के जेवरात और सिक्के की चोरी कर ली गई

नए साल पर पिकनिक को ले एसपी खरवार ने की आम जनता से अपील

दुमका। पुलिस अधीक्षक दुमका पीतांबर सिंह खेरवार ने दुमका जिले के आम जनता से अपील करते हुए कहा कि जैसे आप अपने परिवार के साथ पिकनिक मनाने जाते हैं वैसे ही दूसरे परिवार भी पिकनिक मनाने आते हैं कृपया कर बेवजह किसी की खुशी में बाधा ना बने ना ही किसी को परेशान करें, सभी लोग इसी समाज के हैं सभी लोग मिलकर नए साल की स्वागत करें एवं हरसोलश के साथ क्रिसमस, नव वर्ष एवं सोहराय पर्व को मनाएं। दुमका पुलिस सभी तरह की प्रशासनिक तैयारी को पूरी कर हुड़दंग्यों पर पैनी नजर बनाए हुए है। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि जश्न में खलल डालने वाले हुड़दंग्यों को बक्सा नहीं जाएगा अफवाह फैलाने, शराब पीकर वाहन चलाने एवं हुड़दंग्यों के खिलाफ विधि सम्मत कार्रवाई की जाएगी।

श्रम एवं रोजगार मंत्रालय के संयुक्त सचिव ने लोहरदगा में इंडिकेटर्स की समीक्षा की, दिए निर्देश

लोहरदगा। केंद्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्रालय के संयुक्त सचिव कमल किशोर सोन ने जिला परिषद कार्यालय लोहरदगा स्थित सभाकक्ष में आकांक्षी जिला अंतर्गत इंडिकेटर्स की समीक्षा की। उन्होंने पिछली बैठक में दिये गये निदेर्शों के अनुपालन की समीक्षा की। साथ ही शिक्षा विभाग अंतर्गत विद्यालय भवन निर्माण व उसकी उपयोगिता सुनिश्चित किये जाने का निर्देश दिया। सोन ने विद्यालय भवनों के बिजली बिल का भुगतान सुनिश्चित किये जाने का निर्देश दिया ताकि बिजली की आपूर्ति बाधित नहीं हो। विद्यालयों में शौचालय की व्यवस्था सुनिश्चित किये जाने का निर्देश दिया। जिले के विभिन्न प्रखंडों में निमार्णाधीन पांच एकलव्य आवासीय विद्यालयों में मार्च 2024 तक विद्यालय भवन का निर्माण कार्य पूर्ण हो जाने पर पठन-पाठन कार्य प्रारंभ कराने के लिए कार्ययोजना बनाकर राज्य सरकार को प्रस्ताव भेजे जाने का निर्देश दिया।

साथ ही आकांक्षा परीक्षा में आवासीय विद्यालयों की छात्र/छात्राओं को अवसर प्रदान करने के लिए वैसे बच्चों को चिन्हित कर लोहरदगा जिला में ही तैयारी कराये जाने का निर्देश दिया गया। इसके लिए आकांक्षा परीक्षा के लिए पढ़ाने वाले शिक्षकों से संपर्क कर शिक्षकों की व्यवस्था करने का निर्देश दिया गया। परीक्षा से पहले ओरिएंटेशन कराये जाने का निर्देश दिया गया। कैलेंडर के अनुसार प्रवेश परीक्षा की तिथियों के बारे बच्चों को जानकारी दिये जाने का निर्देश दिया गया। ग्रामीण कार्य विभाग लोहरदगा को विद्यालयों, अस्पताल व आंगनबाड़ी केंद्रों तक पहुंच पथ सुनिश्चित किये जाने का निर्देश दिया गया। इसके लिए कार्ययोजना बनाये जाने का निर्देश कार्यपालक अभियंता को दिया गया। जन मन योजना में 53 पॉकेट में रहने वाले पीवीटीजी समूह के लिए पेयजल की उपलब्धता, उनके लिए आवास योजना, वन पट्टा, बिरसा हरित ग्राम योजना, पशुपालन की योजनाएं सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। साथ ही उनके बच्चों का कल्याण आवासीय विद्यालयों, कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों, एकलव्य विद्यालयों आदि में नामांकन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया।

इंडिकेटर्स की गई समीक्षा

बैठक में सोन ने विभिन्न इंडिकेटर्स की समीक्षा की, जिसमें स्वास्थ्य, शिक्षा, कृषि एवं जल संरक्षण, वित्तीय समावेशन, आधारभूत संरचना, पेयजल एवं स्वच्छता, समाज कल्याण, पशुपालन, कौशल विकास आदि की समीक्षा की गई। शिक्षा के इंडीकेटर में शिक्षा का अधिकार अधिनियम अंतर्गत विद्यालयों में 25 फीसदी आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लिए आरक्षित सीटों को 100 प्रतिशत भरे जाने का निर्देश जिला शिक्षा पदाधिकारी को दिया गया। इसके लिए जिला शिक्षा पदाधिकारी को उक्त विद्यालयों में नामांकन के पूर्व एक सर्वे कर जनप्रतिनिधियों की सहायता से बच्चे चिन्हित करने का निर्देश दिया गया। नये सत्र में सीटें सौ फीसदी भरे जाने का निर्देश दिया गया। भूमि संरक्षण पदाधिकारी को अगले वर्ष के लिए लोहरदगा जिला में अमृत सरोवर के लिए लक्ष्य अनुसार चयनित स्थल का सत्यापन करा लेने का निर्देश दिया गया ताकि तालाबों को निर्बाध रूप से पूर्ण किया जा सके।

शॉल टेकर्स सुदना का पलामू कप ट्राफी पर कब्जा

विजेता को 31 हजार, उप विजेता को 15 हजार का इनाम

पलामू। झामुमो युवा मोर्चा की ओर से जीएलए कॉलेज ग्राउंड में आयोजित कॉस्को क्रिकेट टूनार्मेंट पलामू कप 2023 का शनिवार को शानदार समापन हुआ। पलामू कप पर सुदना की टीम शॉल टेकर्स ने डाली क्रिकेट क्लब को तीन विकेट से हराकर कब्जा कर लिया। इस आयोजन के मुख्य अतिथि झारखंड मुक्ति मोर्चा के जिलाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद सिन्हा, सचिव सन्नू सिद्धिकी, युवा नेता अभिषेक सिंह, राष्ट्रीय परशुराम युवा वाहिनी के प्रदेश अध्यक्ष देवेंद्र तिवारी, केंद्रीय कार्यसमिति सदस्य गोपाल सिन्हा, मनोज गुप्ता, वरिष्ठ नेता अविनाश देव, यूथ विंग अध्यक्ष सन्नी शुक्ला, सचिव आशुतोष विनायक ने विजेता टीम को ट्राफी और इनामी राशि का

चेक सौंपा। यह टूनार्मेंट जेएमएम युवा के जिलाध्यक्ष सन्नी शुक्ला एवं सचिव आशुतोष विनायक के नेतृत्व में आयोजित था। मौके पर मुख्य अतिथि ने युवा मोर्चा की टीम को सफल आयोजन के लिए बधाई सहित मंगलकामना दी। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की कोशिश है कि झारखंड में खेल एवं खिलाड़ियों की प्रतिभा को निखारा जाए। जिसे संवारने की दिशा में पलामू की युवा मोर्चा ने नया आयाम दिया है, जिसे झामुमो कमिटी ऊंचा मुकाम देने में अहम भूमिका निभाएगी। आने वाले समय खेल के क्षेत्र में पलामू को अव्वल देखेगा। आयोजन समिति के अध्यक्ष सन्नी शुक्ला ने जिला मुख्यालय का एकमात्र बचे खेल मैदान जीएलए कॉलेज ग्राउंड को पलामू का लॉडर्स बताते हुए उसके संरक्षित करने का आह्वान किया एवं भविष्य में बड़े टुनार्मेंट के आयोजन की संभावना व्यक्त की। सचिव आशुतोष विनायक ने बताया कि शुभारंभ से लेकर अंत तक जीएलए कॉलेज ग्राउंड के पूर्व एवं वर्तमान क्रिकेटर का भरपूर सहयोग रहा। खेल का महौल पलामू में उपयुक्त है, बस उसे संवारने के लिए पलामूवासियों को आगे आना चाहिए।

व्यवहार न्यायालय में लोक अदालत का आयोजन

नव प्रदेश संवाददाता

गुमला। झालसा एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, गुमला, संजय कुमार चंधरियावी के निदेर्शानुसार व्यवहार न्यायालय, गुमला, में मासिक लोक अदालत का आयोजन किया गया। इस मौके पर माननीय जिला एवं सत्र न्यायाधीश महोदय ने कहा कि मासिक लोक अदालत के द्वारा न्यायालय में सुलहनीय मामले, दीवानी वाद, बैंक लोन, कर्ज माफी, बिजली भुगतान, उत्पाद, वन विभाग तथा नापतोल विभाग के मामले, का निष्पादन मासिक लोक अदालत के दिन ही हो जाता है। लोक अदालत में दोनों पक्षों की जीत होती है तथा समय तथा पैसे की भी बचत होती है और साथ ही साथ आपसी संबंध भी मधुर बना रहता है। पार्थ सारथी घोष, सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, गुमला, ने कहा कि पक्षकार तथा लोग अपने सुलहनीए वाद तथा वन विभाग, उत्पाद विभाग, बिजली विभाग, बैंक से संबंधित मामलो के त्वरित निष्पादन के लिए आगे आएं तथा अपने बहुमूल्य समय तथा पैसे का बचत करें। मासिक लोक अदालत में कुल 6 मामलों का निष्पादन किया गया जिसमें कूल 125000-/ रूपए के राजस्व की प्राप्ति हुई। इस कार्यक्रम में डालसा सचिव, पार्थ सारथी घोष, शंभू सिंह स्थाई लोक अदालत के सदस्य, अधिवक्ता बुंदेश्वर गोप, विद्या निधि शर्मा, जितेंद्र सिंह, इंदु पांडे, सहायक प्रकाश कुमार, अरविंद चौधरी, मनीष कुमार, आदि, उपस्थित थे।

आज भी लोक जीवन में समाहित हैं प्रभु श्रीराम के आदर्श : कृष्णगोपाल

संघ के सह सरकार्यवाह डॉ. कृष्णगोपाल ने अयोध्या उत्सव का किया शुभारंभ

अयोध्या (हि.स.)। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सह सरकार्यवाह डॉ. कृष्णगोपाल ने शनिवार को श्री मणिराम दास छावनी स्थित श्रीराम सत्संग भवन में तीन दिवसीय अयोध्या उत्सव का उद्घाटन किया। इस अवसर पर डॉ. कृष्णगोपाल ने कहा कि हम सभी आनंद के वातावरण में हैं। वर्षों से हम इस क्षण की प्रतीक्षा कर रहे थे। मयार्दा पुरुषोत्तम श्रीराम के मंदिर का निर्माण हो रहा है। 22 जनवरी 2024 को मंदिर के उद्घाटन की तिथि निश्चित है। सारे विश्व में हिंदू समाज उत्साहित व आनंदित है।

बहुभाषी न्यूज एजेंसी हिन्दुस्थान समाचार के तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में डॉ. कृष्णगोपाल ने कहा कि पिछले हजार वर्षों की यात्रा में कुछ दुष्ट प्रवृत्ति के लोगों ने यहां के मंदिरों का विध्वंश किया। हिंदुओं पर अत्याचारों की पराकाष्ठा की गई, किंतु राम का सहारा लेकर हिंदू समाज लड़ाई लड़ता रहा। कभी शांत होकर तो कभी उग्र होकर। हिंदुओं को इस्लाम स्वीकारने के लिए विवश किया गया। तीर्थ यात्रा पर टैक्स लगे। फिर, धर्म को सुरक्षित रखने का यत्न करना पड़ा। लोग मंदिर छोड़कर घर में सिमट गए थे और ऐसी विकट परिस्थिति से जो सबको उबारकर बाहर ले आया, उनका नाम श्रीराम है।

उन्होंने कहा कि वैदिक मन्त्रों का दर्शन, लोक भाषा में आने लगा। हर भाषा में रामायण आ गई। हर क्षेत्र ने रामायण का गायन शुरू कर दिया है। रामचरितमानस मिला। राम, लोक जीवन में समा गए। यहां तक कि राम नाम के नमस्कार से लेकर पूरा जीवन राममय हो गया।

उन्होंने कहा कि राम का आदर्श लोगों ने स्वीकार किया। राम जैसे भाई की कामना की जाने लगी। प्रभु श्रीराम सारीखे एक पत्नी व्रती को आदर्श माना जाने लगा। यहां तक कि सर्वाधिक शहरों के नाम में राम ऊपर आ गए। कथा, कहानी, नाटक में भी राम, लोक-रंजन में व्याप्त हो गये। राम, धर्म के ज्ञाता के रूप में विख्यात और साक्षात विग्रहमान हुए। ऐसा कोई दूसरा आदर्श नहीं जो समाज की गहराइयों तक बैठ पाया हो। डॉ. कृष्णगोपाल ने कहा कि भगवान श्रीराम ने 14 वर्ष की अल्पायु में पृथ्वी को राक्षसों से विहीन करने की प्रतिज्ञा ली। राज्याभिषेक की खुशी की विशालता की कोई परवाह नहीं थी। यह केवल राम ही कर सकते हैं। चक्रवर्ती सम्राट दशरथ के बड़े राजकुमार ने राजतिलक को भुलाकर, केवट से नाव मांगना मुनासिब समझा। राम के मन में केवट के प्रति आदर है तो केवट के मन में राम के प्रति अधिकार का भाव। इतना ही नहीं, राम को गिद्धराज जटयु मिलता है। यह किसी पक्षी का नहीं, बल्कि मनुष्य का विचार है, जो एक स्त्री को बचाने के लिए पूरे सामर्थ्य के साथ लड़ता है। जटायु का आदर्श बताता है कि किसी महिला के सम्मान के लिए लड़ना चाहिए न कि उसे छोड़कर भाग जाना चाहिए।

डॉ. कृष्णगोपाल ने कहा कि श्रीराम ने मानव जाति ही नहीं सृष्टि को मित्रता और वचन निभाने का पाठ पढ़ाया। सुग्रीव को राज्य देकर अपने वचन का पालन किया तो लक्ष्मण से सुग्रीव का राज्याभिषेक करावाकर 14 वर्षों तक वनगमन का दिया गया वचन भी निभाया। राम ने इस 14 वर्षों में कभी भी किसी नगर में प्रवेश नहीं किया। विभीषण के साथ भी कुछ ऐसा ही व्यवहार सामने आया। भारत में आज भी विभीषण के अतिथि सत्कार को माना जाता है। यहां के लोकभाव में आज भी यह द्दष्टव्य है। पारसी लोग अतिथि के रूप में भारत में आए। यहां आदरणीय हो गए। आज किसी भी देश के लोगों को भारत में सम्मान दिया जाता है। सम्मान देने का यह दर्शन भी प्रभु श्रीराम ने ही स्थापित किया।

संस्कार भी राम की ही देन

सह सरकार्यवाह डॉ. कृष्णगोपाल ने कहा कि राम अपने आदर्शों के कारण ही जनमन में समाए हैं। राम-रावण युद्ध के दौरान रावण मारा गया। विभीषण अंतिम संस्कार को तैयार नहीं थे, लेकिन प्रभु श्रीराम के समझाने के बाद बैर खत्म हुआ और विभीषण अंतिम संस्कार को तैयार हुए। आज भी यह भारतीय समाज में स्थापित है। जिनके संबंध बिगड़े होते हैं, वे भी किसी की मृत्यु के बाद अपना बैर समाप्त करने को इस दुख की घड़ी में उसके घर जाते हैं।

लालच के त्याग की दी सीख

राम ने भारतीय समाज को लालच न करने का सबक दिया। सोने की लंका को देखकर भी उनके मन में लालच न आना इसका जीता जगाता उदाहरण है। उन्होंने समाज को आदर्श दिया कि दूसरे का सोना भी हमारे लिए मिट्टी है। यही वजह है कि भारतीय राजाओं ने भी किसी दूसरे देश के लोगों को लूटने का प्रयास नहीं किया। महाराज विक्रमादित्य जैसे शक्तिशाली राजा के मन में भी लूटने जैसा कार्य करने का कुत्सित विचार मन में नहीं आया।

मंदिर तोड़े गये, लेकिन लोकमन से नहीं निकल सके राम

उन्होंने कहा कि आतताइयों ने भारत के अनेक मठ-मंदिरों को नष्ट किया, लेकिन भारत के जन जन में स्थापित श्रीराम के आदर्शों की वजह से उन्हें किसी के मन से नहीं निकाल सके। इसका परिणाम है कि हम आज लगभग 500 वर्षों की लंबी यात्रा के बाद श्रीराम मंदिर बना रहे हैं। अब हर व्यक्ति के आध्यात्मिक भाव को पुनर्जीवित किया जा सकेगा। विश्व को एक नई दिशा दे सकेंगे। राम का दर्शन भी यही है। सबके सुख की मंगल कामना करना। प्रभु श्रीराम का यह मंदिर इन सभी भावनाओं का प्रतीक है।

पंचांग, राशिफल, शब्द पहेली, सूडोकू

मेष: कुछ प्रतिकूल गोचर का क्षोभ दिन-भर रहेगा। सुबह-सुबह की महत्वपूर्ण सिद्धि के बाद दिन-भर उत्साह बना रहेगा। किसी लाभदायक कार्य के लिए व्ययकारक स्थितियां पैदा होंगी। प्रसन्नता के साथ सभी जरूरी कार्य बनते नजर आएंग। मनोरथ सिद्धि का योग है। मेहमानों का आगमन होगा। शुभांक-3-6-8

वृष : स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। सम्पत्ति से लाभ। शुभांक-4-6-8

मिथुन : महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध होंगे। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते है। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। शुभांक-2-4-6

कर्क : धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। सुखदायी समय है। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। बुद्धितत्व की सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा। कुछ महत्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी। सुखद समय की अनुभूतियां प्रबल होंगी। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। शुभांक-4-6-7

सिंह : मनोविनोद बढ़ेंगे। व्याधिक्य का अवसर आ सकता है। शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। कामकाज की अधिकता रहेगी। लाभ भी होगा और पुराने मित्रों से समागम भी होगा। व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेगी। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। शुभांक-2-4-6

कन्या : धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होगी। रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। शुभ कार्यों की प्रवृत्ति बनेगी और शुभ समाचार भी मिलेंगे। स्थान परिवर्तन की संभावना हैं। शुभांक-3-5-7

तुला : रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। शुभ कार्यों की प्रवृत्ति बनेगी और शुभ समाचार भी मिलेंगे। लाभकारी गतिविधियों में सक्रियता रहेगी। कार्यक्षेत्र में संतोषजनक सफलता मिलेगी। यात्रा का योग है। शुभांक-3-5-6

वृश्चिक : कुछ एकाग्रता की प्रवृत्ति बनेगी। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। शुभांक-4-5-7

धनु: जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात दूर हो जाएगी। परिवारजन का सहयोग काम को बनाना आसान करेगा। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे। थोड़े प्रयास से कार्य सिद्ध होंगे। शुभ कार्य सम्पन्न होने से वातावरण आनन्द देने वाला बना रहेगा। शुभांक-2-4-6

मकर : परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। आर्थिक लाभ हेतु किये गए कार्यों का तत्काल प्रतिफल मिलेगा। बौद्धिक उलझनें बनी रहेंगी। लाभ मार्ग प्रशस्त होगा। नवीन उद्योगों के अवसर बढ़ेंगे व अभिलाषाएं पूर्ण होंगी। शुभांक-1-3-5

कुंभ : मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। नैतिक दायरे में रहें। मेहमानों का आगमन होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। चिंतनीय वातावरण से मुक्ति मिलेगी। पारिवारिक विवाद टालें। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। शुभांक-2-6-9

मीन : शत्रुपक्ष पर आप हावी रहेंगे। पारिवारिक परेशानी बढ़ेगी। कुछ प्रतिकूल गोचर का क्षोभ दिन-भर रहेगा। यश-प्रतिष्ठा में वृद्धि व शिक्षा में परेशानी आ सकती है। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। व्यापार में वृद्धि होगी। नौकरी में सहयोगियों का सहयोग प्राप्त होगा। ज्ञानार्जन का वातावरण बनेगा। शुभांक-2-4-6



वैश्विक टेक्नोलॉजी के साथ समन्वय के लिए गुजरात में अनूठा स्किल डवलपमेंट इकोसिस्टम

अहमदाबाद (हि.स.)। गुजरात की युवा पीढ़ी नई एवं उन्नत टेक्नोलॉजी से निरंतर अपडेट रहते हुए अपनी स्किल को अधिक अच्छे ढंग से अप्लाई कर सके, इसके लिए राज्य सरकार ने अनेक पहल की है। इसके परिणामस्वरूप पिछले दो दशकों के दौरान अनेक निवेश एवं उद्योग गुजरात में आए हैं। इससे गुजरात के स्किल इकोसिस्टम में आमूल परिवर्तन आया है। मुख्यमंत्री भविष्यलक्षी कौशल्य विकास योजना (एमवीकेवीवाई): गुजरात के युवाओं के आवश्यक कौशल्य लिए राज्य सरकार ने मुख्यमंत्री भविष्यलक्षी कौशल्य विकास योजना (एमवीकेवीवाई) लागू की थी। इसके अंतर्गत हेल्थकेयर, ऑटोमेटिव, ग्रीन जॉब्स, आईटी-आईटीइएस, ड्रोन्स, इलेक्ट्रॉनिक्स तथा हार्डवेयर, टेलीकॉम आदि जैसे प्रमुख क्षेत्रों में नए युग के लगभग 92 पाठ्यक्रमों का प्रशिक्षण दिया जाता है। राज्य में अब तक 13 हजार से अधिक लोगों को एमवीकेवीवाई के अंतर्गत प्रशिक्षण दिया गया है। मुख्यमंत्री स्किल डवलपमेंट इनीशिएटिव (एमएसडीआई): राज्य में कौशल्य विकास के प्रयासों को एकीकृत करने के लिए मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने ह्लमुख्यमंत्री स्किल डवलपमेंट इनीशिएटिवह्व (एमएसडीआई) की घोषणा की थी। एमएसडीआई का प्राथमिक उद्देश्य राज्य के कौशल्य ढाँचे का अधिकतम उपयोग करना तथा हर साल पाँच लाख उम्मीदवारों को प्रशिक्षण देना है। इस प्रोग्राम के अंतर्गत गत वर्ष 2022-23 में राज्य के विभिन्न विभागों द्वारा 5.68 लाख से अधिक युवाओं को प्रशिक्षण देकर कौशल्यवान बनाया गया है। कौशल्य-द स्किल यूनिवर्सिटी (केएसयू): गुजरात में कौशल्य-स्किल यूनिवर्सिटी (केएसयू) की स्थापना से शिक्षा एवं रोजगार के नए युग की शुरूआत हुई है। कौशल्य विकास तथा उच्च शिक्षा के बीच सेतु रूपी कार्य केएसयू कर रही है। केएसयू में स्कूल ऑफ कम्प्यूटिंग, स्कूल ऑफ साइंस-मैन्युफैक्चरिंग एंड इन्फ्रास्ट्रक्चर, स्कूल ऑफ सर्विस, स्कूल ऑफ लिबरल आर्ट्स, स्कूल ऑफ मैनेजमेंट एंड फाइनेंस तथा स्कूल ऑफ ड्रोन्स सहित 6 विद्या शाखाओं के अंतर्गत 100 से अधिक पाठ्यक्रम संचालित हैं। इसके अलावा केएसयू ने ह्लड्रोन मंत्र लैबह्व की भी स्थापना की है, जो ड्रोन प्रशिक्षण के साथ ड्रोन उत्पादन का प्रशिक्षण भी देता है। केएसयू की विभिन्न विद्या शाखाओं के अंतर्गत हाल में 15,000 विद्यार्थी पंजीकृत हैं और 9,640 विद्यार्थी सर्टिफाइड हुए हैं। केएसयू ने विभिन्न औद्योगिक गृहों के साथ मजबूत संबंध एवं भागीदारी स्थापित की है, जिसके फलस्वरूप विद्यार्थियों को उद्योग की मांग से सुसंगत प्रशिक्षण दिया जा सके। ऐसे प्रयासों के चलते विद्यार्थियों को नौकरी की अच्छी संभावनाएँ उपलब्ध होती हैं। मुख्यमंत्री एप्रेंटिसशिप योजना: मुख्यमंत्री एप्रेंटिसशिप योजना औद्योगिक इकाइयों के लिए उनकी कुशल कारीगरों की मांग को पूरा करने एवं युवाओं को औद्योगिक वातावरण में प्रशिक्षण देने का एक विशेष कार्यक्रम है। राज्य के एप्रेंटिस पोर्टल पर 32 हजार से अधिक संस्थाओं के पंजीकरण के साथ गुजरात राज्य देश में प्रथम स्थान पर है। गत वर्ष 2022-23 में राज्य के 1,21,710 युवाओं ने एप्रेंटिस के रूप में शामिल होकर औद्योगिक वातावरण में प्रशिक्षण प्राप्त किया है। प्रोजेक्ट संकल्प: गुजरात सरकार के इस विशेष प्रोजेक्ट के अंतर्गत औद्योगिक गृह उनकी मांग एवं आवश्यकता के अनुसार स्किल में युवाओ को स्वयं ही तथा उनके उद्योग स्थल पर ही प्रशिक्षण दे सकें; इसके लिए सहायता दी जाती है, जिससे औद्योगिक गृह ट्रेनिंग सेंटर की स्थापना कर अपनी आवश्यकता के अनुसार प्रशिक्षण दे सकें। गुजरात में प्रोजेक्ट संकल्प के अंतर्गत अब तक लगभग 3100 उम्मीदवारों को औद्योगिक गृहों द्वारा प्रशिक्षण दिया गया है। सक्षम केवीके 2.0: गुजरात के गाँवों तक तथा वंचित समूहों को भी सरलता से विभिन्न कौशल्य प्रशिक्षण देकर कौशल्य बनाया जा सके; इसके लिए राज्य सरकार ने सक्षम केवीके 2.0 योजना शुरू की थी। इसके अंतर्गत महिला, ट्रांसजेंडर, दिव्यांग, वयोवृद्ध तथा वंचित नागरिकों के समूह को एक स्थान पर प्रशिक्षण दिया जा सके; इसकेलिए कौशल्य वर्धन केन्द्रों की स्थापना कर प्रशिक्षण दिया जाता है। राज्य में अब तक लगभग 2100 नागरिकों को इस योजनांतर्गत प्रशिक्षण दिया गया है। **आईटीआई में स्किलिंग:** गुजरात के पास प्रत्येक तहसील में एक औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) होने का विशेष लाभ है। हाल में गुजरात के कुल 558 आईटीआई की हर वर्ष 2 लाख से अधिक विद्यार्थियों को प्रशिक्षण देने की क्षमता है। आईटीआई में लगभग 132 ट्रेड्स में विद्यार्थियों को व्यावसायिक प्रशिक्षण दिया जाता है। आईटीआई के इस व्यापक नेटवर्क ने उसकी 85 प्रतिशत सीटें भर कर लगभग 1.36 लाख से अधिक प्रशिक्षु पंजीकृत किए हैं, जो देश के अन्य राज्यों की तुलना में सर्वाधिक है। मेगा आईटीआई: उभरती टेक्नोलॉजी में अग्रिम प्रशिक्षण देने के लिए राज्य सरकार द्वारा 41 नोडल आईटीआई को ह्यमेगा आईटीआईह्ल के रूप में विकसित किया जा रहा है। इन मेगा आईटीआई में 6 से 8 सेक्टरल सेंटर्स ऑफ एक्सीलेंस होंगे, जो उभरती टेक्नोलॉजी तथा उन्नत कौशल्य का प्रशिक्षण प्रदान करेंगे। इसके अलावा राज्यमें स्थानीय रोजगार के अवसरों को वेग देने के लिए जीआईडीसी एस्टेट में उद्योगों के साथ मिल कर राज्य सरकार मिनी आईटीआई की भी स्थापना कर रही है। गुजरात एपेक्स ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट (गति): गुजरात एपेक्स ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट (गति) प्रोजेक्ट के अंतर्गत राज्य सरकार 4 सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (सीओईएस) तथा 8 इंस्टीट्यूट ऑफ ट्रेनिंग ऑफ ट्रेनर्स (आईटीओटीएस) की स्थापना करेगी, जिसमें कुशल, अनुभवी तथा प्रशिक्षित ट्रेनर्स का समूह बनाने के लिए नवीन टेक्नोलॉजी के अनुरूप प्रशिक्षण कार्यक्रम ऑफर किए जाएंगे। ॠअळक के अंतर्गत आधुनिक टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में मांग आधारित अल्पकालीन व दीर्घकालीन पाठ्यक्रम विकसित किए जाएंगे। इंडियन डायमंड इंस्टीट्यूट (आईडीआई): विश्व के सबसे बड़े डायमंड मैन्युफैक्चरिंग सेंटर सूरत में पिछले 44 वर्षों से इंडियन डायमंड इंस्टीट्यूट (आईडीआई) कार्यरत है, जो देश-विदेश में डायमंड, जेम्स एंड ज्वेलरी क्षेत्र में टेक्नोलॉजी तथा नवीनता के साथ निरंतर सेवाएँ प्रदान कर रहा है।

आकलन वर्ष 2024-25 के लिए आयकर रिटर्न फॉर्म एक और 4 अधिसूचित

आयकर विभाग की ओर से 22 दिसंबर, शुक्रवार को आईटीआर फॉर्म एक (सहज) और फॉर्म 4 (सुगम) सरल को अधिसूचित किया गया है

नई दिल्ली (हि.स.)। आयकर रिटर्न (आईटीआर) दाखिल करने वाले करदाताओं के लिए अच्छी खबर है। आयकर विभाग ने आकलन वर्ष 2024-25 के लिए आईटीआर फॉर्म एक और चार को अधिसूचित कर दिया है। आईटीआर फॉर्म को 50 लाख रुपये तक की कुल सालाना इनकम वाले व्यक्ति और इकाइयां भरते हैं।

आयकर विभाग की ओर से 22 दिसंबर, शुक्रवार को आईटीआर फॉर्म एक (सहज) और फॉर्म 4 (सुगम) सरल को अधिसूचित किया गया है। फॉर्म सहज को 50 लाख रुपये तक की इनकम वाले और वेतन, एक घर, अन्य स्त्रोतों (ब्याज) और 5 हजार रुपये तक की कृषि से आय हासिल करने वाले निवासी यानी व्यक्ति भर सकते हैं।

इसी तरह सुगम फॉर्म वे व्यक्ति, हिंदू अविभाजित परिवार और सीमित देनदारी भागीदारी एलएलपी वाली कंपनियां भर सकती हैं, जिनकी कुल इनकम 50 लाख रुपये तक है, जो कारोबार तथा पेशे से जुड़े हुए हैं। आमतौर पर आईटीआर फॉर्म वित्त वर्ष के लिए मार्च के अंत या अप्रैल की शुरूआत में अधिसूचित किए जाते हैं। पिछले साल आईटीआर एक और चार फॉर्म फरवरी में अधिसूचित किए गए थे।

आयकर विभाग ने इस बार करदाताओं को जल्दी रिटर्न दाखिल करने की सुविधा देने के लिए आईटीआर फॉर्म एक और चार को दिसंबर में ही अधिसूचित कर दिए हैं। आईटीआर फॉर्म एक (सहज) और आईटीआर फॉर्म 4 (सुगम) सरल फॉर्म हैं। गौरतलब है कि वित्त वर्ष 2021-22 और आकलन वर्ष 22-23 के लिए विलंबित और संशोधित आयकर रिटर्न दाखिल करने की अंतिम तिथि 31 दिसंबर, 2023 तक है।

एयर इंडिया का पहला ए-350 विमान दिल्ली एयरपोर्ट पर उतरा

नई दिल्ली (हि.स.)। टाटा की अगुवाई वाली एयरलाइंस कंपनी एयर इंडिया का पहला वाइड-बॉडी एयरबस ए350-900 विमान शनिवार को भारत आ गया। विमान ने फ्रांस के टूलूज से भारतीय समयानुसार सुबह 6 बजे उड़ान भरी और अपराह्न करीब 1:47 बजे नई दिल्ली एयरपोर्ट पर लैंड किया। इस विमान को फ्रांस से भारत पहुंचने में 7 घंटे 47 मिनट का समय लगा है। एयर इंडिया ने एक्स पोस्ट पर जारी एक बयान में यह जानकारी दी है। कंपनी ने अपने बयान में लिखा है कि भारत का पहला एयरबस ए350-900 बोल्ड, नई पोशाक में एयर इंडिया घर आया है, दिल्ली हवाई अड्डा पर इसका भव्य स्वागत किया गया। ये नई एयर इंडिया का टचडाउन है। एक नए, उभरते भारत के लिए। उल्लेखनीय है कि एयरलाइन ने 470 विमानों के लिए ऑर्डर दिए थे। इसके तहत एयर इंडिया को 250 एयरक्राफ्ट फ्रांस की कंपनी एयरबस से और 220 एयरक्राफ्ट अमेरिकी कंपनी बोइंग से मिलेंगे। 31 विमान इस साल के अंत तक सेवा में होंगे जबकि शेष विमान 2025 मध्य तक आएंगे। इस डील को डीजीसीए से भी मंजूरी मिल गई है। फिलहाल एयर इंडिया के बेड़े में 120 विमान हैं।

सरकार ने सिर्फ मसूर दाल पर आयात शुल्क छूट एक साल के लिए बढ़ाईः वित्त मंत्रालय

नई दिल्ली (हि.स.)। वित्त मंत्रालय ने स्पष्ट किया है कि केंद्र सरकार ने सिर्फ मसूर दाल पर आयात शुल्क छूट की वैधता अवधि 31 मार्च, 2025 तक एक वर्ष के लिए बढ़ाई है, जबकि मीडिया के कुछ वर्गों ने गलती से पाम, सोयाबीन और सूरजमुखी तेलों के लिए कम आयात शुल्क भी 31 मार्च, 2025 तक बढ़ाने की खबर चलाई है। वित्त मंत्रालय ने शनिवार को एक्स पोस्ट पर जारी बयान में कहा कि यह देखने में आया है कि मीडिया के कुछ वर्गों ने गलती से ये रिपोर्ट कर दी है कि सरकार ने पाम, सोयाबीन और सूरजमुखी तेलों के लिए कम आयात शुल्क 31 मार्च, 2025 तक बढ़ा दिया है। मंत्रालय ने यह स्पष्ट किया है कि सरकार ने राजपत्र अधिसूचना संख्या 65/2023-सीमा शुल्क, दिनांक 21 दिसंबर, 2023 के माध्यम से केवल मसूर दाल पर आयात शुल्क छूट की वैधता अवधि को 31 मार्च, 2025 तक एक वर्ष के लिए बढ़ाया है। उल्लेखनीय है कि वित्त मंत्रालय की ओर से 21 दिसंबर को जारी अधिसूचना के अनुसार सरकार ने अंतरराष्ट्रीय बाजार से मसूर दाल की आपूर्ति सुनिश्चित करने और घरेलू कीमतों को नियंत्रण में रखने के लिए मसूर दाल (मसूर) पर वर्तमान प्रभावी शून्य आयात शुल्क की समय-सीमा को 31 मार्च, 2025 तक बढ़ा दिया था। हालांकि, सरकार ने तीन कच्चे खाद्य तेलों पाम, सोयाबीन और सूरजमुखी तेल पर मौजूदा आयात शुल्क संरचना को नहीं बढ़ाया था। मंत्रालय की अधिसूचना के अनुसार मसूर पर शून्य आयात शुल्क के साथ-साथ 10 फीसदी कृषि-बुनियादी ढांचा उपकर की छूट मार्च, 2025 तक बढ़ा दी गई थी।

घरेलू कोयला आधारित बिजली उत्पादन अप्रैल-नवंबर के दौरान 8.39 फीसदी बढ़ा

नई दिल्ली (हि.स.)। देश कोयला के क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की ओर तेजी से बढ़ रहा है। घरेलू कोयला आधारित बिजली घरों से विद्युत का उत्पादन चालू वित्त वर्ष 2023-24 की अप्रैल-नवंबर अवधि के दौरान 8.38 फीसदी बढ़कर 779.1 अरब यूनिट रहा है। कोयला मंत्रालय ने शनिवार को जारी एक बयान में बताया कि चालू वित्त वर्ष 2023-24 की अप्रैल-नवंबर अवधि के दौरान घरेलू कोयला आधारित बिजली घरों से विद्युत का उत्पादन 8.38 फीसदी बढ़कर 779.1 अरब यूनिट रहा। पिछले साल इसी अवधि में घरेलू कोयला आधारित बिजली घरों से विद्युत उत्पादन 718.83 अरब यूनिट रहा था। देश में बिजली का उत्पादन भी इस दौरान 7.71 फीसदी बढ़ा है। मंत्रालय के मुताबिक कुल मिलाकर देश में कोयला आधारित बिजली घरों (आयातित कोयला मिलाकर) का बिजली उत्पादन चालू वित्त वर्ष 2023-24 की अप्रैल-नवंबर अवधि के दौरान सालाना आधार पर 11.19 फीसदी की वृद्धि दर्ज हुई है। कोयला मंत्रालय ने इसकी वजह गर्मी का बढ़ना, देश के उत्तरी भाग में मानसून में देरी के साथ कोरोना महामारी के बाद वाणिज्यिक गतिविधियों में तेजी बताया है। कोयला मंत्रालय ने कहा कि मिश्रण के लिए कोयले का आयात चालू वित्त वर्ष 2023-24 में नवंबर तक 44.28 फीसदी घटकर 1.51 करोड़ टन रहा है। देश में कोयले का आयात तब घटा है, जब इस दौरान बिजली की मांग बढ़ी है। मंत्रालय ने कहा कि यह कोयला उत्पादन में देश के आत्मनिर्भर होने और कोयला आयात में कमी लाने की प्रतिबद्धता को बताता है।

कच्चा तेल 80 डॉलर प्रति बैरल के करीब, पेट्रोल-डीजल की कीमत स्थिर

नई दिल्ली (हि.स.)। अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमत में उतार-चढ़ाव जारी है। ब्रेंट क्रूड का मूल्य 80 डॉलर प्रति बैरल और डब्ल्यूटीआई क्रूड 74 डॉलर प्रति बैरल के करीब है। हालांकि, शनिवार को सार्वजनिक क्षेत्र की तेल एवं गैस विपणन कंपनियों ने पेट्रोल-डीजल की कीमत में कोई बदलाव नहीं किया है। इंडियन ऑयल की वेबसाइट के अनुसार, दिल्ली में पेट्रोल की कीमत 96.72 रुपये, डीजल 89.62 रुपये, मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपये, डीजल 94.27 रुपये, कोलकाता में पेट्रोल 106.03 रुपये, डीजल 92.76 रुपये, चेन्नई में पेट्रोल 102.63 रुपये और डीजल 94.24 रुपये प्रति लीटर की दर पर उपलब्ध है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में हफ्ते के अंतिम दिन ब्रेंड क्रूड 0.32 डॉलर यानी 0.40 फीसदी की गिरावट के साथ 79.07 डॉलर प्रति बैरल पर टिका है। वहीं, वेस्ट टेक्सस इंटरमीडिएट (डब्ल्यूटीआई) क्रूड भी 0.33 डॉलर यानी 0.45 फीसदी लुढ़ककर 73.56 डॉलर प्रति बैरल पर बना हुआ है।

प्रयागराज मण्डल के अन्तर विभागीय फुटबॉल मैच का हुआ शुभारम्भ

प्रयागराज (हि.स.)। प्रयागराज मण्डल खेलकूद संघ द्वारा अन्तर विभागीय फुटबॉल प्रतियोगिता 23 से 29 दिसम्बर तक डीएसए ग्राउन्ड में आयोजित हो रहा है। शनिवार को प्रयागराज मण्डल खेलकूद संघ की ओर से अन्तर विभागीय फुटबॉल प्रतियोगिता का उद्घाटन मण्डल रेल प्रबंधक हिमांशु बडोनी ने खिलाड़ियों से परिचय एवं फुटबाल को किक मार कर किया। जनसम्पर्क अधिकारी अमित कुमार सिंह ने बताया कि प्रतियोगिता में प्रयागराज मण्डल के यात्रिक विभाग, कार्मिक, वाणिज्य, परिचालन, विद्युत टीआरडी, विद्युत परिचालन, मेडिकल, एस एण्ड टी एवं आरपीएफ विभाग की 09 टीमें प्रतिभाग कर रही हैं। आज प्रथम फुटबाल मैच वाणिज्य विभाग और आर.एस.ओ के मध्य खेला गया। इस रोमांचक मैच में आर.एस.ओ की टीम ने वाणिज्य की टीम को 3-0 से शिकस्त देकर प्रथम मैच अपने नाम किया। आर.एस.ओ की तरफ से 02 गोल महेश टिरकी और एक गोल मण्डल रेल प्रबंधक हिमांशु बडोनी ने किया। प्रथम फुटबाल मैच के मन ऑफ द मैच महेश टिरकी रहे। इसी क्रम में दूसरा मैच मेडिकल और मैकेनिकल विभाग के मध्य खेला गया। इस मैच में मेडिकल टीम ने 1-0 से मैकेनिकल टीम को परास्त किया। मेडिकल के शाहनवाज ने 1 गोल कर आज के मैच में अपनी टीम को जीत दिलाई और दूसरे मैच के मैन ऑफ द मैच घोषित हुए। इस अवसर पर मंडल रेल प्रबंधक हिमांशु बडोनी, अपर मंडल प्रबंधक संजय सिंह, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक शशिभूषण सहित प्रयागराज मण्डल खेलकूद संघ के निर्णायक टीम से जेपी यादव, राघवेंद्र यादव, राकेश वर्मा, सतीश पटेल आदि मौजूद रहे।

स्व. पुरुषोत्तम भाई चावड़ा स्मृति द्वितीय छग राज्य मास्टर्स रैंकिंग टेबल टेनिस प्रतियोगिता 24 को

रायपुर (हि.स.)। छत्तीसगढ़ टेबल टेनिस संघ की छत्तीसगढ़ वेटरन्स टेबल टेनिस समिति के तत्वावधान में राजधानी टेबल टेनिस संघ, जिला रायपुर द्वारा 24 दिसंबर को स्व. पुरुषोत्तम भाई चावड़ा स्मृति द्वितीय छत्तीसगढ़ राज्य मास्टर्स रैंकिंग टेबल टेनिस प्रतियोगिता-2023 का आयोजन सप्रे शाला टेबल टेनिस हाल, रायपुर में किया जा रहा है। प्रतियोगिता में पुरुष एकल (आयु वर्ग 40), पुरुष एकल (आयु वर्ग 50), पुरुष एकल (आयु वर्ग 60), पुरुष एकल (आयु वर्ग 65), पुरुष एकल (आयु वर्ग 70) एवं महिला एकल (आयु वर्ग 40), महिला एकल (आयु वर्ग 50) हेतु कुल मिलाकर सात वर्गों में आयोजित की जा रही है। प्रतियोगिता स्थल एवं समस्त प्रतिभागियों हेतु सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई है। प्रतियोगिता के सम्बन्ध में राजधानी टेबल टेनिस संघ, जिला रायपुर के सचिव विनय बैसवाड़े ने जानकारी दी कि प्रतियोगिता में राज्य के सभी जिलों से कुल मिलाकर लगभग 120 खिलाड़ी एवं ऑफिसियल्स भाग ले रहे हैं एवं प्रतियोगिता लीग पद्धति में खेली जायेगी।

लगातार पांचवें हफ्ते देश का विदेशी मुंद्रा भंडार बढ़कर 615.971 अरब डॉलर पर

देश का विदेशी मुद्रा भंडार 9.112 अरब डॉलर बढ़कर 615.971 अरब डॉलर हुआ

नई दिल्ली (हि.स.)। आर्थिक मोर्चे पर अच्छी खबर है। लगातार पांचवें हफ्ते विदेशी मुद्रा भंडार में इजाफा हुआ है। देश का विदेशी मुद्रा भंडार 15 दिसंबर को समाप्त हफ्ते में 9.112 अरब डॉलर बढ़कर 615.971 अरब डॉलर पर है। इससे पिछले हफ्ते देश का कुल विदेशी मुद्रा भंडार 2.816 अरब डॉलर बढ़कर 606.859 अरब डॉलर रहा था। रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) ने जारी आंकड़ों में बताया कि 15 दिसंबर को समाप्त हफ्ते में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 9.112 अरब डॉलर बढ़कर 615.971 अरब डॉलर रहा है। आंकड़ों के मुताबिक विदेशी मुद्रा भंडार के सबसे बड़े घटकर विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति (एफसीए) 8.349 अरब डॉलर बढ़कर 545.048 अरब डॉलर पर पहुंच गया है। आंकड़ों के अनुसार इस दौरान स्वर्ण आरक्षित भंडार का मूल्य 44.6 करोड़ डॉलर बढ़कर 47.577 अरब डॉलर हो गया। विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) 13.5 करोड़ डॉलर बढ़कर 18.323 अरब डॉलर हो गया। इसके अलावा अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) में देश का मुद्रा भंडार 18.1 करोड़ डॉलर बढ़कर 5.023 अरब डॉलर हो गया। उल्लेखनीय है कि अक्टूबर, 2021 में देश का कुल विदेशी मुद्रा भंडार बढ़कर 645 अरब डॉलर के सर्वकालिक उच्चतम स्तर पर पहुंच गया था। रिजर्व बैंक की ओर से पिछले साल से वैश्विक घटनाक्रमों के कारण उपजे दबाव के बीच रुपये को बचाने के लिए विदेशी मुद्रा भंडार का इस्तेमाल किए जाने के बाद से इसमें कमी आई है।

'खेलो प्रयागराज महापौर कप' प्रतियोगिता 25 दिसम्बर से



प्रयागराज (हि.स.)। प्रयागराज में होनहार खिलाड़ियों की प्रतिभा को सामने लाने एवं उनको आगे बढ़ाने के लिए नगर निगम पहली बार मंच प्रदान कर रहा है। इसके अंतर्गत नगर निगम ह्यखेलो प्रयागराज महापौर कपह्ल प्रतियोगिता का आयोजन 25 दिसम्बर से 05 जनवरी तक करा रहा है। जिसमें सभी खेलों की विधाओं में निगम विजेताओं को सम्मानित करेगा।

यह जानकारी शनिवार को महापौर गणेश केसरवानी ने पत्रकारों को नगर निगम में दी। उन्होंने कहा कि 2014 के पूर्व खेलों की स्थिति दयनीय थी। लेकिन जब से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आए उन्होंने परम्परागत खेलों को आगे बढ़ाने का पूरा प्रयास किया। उन्होंने बताया कि इसी के तहत खेलों को बढ़ावा देने के लिए निगम ने इस आयोजन का फैसला लिया है।

उन्होंने कहा कि इसमें कुल 09 खेलों बास्केटबॉल, कबड्डी, हैण्डबॉल, हॉकी, खो-खो, वॉलीबाल, एथलेटिक्स, टेनिस, रोइंग आदि को शामिल किया गया है। इनमें अभी तक 8-8 टीमें बालक एवं बालिकाओं (लगभग 1500) ने अपना रजिस्ट्रेशन करा लिया है।

महापौर ने कहा कि बताया कि इसका उद्घाटन 25 दिसम्बर को दो बजे और समापन 05 जनवरी को चन्द्रशेखर आजाद पार्क के मदन मोहन मालवीय स्टेडियम में होगा। प्रतियोगिता में नगर निगम क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले नागरिक एवं शैक्षिक संस्थान के विद्यार्थी प्रतिभाग कर रहे हैं। इसके साथ ही पुलिस बल की टीम, रेलवे की टीम एवं अन्य विभागों की टीम भी प्रतिभाग कर रही है।

कार्यक्रम के संयोजक अन्तरराष्ट्रीय शतरंज खिलाड़ी आशीष कुमार द्विवेदी एवं अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी बास्केटबाल आर.एस बेदी हैं। इस अवसर पर नगर आयुक्त चन्द्र मोहन गर्ग, मुख्य कर निर्धारण अधिकारी पी.के द्विवेदी, आशीष कुमार द्विवेदी, आर.एस बेदी सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

ऑस्ट्रेलियाई दौरे से बाहर हुए पाकिस्तानी स्पिनर नोमान अली

नई दिल्ली (हि.स.)। पाकिस्तान के बाएं हाथ के स्पिनर नोमान अली अपेंडिसाइटिस से पीड़ित होने के कारण ऑस्ट्रेलिया दौरे से बाहर हो गए हैं।

शनिवार को जारी पीसीबी विज्ञप्ति में कहा गया, नोमान अली ने कल अचानक गंभीर पेट दर्द की शिकायत की, जिसके बाद आपातकालीन जांच और स्कैन किए गए, जिसमें तीव्र एपेंडिसाइटिस की पुष्टि हुई। सर्जन की सलाह पर, आज सुबह उनकी लैप्रोस्कोपिक अपेंडेक्टोमी की गई। सर्जरी के बाद उनकी हालत स्थिर है और वह ठीक हो रहे हैं। नोमान अली के चोटिल होने के कारण पाकिस्तानी गेंदबाजी आक्रमण और कमजोर हो गई है, टीम में केवल एक फिट फ्रंटलाइन स्पिनर साजिद खान हैं। दिलचस्प बात यह है कि प्रमुख स्पिनर अबरार अहमद के दौरे के मैच में चोट लगने के बाद साजिद खुद ही आए थे। पर्थ टेस्ट में पाकिस्तानी टीम फ्रंटलाइन स्पिनर के बिना खेली।

पाकिस्तान, जिसे ऑस्ट्रेलिया में अपने पिछले 15 टेस्ट मैचों में हार का सामना करना पड़ा है, तेज गेंदबाज खुर्रम शहजाद के बिना भी है, जिन्हें दो दिन पहले रिब स्ट्रेस फ्रैक्चर के कारण बाहर कर दिया गया था। उन्हें नसीम शाह की कमी भी खल रही है, जो एशिया कप में कंधे में चोट लगने के कारण भारत में विश्व कप से भी चूक गए थे, जबकि हारिस रऊफ ने इस दौरे से हटने का फैसला किया था।

पाकिस्तान के बैकअप सीमरों में हसन अली, मीर हमजा और मोहम्मद वसीम जूनियर शामिल हैं। तीन मैचों की श्रृंखला का दूसरा टेस्ट 26 दिसंबर से मेलबर्न में शुरू होगा।

प्रियंका और परिणीति से खफा हैं मीरा चोपड़ा

मुंबई। अभिनेत्री मीरा चोपड़ा ने फिल्म "1920 लंदन" से बॉलीवुड में डेब्यू किया था। इसके अलावा उन्होंने साउथ की कई फिल्मों में काम किया है। मीरा अभिनेत्री प्रियंका चोपड़ा और परिणीति चोपड़ा की चचेरी बहन हैं। हालांकि, वह प्रियंका और परिणीति के खास करीब नहीं हैं और न ही उनके साथ उनका कोई दोस्ती जैसा रिश्ता है। इस बात का खुलासा खुद मीरा ने किया है। उन्होंने यह भी बताया कि कैसे प्रियंका और परिणीति ने उनके करियर में मदद नहीं की। एक इंटरव्यू में मीरा चोपड़ा ने कहा, "हम शुरू से ही इतने करीब नहीं थे कि यहां दोस्त की तरह दिखें। लेकिन मैं कह सकती हूं कि एक बार जब तीन या चार लड़कियां इंडस्ट्री में आती हैं, तो वे एक-दूसरे की मदद करती हैं। मेरे साथ ऐसा नहीं हुआ। मैंने कभी उनसे मदद नहीं मांगी और न ही कभी उनसे मदद मिली। मैं उन लोगों में से नहीं हूं, जो मदद मांगते हैं और उन्होंने कभी मदद भी नहीं की है। परिणीति चोपड़ा से बात नहीं करती मीरा मीरा ने आगे कहा कि वह प्रियंका और परिणीति बचपन में एक संयुक्त परिवार में साथ रहते थे। उन्होंने कहा, "जब कोई बहुत बड़ा हो जाता है तो दूसरे लोग उसे छोटा दिखाने लगते हैं।" मीरा ने यह भी कहा कि प्रियंका के परिवार के साथ उनके अच्छे रिश्ते हैं। वह प्रियंका की शादी में भी शामिल हुई थीं। लेकिन परिणीति चोपड़ा के साथ उनका रिश्ता कुछ खास नहीं है, इसका कारण यह है कि उनके परिवारों के बीच लंबे समय से कोई बातचीत नहीं हुई है। वह परिणीति-राघव की शादी में भी नहीं आईं। **प्रियंका की मधु चोपड़ा को अपनी फिल्म दिखाना चाहती हैं मीरा** परिणीति चोपड़ा के साथ अपने रिश्ते के बारे में मीरा ने कहा- "जब परिवार बात नहीं करता तो मैं ऐसा कुछ नहीं करना चाहती, जिससे उन्हें दुख पहुंचे। मैं अब भी प्रियंका के परिवार के बहुत करीब हूं। मैं मधु काकी के लिए एक स्क्रीनिंग आयोजित करने की कोशिश कर रही हूं, क्योंकि मैं उन्हें फिल्में दिखाना चाहती हूं। वह मेरी शुभचिंतक रही हैं।

शाहरुख खान की फिल्म की कमाई में आई गिरावट

मुंबई। शाहरुख खान की 'डंकी' गुरुवार 21 दिसंबर को सिनेमाघरों में रिलीज हो गई। फिल्म ने पहले दिन 30 करोड़ रुपये की कमाई की। इस साल रिलीज हुई शाहरुख की फिल्म 'पठान' और 'जवान' की तुलना में 'डंकी' की पहले दिन की कमाई कम है। अब फिल्म के दूसरे दिन के आंकड़े सामने आ गए हैं। यह पहले दिन की तुलना में काफी कम है। 'सैक्निल्क' की रिपोर्ट के मुताबिक, शाहरुख खान स्टारर इस फिल्म ने शुक्रवार को 20.50 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया है। फिल्म का कुल कलेक्शन 49.7 करोड़ रुपये हो गया। शाहरुख की 'पठान' और 'जवान' के शुरूआती दिन के आंकड़े से काफी कम हैं। 'पठान' ने पहले दिन 57 करोड़ रुपये और 'जवान' ने 75 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया। 'डंकी' इस साल शाहरुख की तीसरी फिल्म है। 'सालार' की रिलीज का असर 'डंकी' पर भी पड़ा है। प्रशांत नील द्वारा निर्देशित और प्रभास की मुख्य भूमिका वाली इस फिल्म ने शुक्रवार को 95 करोड़ रुपये की कमाई करके भारत में अपनी सबसे बड़ी ओपनिंग की है। फिल्म ने पहले दिन दुनिया भर में 175 करोड़ रुपये की कमाई की है। इस बीच वीकेंड पर सबकी नजर फिल्म 'सालार' और 'डंकी' की कमाई पर रहेगी। 'सालार' के क्रेज को देखते हुए 'डंकी' हिट होगी या चलेगा प्रभास का जादू, ये वीकेंड कलेक्शन के आंकड़े बताएंगे। 'डंकी' में शाहरुख खान के साथ-साथ तापसी पन्नू, विक्की कौशल, बोमन ईरानी, विक्रम कोचर और अनिल ग्रोवर हैं। वहीं 'सालार' में प्रभास, पृथ्वीराज सुकुमारन, मीनाक्षी चौधरी, श्रुति हासन, सरन शक्ति, ईश्वरी राव, जगपति बाबू अहम भूमिका में हैं।

विक्की जैन ने नेशनल टीवी पर अंकिता पर उठाया हाथ?

मुंबई। इस वक्त हर तरफ 'बिग बॉस 17' की चर्चा है। जिसमें अभिनेत्री अंकिता लोखंडे और उनके पति विक्की जैन की तो खासी चर्चा है। क्योंकि बिग बॉस में आने के बाद से ही ये दोनों लगातार लड़ रहे हैं या बहस कर रहे हैं। कुछ दिनों पहले अंकिता ने विक्की से सीधे तलाक मांग लिया। हालांकि, शुक्रवार को प्रसारित एपिसोड में कुछ ऐसा हुआ कि हर कोई हैरान रह गया। इसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। अंकिता लोखंडे, विक्की जैन, अभिषेक कुमार और अरुण माशेट्टी एक कमरे में बैठे नजर आ रहे हैं। अंकिता और अरुण के बीच बड़ी बहस चल रही है, दूसरी तरफ विक्की और अभिषेक आपस में कुछ बातचीत कर रहे हैं। विक्की, अंकिता और अरुण की बहस से तंग आ गया था और उन्हें चुप रहने के लिए कहता रहा। अंकिता का कहना है कि वह उन दोनों के बीच बात नहीं कर रही हैं। वह सिर्फ अरुण से बात करती है। अंकिता से हुई बहस पर विक्की को इतना गुस्सा आ जाता है कि वह उस पर हाथ उठाने की कोशिश करता है। गुस्से में अपने शरीर पर पड़ा कंबल हटा देता है। विक्की का ये लुक देखकर अंकिता भी हैरान हो गई।

बोनी कपूर और बेटी ने मुंबई में बेचे 4 फ्लैट

मुंबई। बॉलीवुड एक्ट्रेस जाह्नवी कपूर, बहन खुशी कपूर और उनके पिता प्रोड्यूसर बोनी कपूर ने साल के अंत में एक बड़ी डील साइन की है। उन्होंने मुंबई में 4 फ्लैट बेचे हैं। उन्होंने अंधेरी में ग्रीन एकर्स सोसायटी में 4 अपार्टमेंट बेचे हैं। इन चारों अपार्टमेंट का सौदा करोड़ों रुपये में हुआ है। चार अपार्टमेंट में से एक पर सिद्धार्थ नारायण और अंजू नारायण का कब्जा है। यह फ्लैट 1870 वर्ग फीट का है जबकि मुस्कान बहिरवानी और ललित बहिरवानी ने 1614 वर्ग फीट के दो फ्लैट खरीदे हैं। कुछ दिनों पहले जाह्नवी और खुशी ने बांद्रा में 65 करोड़ का घर खरीदा था। यह घर 8669 वर्ग फीट का है। इसमें एक बड़ा बगीचा, स्विमिंग पूल और पार्किंग भी शामिल है। रिपोर्ट्स के मुताबिक बोनी कपूर ने इस बात की पुष्टि कर दी है कि फ्लैट बिक गया है। हैरानी की बात यह है कि दोनों खरीदारों को ये फ्लैट सिर्फ 6-6 करोड़ रुपये में दिए गए हैं। यानी बोनी कपूर और उनकी बेटियों ने अपना 4 अपार्टमेंट्स को बेच दिया है जाह्नवी कपूर को आखिरी बार वरुण धवन के साथ फिल्म बवाल में देखा गया था। फिल्म कुछ खास कमाल नहीं कर पाई थी, लेकिन जाह्नवी के काम की सभी ने तारीफ की थी।

ग्यारह साल बाद अहान शेट्टी का तानिया श्रॉफ से हुआ ब्रेकअप

मुंबई। बॉलीवुड एक्टर सुनील शेट्टी के बेटे और एक्टर अहान शेट्टी इस वक्त चर्चा में हैं। खबर है कि अहान का 11 साल पुराना रिश्ता टूट गया है। एक्टर ने अपनी गर्लफ्रेंड तानिया श्रॉफ से ब्रेकअप कर लिया है। अहान शेट्टी और तानिया श्रॉफ का ब्रेकअप हुए डेढ़ महीना हो गया है। दोनों 11 साल तक एक-दूसरे के साथ रिलेशनशिप में थे। अहान और तानिया बचपन से एक साथ पढ़ते थे और बाद में उन्हें एक-दूसरे से प्यार हो गया, लेकिन अब कहा जा रहा है कि यह जोड़ी अलग हो गई है। हालांकि अभी तक इनके ब्रेकअप की कोई वजह सामने नहीं आई है। वहीं इस खबर पर अहान और तानिया की ओर से कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है, लेकिन दोनों ने काफी समय से एक भी पोस्ट शेयर नहीं किया है। अहान और तानिया भी एक साथ नजर नहीं आए, लेकिन दोनों एक दूसरे को इंस्टाग्राम पर फॉलो कर रहे हैं। तानिया श्रॉफ मशहूर मॉडल एवं उद्योगपति जादेव और रोमिला श्रॉफ की बेटी हैं। अहान की बात करें तो वह एक्टिंग डेब्यू कर चुके हैं। वह तारा सुतारिया के साथ फिल्म "तड़प" में नजर आए थे। तानिया को कई बार सुनील शेट्टी के परिवार के साथ देखा गया है। उन्हें 'तड़प' की स्क्रीनिंग के दौरान भी देखा गया था। सुनील शेट्टी भी कई बार तानिया का जिक्र कर चुके हैं। उन्होंने एक इंटरव्यू में कहा था कि वह तानिया को अपनी बेटी मानते हैं।

फिल्म निमार्ता राजकुमार हिरानी ने डंकी के जरिए दर्शकों के सामने पेश किए अहम विषय

मुंबई। राजकुमार हिरानी भारतीय सिनेमा के मास्टर स्टोरीटेलर हैं। एंटरटेनमेंट बिजनेस में उनकी शख्सियत को किसी परिचय की जरूरत नहीं है। पर मुन्ना भाई एमबीबीएस, लगे रहो मुन्नाभाई, 3 इडियट्स, संजू और पीके जैसी क्लासिक्स फिल्म इंडस्ट्री को देने के बाद अब वह शाहरुख खान स्टारर साल की एक खूबसूरत एंटरटेनर डंकी लेकर आए हैं। ये फिल्म दर्शकों का दिल जीत रही है और निर्देशक उन्हें एक पूरी खूबसूरत दुनिया में ले जाते हैं जिसमें ह्यूमर, ड्रामा, इमोशन्स और प्यार है।

डंकी एक माइग्रेंट की कहानी है, एक ऐसा सब्जेक्ट जिस पर भारतीय सिनेमा में कभी विचार नहीं किया गया। राजकुमार हिरानी द्वारा प्रस्तुत कहानी और विषय वास्तव में जनता के लिए बहुत रिलेवेंट है और रियल लाइफ घटनाओं से प्रेरणा भी लेती है। राजकुमार हिरानी भारतीय सिनेमा में एक नया विषय लेकर आए और लाखों लोगों के दिलों को छू लिया।

ऐसे में असल जिंदगी की घटनाओं की बात करें तो गुजरात में तीन हजार की आबादी वाले गांव डिंगुचा के करीब 2800 निवासी विदेश में भविष्य बनाने के लिए देश छोड़कर चले गए हैं।

ईडी ने तेजस्वी यादव को फिर भेजा समन पूछताछ के लिए 5 जनवरी को बुलाया

जांच एजेंसी ने तेजस्वी को 5 जनवरी को नई दिल्ली स्थित ईडी मुख्यालय में पूछताछ के लिए बुलाया

नई दिल्ली (हि.स.)। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने नौकरी के बदले जमीन से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में बिहार के उप-मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव को फिर नया समन भेजा है। केंद्रीय जांच एजेंसी ने तेजस्वी यादव को 5 जनवरी को दिल्ली स्थित ईडी मुख्यालय में पूछताछ के लिए पेश होने को कहा है।

आधिकारिक सूत्रों ने शनिवार को बताया कि ईडी ने नौकरी के बदले जमीन घोटाला से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में बिहार के उप-मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव को पूछताछ के लिए फिर समन जारी किया है। केंद्रीय जांच एजेंसी ने तेजस्वी को 5 जनवरी को नई दिल्ली स्थित ईडी मुख्यालय में पूछताछ के लिए बुलाया है। इससे

पहले ईडी ने तेजस्वी को 22 दिसंबर और लालू प्रसाद यादव को 27 दिसंबर को पेश होने के लिए समन भेजा था। हालांकि, वे कल ईडी के समक्ष पेश नहीं हुए। जानकारी के मुताबिक बिहार के उप-मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव के वकील ने ईडी से पूछताछ में शामिल होने के लिए अगली

तारीख की मांग की थी। दरअसल, ईडी इस मामले में 11 अप्रैल को तेजस्वी यादव से करीब आठ घंटे तक पूछताछ कर चुका है लेकिन पहली बार उसने लालू प्रसाद यादव को भी इस मामले में समन जारी किया है। जांच एजेंसी ने यह समन दिल्ली के व्यवसायी और बिहार के उप-मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव के करीबी अमित कात्याल की गिरफ्तारी के एक महीने बाद नौकरी के बदले जमीन घोटाला मामले में जारी किया है।

उल्लेखनीय है कि केंद्रीय जांच एजेंसी ने यह समन सीबीआई के 18 मई, 2022 को लालू प्रसाद यादव, पूर्व सीएम राबड़ी देवी और मीसा भारती सहित 17 लोगों के खिलाफ नौकरी के बदले जमीन लेने के आरोपों को लेकर दर्ज एफआईआर के आधार पर जारी की है।

बांग्लादेश में घना कोहरा, छह नौकाएं फंसी रही पद्मा नदी में

ढाका (हि.स.)। बांग्लादेश में आज (शनिवार) सुबह घने कोहरे ने जलमार्ग की फेरी सेवाओं को बाधित कर दिया। छह नौकाएं पद्मा नदी के बीच में फंसी रहीं। बांग्लादेश के प्रमुख अखबार ढाका ट्रिब्यून के अनुसार खराब दृश्यता के कारण जलमार्ग का परिचालन बुरी तरह प्रभावित रहा। ढाका ट्रिब्यून के अनुसार, घने कोहरे के बीच खराब दृश्यता के कारण दौलतदिया-पतुरिया जल मार्ग पर फेरी सेवाएं डेढ़ घंटे तक निलंबित रहीं। दौलतदिया प्वाइंट पर बांग्लादेश अंतरदेशीय जल परिवहन निगम के सहायक प्रबंधक खोरशेद आलम ने कहा कि खराब दृश्यता के कारण सुबह आठ बजे नौका सेवाएं निलंबित कर दी गईं। इस दौरान छह नौकाएं पद्मा नदी के बीच में फंसी रहीं। कोहरा छंटने के साथ दृश्यता में सुधार होने के बाद मार्ग पर नौका सेवाएं सुबह 9:45 बजे फिर से शुरू हो गईं।

पाकिस्तान में नियमित हज योजना का ड्रॉ 28 दिसंबर को

इस्लामाबाद (हि.स.)। पाकिस्तान के धार्मिक मामलों और अंतरधार्मिक सद्भाव मंत्रालय ने घोषणा की है कि नियमित हज योजना के लिए 28 दिसंबर को ड्रॉ निकाला जाएगा। इस योजना के लिए मंत्रालय को 66,000 से अधिक आवेदन प्राप्त हुए हैं। पाकिस्तान के प्रमुख समाचार प्रसारक जिओ न्यूज ने मंत्रालय के प्रवक्ता मुहम्मद उमर बट के हवाले से यह जानकारी दी है। प्रवक्ता ने उम्मीद जताई है कि अगले साल लगभग 1,79,000 नागरिक हज के लिए सऊदी अरब की यात्रा करेंगे। प्रवक्ता ने कहा है कि सऊदी अरब के जनरल अथॉरिटी ऑफ सिविल एविएशन ने एयरलाइंस को 2 जनवरी, 2024 तक अपनी हज उड़ान की सूची प्रस्तुत करने का निर्देश दिया है। जिओ न्यूज के अनुसार, सरकार ने हज-2024 को डिजिटल बनाने के लिए विशेष रूप से डिजाइन किए गए एक मोबाइल एप्लिकेशन को लॉन्च करने की घोषणा की है। इसे राष्ट्रीय सूचना प्रौद्योगिकी बोर्ड ने विकसित किया है। सरकार ने घोषणा की है कि पाकिस्तान के इतिहास में पहली बार महिलाओं को पुरुष साथी के बिना पवित्र यात्रा करने का अवसर मिलेगा।

दिल्ली में प्रदूषण के स्तर में बढ़ोतरी, एक्यूआई 450 के पार,

नई दिल्ली (हि.स.)। दिल्ली-एनसीआर में प्रदूषण के स्तर में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। शनिवार को शाम तक समग्र वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 450 के पार चला गया है। बढ़ते प्रदूषण को देखते हुए शनिवार को वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग की उप समिति ने समीक्षा बैठक की और हालात का जायजा लिया।

आयोग के मुताबिक शांत हवा की स्थिति के साथ प्रतिकूल मौसम के कारण दिल्ली के समग्र एक्यूआई में वृद्धि देखी गई, एक्यूआई 450 के आसपास रही।

आयोग की उप-समिति ने मौसम विभाग और आईआईटीएम द्वारा उपलब्ध मौसम संबंधी स्थितियों और वायु गुणवत्ता सूचकांक के पूर्वानुमानों के साथ-साथ वायु गुणवत्ता परिदृश्य का जायजा लिया। उप-समिति ने शुक्रवार को व्यापक समीक्षा करते हुए ग्रैप के चरण-क्क्क की पाबंदियां लागू कर दी थीं।

आयोग के मुताबिक पूर्वानुमान के अनुसार देर शाम तक दिल्ली के औसत एक्यूआई में धीरे-धीरे सुधार का संकेत है। इसलिए, उप-समिति ने ग्रैप चरण चार के तहत अधिक कठोर विघटनकारी कार्रवाइयों को लागू करने से पहले अगले कुछ दिनों तक निगरानी रखने का फैसला लिया है।

लोक में राम, राम में लोक

अयोध्या (हि.स.)। राम शब्द कहते ही वाल्मीकि के राम, तुलसी के राम का आध्यात्मिक रूप उभरकर सामने आता है, लेकिन लोक में जब राम आते हैं तब वे जीवन का हिस्सा बन जाते हैं। कभी दुख में कही जाने वाली भाषा के साथ, कभी खुशी में उजास भाव के साथ। दरअसल, लोक के राम भाषा के माध्यम से लोगों की दिनचर्या का हिस्सा हैं। ये हिस्सा ऐसा भाग है जो लोकमानस के भीतर पानी की धार की तरह बह रहा है। यह हम सब जानते और मानते भी हैं कि भाषा संस्कृति का एक महत्त्वपूर्ण अंग है। संस्कृति के मूल्यों को, विश्वासों को, परंपरा को और रीति-रिवाजों को अपने भीतर संजोकर पीढ़ी दर पीढ़ी पहुंचाने का काम करती है भाषा।

मिथिलेशनंदिनी शरण जी महराज भी मानते हैं कि यह वह साधन है जिसमें संस्कृति पल्लवित होती है। अब भाषा भी कई स्तरों को अपने अंदर समाहित करके चलती है। भाषा के अंग के रूप में जहां शब्द होते हैं, वहीं शब्दों का मर्म और उन शब्दों को जीवित करने की जिम्मेदारी अर्थ की होती है। शब्द गढ़े जाते हैं संबंधित समाज द्वारा और उसमें अर्थ भरता है लोक। लोक मानस में जो कथा, चरित्र जिस रूप में बैठ जाता है, शब्दों के अर्थ उसमें उसी तरह से भरने का काम करते हैं। यहां हम बात कर रहे हैं शब्द राम की। राम लोक मानस में तो हैं ही, लोक-व्यवहार का एक अभिन्न हिस्सा भी हैं। बात जब लोक व्यवहार की हो रही है तब जाहिर सी बात है, यह बात लोक व्यवहार की भाषा की हो रही है। भाषा में राम शब्द की उपस्थिति कहां-कहां है, इसको देखा जा सकता है।

लोक जगत में शब्दों के नए अर्थ गढ़े जाते हैं। शब्दों के अर्थ का विस्तारीकरण भी किया जाता है। कई बार विस्तार यहां तक हो जाता है कि पारंपरिक लोकाचार-व्यवहार में शब्द रच-बस जाते हैं। लोक के राम की बात करें तो यहां के राम भगवान के रूप से भी आगे उनके जीवन-मरण का है। यहां शिशु को राम ही माना जा रहा है। गीतों की भाषा में एक संसार है जहां जन्म देने वाली मां कौशल्या मानी जा रहीं हैं और शिशु तो राम है ही। अब जीवन चक्र में थोड़ा आगे आते हैं यानी उपनयन संस्कार में। यहां फिर से राम उस बालक के साथ समाहित हो जाते हैं। विवाह के गीतों की भाषा में भी दूल्हे में राम को देखा जाता हैं। जैसे- मिथिला के गीतों में हर दामाद राम का स्वरूप है। उसे राम कहकर ही संबोधित किया जा रहा है। एक बानगी देखिये- बता द बबुआ लोगवा देत काहे गारी, एक भाई गोर कहे एक भाई कारी। संस्कारों-रिवाजों से इतर हर दिन की भाषा संसार में भी राम उपस्थित हैं। जैसे अभिवादन में राम-राम, जय रामजी की। जब जीवन-दर्शन की बात होती है तब कहा जाता है रामजी की माया, कहीं धूप कहीं छाया। त्योहारों में भी भाषायी आरोपण के जरिए होली खेले रघुवीर, खेतों में लगी फसल को जब पक्षी खाए तो उसमें भी रामजी की चिरई यानी ये चिड़िया राम जी की है। हर संज्ञा के साथ विशेषण के रूप में भी राम हैं। एक और उदाहरण-पहले खासकर ग्रामीण इलाकों में जब कोई गिनती कर सामान देना होता था तब रामे एक, रामे दो... करके सामान को गिना जाता था। निश्चित रूप से राम लोकजीवन में लोकधर्मिता के रूप में अधिक उपस्थित हैं। कहने का तात्पर्य है कि राम शब्द लोकजीवन, लोकभाषा का हिस्सा हैं। लोक की व्यंजनात्मक भाषा यानी लोकोक्तियों में तो राम शब्द की जैसे भरमार है। मुंह में राम बगल में छुरी, राम-राम जपना पराया माल अपना, जिनके राम धनी उनके कोई न कमी, राम भरोसे आदि। कुल मिलाकर देखा जाए तो भाषा में राम शब्द बहुलता के साथ अपनी धाक जमाये हुए हैं। राम शब्द को हटाकर अगर भाषा के लोक-व्यवहार की बात की जाए तो शायद त्रियांश यानि पूरे अंश का तीसरा भाग ही बचा रह जाएगा।

गैरसरकारी संगठनों और हरियाणा पुलिस के साझा प्रयासों से बंधुआ मजदूरी से मुक्त हुई नेपाली नाबालिग

नई दिल्ली (हि.स.)। तीन गैरसरकारी संगठनों की दो देशों में चार दिन तक चली गहन खोजबीन रंग लाई। इन सबके साथ हरियाणा पुलिस की तत्परता से नेपाल की 15 वर्षीय एक नाबालिग लड़की को हरियाणा के जींद जिले में एक मुगीर्पालन फार्म से मुक्त कराया गया।

इन गैरसरकारी संगठनों एसोसिएशन फॉर वालंटरी एक्शन जिसे बचपन बचाओ आंदोलन (बीबीए) के नाम से भी जाना जाता है, एमडीडी ऑफ इंडिया, हरियाणा और देहात, उत्तर प्रदेश को नेपाल के नेपालगंज से लापता हुई 15 वर्षीय बच्ची समीहा (बदला हुआ नाम) को ट्रैफिकिंग के जरिए भारत लाए जाने के बाबत एक खुफिया सूचना प्राप्त हुई थी। बच्ची द्वारा भेजी गई लोकेशन से पता चला कि उसे हरियाणा ले जाया गया है। अपने-अपने राज्यों में बाल अधिकारों की सुरक्षा के लिए काम कर रहे इन संगठनों ने तत्काल यह जानकारी हरियाणा की सफीदों की पुलिस से साझा की। पुलिस की टीमों ने इन संगठनों के सहयोग और उनसे मिली जानकारी पर कार्रवाई करते हुए आखिरकार बच्ची को मुक्त

करा लिया। बच्ची को उसकी मां के साथ नेपाल रवाना कर दिया गया है।

बचपन बचाओ आंदोलन के अनुसार तीसरी कक्षा में ही पढ़ाई छोड़ देने वाली समीहा रोजी-रोजगार की तलाश में थी। इसी दौरान कुछ महीने पहले उसकी एक रिक्शा चालक शिवा और एक बुजुर्ग महिला हसीना से मित्रता हो गई। शिवा और हसीना ने भांप लिया कि बच्ची आर्थिक तंगी की शिकार है और किसी भी तरह दो-चार पैसे कमाना चाहती है। इन दोनों ने बच्ची को अपने साथ भारत जाने के लिए राजी कर लिया। हसीना ने उससे हरियाणा में एक मुगीर्पालन फार्म में नौकरी और अच्छी तनख्वाह दिलाने का वादा किया। समीना पांच भाई-बहनों में सबसे छोटी थी और सिर से पिता का साया भी उठ चुका था। गरीबी की मार झेल रहे परिवार के भले के लिए उसने तुरंत हामी भर दी।

जींद जिले के सफीदों स्थित मुगीर्पालन फार्म में पहुंचते ही समीहा ने खतरे को भांप लिया और किसी तरह चोरी-छिपे अपनी मां को फोन से संपर्क कर बताया कि वह खतरे में है। उसने मां को व्हाट्सऐप पर अपनी लोकेशन भी भेजी। भारत-नेपाल सीमा पर छोटी सी किराने की दुकान चलाने वाली समीहा की मां पहले ही उसकी गुमशुदगी की रिपोर्ट पुलिस में दर्ज करा चुकी थी।

बेटी को खतरे में देख घबराई मां ने तुरंत भारत-नेपाल सीमा पर काम कर रहे एक बाल अधिकार कार्यकर्ता को इसकी जानकारी दी, जिन्होंने अपनी सहकर्मी और देहात, उत्तर प्रदेश की कार्यकारी निदेशक देवयानी चतुर्वेदी को इस बाबत सूचित किया। अब तक दोनों कार्यकताओं को भली भांति समीहा के ठिकाने का अंदाजा हो गया था और उन्हें हरियाणा में किसी से संपर्क करने की जरूरत थी। देवयानी ने बताया, ₹जैसे ही हमें यह जानकारी मिली, हमें पता था कि बिना बहुत से लोगों को बताए हमें तेजी से कदम उठाने होंगे। इसलिए हमने तुरंत सलाह के लिए नई दिल्ली में बचपन बचाओ आंदोलन से संपर्क किया। उन्होंने तुरंत एमडीडी ऑफ इंडया से कॉन्फ्रेंस कॉल पर हमारी बात कराई और हमने सभी जानकारियां उनसे साझा की।

एमडीडी की टीम ने बिना समय गंवाए बच्ची को मुक्त कराने के लिए हरियाणा पुलिस से संपर्क किया। एमडीडी ऑफ इंडिया, हरियाणा के सीईओ सुरिंदर सिंह मान ने बताया, हमने तत्काल सफीदों के पुलिस अधीक्षक आशीष कुमार से संपर्क किया जिन्होंने तुरंत बताई गई लोकेशन पर बच्ची की तलाश के लिए पुलिस टीम रवाना की। पुलिस टीम ने मौके पर पहुंच कर बच्ची को मुक्त करा लिया।

बच्ची को बाल कल्याण समिति, जींद के समक्ष पेश किया गया और उसे एक आश्रय गृह में रखा गया। काउंसलिंग के दौरान बच्ची ने स्वीकार किया कि वह नौकरी के लालच में अपने घर वालों को बताए बिना भारत आ गई थी। काउंसलिंग और चिकित्सा जांच के बाद समीहा को उसी मां के सुपुर्द कर दिया गया और दोनों नेपाल रवाना हो गईं।

लोक सभा अध्यक्ष ने चौधरी चरण सिंह को अर्पित की पुष्पांजलि

नई दिल्ली (हि.स.)। लोक सभा अध्यक्ष ओम बिरला और राज्य सभा के उप-सभापति हरिवंश के नेतृत्व में अन्य सांसदों ने शनिवार को पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह की जयंती के अवसर पर संविधान सदन के केन्द्रीय कक्ष में उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। इस अवसर पर मंत्रियों, सांसदों और पूर्व सांसदों ने भी चौधरी चरण सिंह को श्रद्धासुमन अर्पित किए। इस दौरान लोक सभा सचिवालय की ओर से हिंदी और अंग्रेजी में प्रकाशित चौधरी चरण सिंह की जीवन वृत्त वाली पुस्तिका समारोह में भाग लेने वाले गण्यमान्य व्यक्तियों को भेंट की गई। उल्लेखनीय है कि चौधरी चरण सिंह के चित्र का अनावरण भारत के तत्कालीन राष्ट्रपति डॉ. शंकर दयाल शर्मा ने 23 दिसंबर, 1993 को संसद भवन के केंद्रीय कक्ष में किया था।

रेलटेल को एनएफ रेलवे कंस्ट्रक्शन से 66.83 करोड़ रुपये की लागत वाली परियोजना मिली

नई दिल्ली (हि.स.)। रेल मंत्रालय के सार्वजनिक उपक्रम रेलटेल को नॉर्थ फ्रंटियर रेलवे (एनएफआर) से 66.83 करोड़ रुपये की लागत वाली परियोजना मिली है। रेल टेल ने शनिवार को एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि यह परियोजना एनएफआर के लुमडिंग डिवीजन के भैरबी-सैरांग नई सिंगल लाइन सेक्शन में स्टेशनों पर एकीकृत सुरंग संचार प्रणाली, सुरंगों में आपातकालीन कॉल व्यवस्था और एकीकृत यात्री सूचना प्रणाली (आईपीआईएस) की आपूर्ति, स्थापना, परीक्षण और कमीशनिंग के लिए है। रेलटेल ने एक नियामक फाइलिंग में कहा कि आदेश को स्वीकृति पत्र (एलओए) की तारीख से एक वर्ष के भीतर निष्पादित किया जाना चाहिए। यह परियोजना 32 सुरंगों को कवर करेगी, जिनकी कुल लंबाई 12643 मीटर होगी। इस सुरंग संचार परियोजना का लक्ष्य पूरी सुरंग की लंबाई के बराबर निरंतर कवरेज स्थापित करना है, जिससे बिना किसी व्यवधान के स्पष्ट ऑडियो सुनिश्चित हो सके। रेलटेल उत्तरी रेलवे के कटरा-बनिहाल खंड, मध्य रेलवे के पनवेल-कर्जत, कर्जत-लोनावाला और कसारा-इगतपुरी सेक्शन और दक्षिण पश्चिम रेलवे के कैसल रॉक-कुलेम सेक्शन (ब्रागांजा घाट) के लिए सुरंग रेडियो संचार परियोजनाओं को भी कार्यान्वित करने में लगा है।

भाजपा राष्ट्रीय पदाधिकारियों की बैठक का दूसरा दिन

नई दिल्ली (हि.स.)। आगामी लोकसभा चुनाव 2024 की रणनीति को लेकर शुक्रवार से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) मुख्यालय के विस्तार भवन में राष्ट्रीय पदाधिकारियों की बैठक चल रही है। दो दिवसीय बैठक की शुरूआत प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने की थी और शनिवार को दूसरे दिन पदाधिकारियों को अमित शाह संबोधित किया। शुक्रवार को बंद कमरे में चली बैठक में सभी महासचिवों के साथ भाजपा के सभी मोर्चा पदाधिकारी भी मौजूद थे। शुक्रवार को जेपी नड्डा ने भी एक्स पर संदेश में कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के मार्ग दर्शन में भाजपा देश के मुख्य स्तंभ युवा, महिला, किसान और गरीब को सशक्त बनाकर विकसित भारत के निर्माण के पथ पर अग्रसर है। प्रधानमंत्री मोदी ने पदाधिकारियों से देश भर में भाजपा का वोट प्रतिशत 51 प्रतिशत तक बढ़ाने पर जोर देते हुए जन कल्याण की केन्द्र सरकार की योजना को जन-जन पहुंचाने पर तेजी से काम करने को कहा है। इसके साथ प्रधानमंत्री मोदी द्वारा बताए गए चार जातियों में महिला, गरीब, युवा और किसानों पर विशेष रूप से फोकस करने को कहा गया है। इसकी तस्दीक पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने भी की है। आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर अब सभी पदाधिकारी प्रदेशों का दौरा करेंगे और सभी की जिम्मेदारी भी तय की जाएगी। इस बैठक के बाद महासचिवों की भी बैठक होगी।

कैबिनेट मंत्री डा. प्रेमचंद ने उपराष्ट्रपति धनखड़ का देवभूमि आगमन पर किया स्वागत

ऋषिकेश (हि.स.)। क्षेत्रीय विधायक और कैबिनेट मंत्री डा. प्रेमचंद अग्रवाल ने उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ का देवभूमि आगमन पर स्वागत किया। शनिवार को जॉलीग्रांट एयरपोर्ट पर पहुंचे उपराष्ट्रपति धनखड़ का स्वागत करते हुए डा. अग्रवाल ने इन्वेस्टर्स समिट के सफलतम और साढ़े तीन लाख करोड़ के हुए निवेश की जानकारी दी। इस पर उपराष्ट्रपति ने उन्हें बधाई दी।

छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने प्रधानमंत्री से की मुलाकात

नई दिल्ली (हि.स.)। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने शनिवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से उनके दिल्ली आवास पर मुलाकात की। मुख्यमंत्री के साथ उप मुख्यमंत्री अरुण साव और विजय शर्मा भी थे। मुख्यमंत्री ने विधानसभा चुनाव में प्रधानमंत्री द्वारा किए गए वादों को पूरा करने के लिए राज्य सरकार के उठाए जा रहे कदमों से अवगत कराया। मुलाकात के बाद मुख्यमंत्री साय ने कहा कि आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से सौजन्य भेंट कर छत्तीसगढ़ के विकास, प्रगति और जनहित से जुड़ी विभिन्न जनकल्याण की योजनाओं के संबंध में विस्तार से चर्चा हुई एवं उनका मार्गदर्शन प्राप्त किया। प्रधानमंत्री के कुशल मार्गदर्शन में निश्चित ही भाजपा की डबल इंजन की सरकार प्रदेश में सेवा, सुशासन, जनकल्याण और विकास के नए आयाम स्थापित करेगी। साय ने प्रधानमंत्री को बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत छत्तीसगढ़ में 18 लाख से अधिक परिवारों को आवास की मंजूरी दी गई है। सरकार किसानों से 3,100 रुपये प्रति क्विंटल की दर से प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान खरीदने की अपनी प्रतिबद्धता को पूरा कर रही है। साय ने कहा कि 3,716 करोड़ रुपये से अधिक का दो साल का लंबित बोनस 25 दिसंबर को पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती पर किसानों को वितरित किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि पूर्व प्रधानमंत्री वाजपेयी की जयंती को सुशासन दिवस के रूप में मनाया जाता है।

अमेरिका में शरारती तत्वों ने हिंदू मंदिर की दीवार पर लिखे खालिस्तान संबंधी नारे

वॉशिंगटन (हि.स.)। अमेरिका में खालिस्तान समर्थक शरारती तत्वों ने एक हिंदू मंदिर को निशाना बनाया है। इन तत्वों ने इस मंदिर की दीवार पर भारत विरोधी नारे लिखकर सामाजिक ताने-बाने पर चोट करने की कोशिश की है। यह घटना कैलिफोर्निया के नेवार्क शहर की है। नेवार्क पुलिस ने घटना की गहन जांच का आश्वासन दिया है। इस घटना से संबंधित सचित्र विवरण हिंदू अमेरिका फाउंडेशन ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर साझा किया है। इसमें स्वामी नारायण मंदिर की दीवारों पर नारे लिखे दिख रहे हैं। भारत और भारतीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के खिलाफ काले रंग के स्प्रे पेंट से यह नारे लिखे गए हैं। हिंदू अमेरिका फाउंडेशन ने मांग की है कि इस घटना की जांच 'घृणा अपराध' के रूप में की जाए। बताया गया है कि मंदिर से संबद्ध लोगों ने नेवार्क पुलिस और न्याय विभाग को इसकी सूचना दी है। उल्लेखनीय है कि यह पहली बार नहीं है जब अमेरिका में मंदिरों को खालिस्तान समर्थकों ने निशाना बनाया हो। अमेरिका के अलावा कनाडा, ब्रिटेन और ऑस्ट्रेलिया में भी ऐसी घटनाएं हो चुकी हैं। उल्लेखनीय है कि कनाडा के सरे शहर में कुछ समय पहले खालिस्तान समर्थकों ने हिंदू मंदिर के मेन गेट पर पोस्टर चिपकाकर आतंकी हरदीप सिंह निज्जर का समर्थन किया था। इस वर्ष जनवरी में तीन हिंदू मंदिरों को मेलबर्न में निशाना बनाया गया था। यहां भी खालिस्तानी समर्थकों ने मंदिरों पर नारे लिखे थे। नेवार्क की घटना पर अमेरिकी-भारतीय राजनीतिज्ञ बर्ट ठाकुर ने एक्स पर लिखा है-'हिंदू समुदाय के भाइयो और बहनों, मैं नफरत और असहिष्णुता की छाया के खिलाफ खड़ा हूं। कैलिफोर्निया के नेवार्क में हमारे पवित्र हिंदू मंदिर का अपमान, केवल एक इमारत पर हमला नहीं है, यह हमारी आत्मा और हमारे मूल्यों पर खुला हमला है। घृणा अपराध हमारे समाज के ताने-बाने पर जहरीला दाग है।'

नेपाल में जनकपुरधाम को भी मिला रामलला की प्राण प्रतिष्ठा समारोह का निमंत्रण

काठमांडू (हि.स)। अयोध्या में आगामी 22 जनवरी को होने जा रहे श्रीराम जन्मभूमि मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह के लिए नेपाल के जनकपुरधाम को भी निमंत्रण पत्र मिला है। यह निमंत्रण पत्र श्रीराम जन्मभूमि तीर्थक्षेत्र ट्रस्ट की तरफ से भेजा गया है। जनकपुरधाम भगवान राम की ससुराल है। जनकपुरधाम स्थित जानकी मंदिर के प्रमुख महंथ राम तपेश्वर दास और उत्तराधिकारी महंथ रामरोशन दास को निमंत्रण पत्र मिल गया है। निमंत्रण पत्र को साझा करते हुए महंथ रामरोशन दास ने इसे एक ऐतिहासिक क्षण बताया है। अत्यंत ही भाव विह्वल होकर महंथ ने कहा कि माता जानकी के घर में होने जा रहे भव्य समारोह के लिए निमंत्रण मिलने से सम्पूर्ण जनकपुरधामवासियों का हृदय प्रसन्न है। उन्होंने कहा कि माता जानकी की ससुराल में होने जा रहे प्राण प्रतिष्ठा की प्रतीक्षा वर्षों से थी। श्रीराम जन्मभूमि पर बनने वाले भव्य मंदिर के शिलान्यास में भी जाने का सौभाग्य प्राप्त हुआ था।

राष्ट्रपति ने राजस्थान महिला निधि ऋण के 10 करोड़ की राशि के चेक वितरित किए

राष्ट्रपति ने किया पोकरण फील्ड फायरिंग रेंज का निरीक्षण

जोधपुर (हि.स.)। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू शनिवार को जैसलमेर के दौरे पर रहीं। यहां पोकरण फील्ड फायरिंग रेंज में सेना के जवानों से रूबरू होने के बाद उन्होंने जैसलमेर के पूनम सिंह स्टेडियम में पहुंच कर लखपति दीदी कार्यक्रम में शिरकत की। हजारों स्वावलंबी महिलाओं को एक साथ देखकर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू जहां खुशी से लबरेज नजर आईं, वहीं कार्यक्रम में मौजूद महिलाओं के चेहरे पर भी खुशी देखी गई। इस दौरान राज्यपाल कलराज मिश्र और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा तथा केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत व कृषि मंत्री कैलाश चौधरी भी मौजूद रहे।

जैसलमेर में राष्ट्रपति मुर्मू 'लखपति दीदी सम्मेलन' में शिरकत करने के साथ स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को बैंक की ओर से 100 करोड़ रुपये का ऋण, 40 करोड़ की आजीविका संवर्धन

सहायता और राजस्थान महिला निधि ऋण के 10 करोड़ की राशि के चेक वितरित किए। राष्ट्रपति ने महिलाओं द्वारा लगाई गई स्टॉल्स की भी जानकारी ली।

उल्लेखनीय है कि,राष्ट्रपति मूर्मू अपने एक दिवसीय दौरे पर जैसलमेर पहुंचीं। यहां पहुंचने पर राज्यपाल कलराज मिश्र और

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने उनकी अगवानी की। इस मौके पर विधायक प्रताप पुरी और छोटू सिंह भी मौजूद रहे।

अपने एक दिवसीय दौरे में उन्होंने पोकरण आर्मी रेंज के कार्यक्रम में हिस्सा लिया। सेना के जवानों और अधिकारियों से फीडबैक लेने के साथ ही हर परिस्थितियों में सीमा की रक्षा के लिए मुस्तैद रहने वाले सेना के जवानों का हौसला भी बढ़ाया।

इजराइल ने लेबनान और गाजा में दागी मिसाइलें, हमास के कई आतंकवादी मारे गए

तेल अवीव/गाजा पट्टी, (हि.स.)। गाजा पट्टी में छिड़े युद्ध के 78वें दिन शनिवार सुबह इजराइल की वायुसेना ने लेबनान में धावा बोला। इसके अलावा इजराइली डिफेंस फोर्सेज (आईडीएफ) ने गाजा शहर और मध्य गाजा के कई स्थानों पर हमला किया। आईडीएफ ने गाजा में लड़ाई के दौरान फिलिस्तीन के आतंकवादी संगठन हमास की लंबी सुरंग में छुपे आतंकवादियों को मार गिराया है। मारे गए आतंकवादियों की संख्या के बारे में कोई जानकारी नहीं दी गई है। इजराइल के प्रमुख अखबार द टाइम्स ऑफ इजराइल के अनुसार सीमा पर जारी लड़ाई के बीच इजराइल की वायुसेना ने सुबह से अब तक दक्षिणी लेबनान के कफ्र किला इलाके में कई बार हमला बोला है। इस हमले के पूरे ब्योरे का इंतजार है।

श्रीलंका की जेलों में बंद हैं क्षमता से दोगुना अधिक कैदी

कोलंबो (हि.स.)। श्रीलंका की जेलों में क्षमता से दोगुना अधिक कैदी बंद होने से स्थिति गंभीर हो गई है। हाल ही में ड्रग्स और अंडरवर्ल्ड गतिविधियों के खिलाफ हुई कार्रवाई में पकड़े गए 10,000 से अधिक संदिग्धों को जेलों में ठूंसा गया है। अधिकारी विकल्पों की तलाश कर रहे हैं। श्रीलंका के प्रमुख अखबार डेली मिरर ने अपने ऑनलाइन संस्करण में जेलों की स्थिति पर रिपोर्ट में यह समस्या उठाई है। डेली मिरर के अनुसार, देशभर की 30 जेलों में 30,000 से अधिक कैदी बंद हैं। हालांकि इन जेलों में केवल 13,000 कैदियों को रखने की क्षमता है। जेल में बंद आधे से अधिक कैदी कानूनी प्रक्रिया में देरी के कारण लंबे समय से सलाखों के पीछे फंसे हुए हैं। यह मुकदमे के निस्तारण का इंतजार कर रहे हैं।

अंडे और ब्रॉयलर का उत्पादन प्रति वर्ष 8 से 10 प्रतिशत की दर से बढ़ रहा है : अलका उपाध्याय

नई दिल्ली (हि.स.)। भारतीय पोल्ट्री क्षेत्र में निर्यात को बढ़ावा देने और पोल्ट्री पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूत करने के लिए चुनौतियों और रणनीतियों का पता लगाने के लिए प्रमुख पोल्ट्री निर्यातकों के साथ यहां शुक्रवार को एक गोलमेज बैठक हुई। इस रणनीतिक बैठक में प्रमुख कंपनियों, राज्य सरकारों और उद्योग संघों सहित प्रमुख हितधारकों के साथ चर्चा हुई। कार्यक्रम की अध्यक्षता पशुपालन एवं डेयरी विभाग की सचिव अलका उपाध्याय ने की।

इस मौके पर अलका उपाध्याय ने कहा कि जहां फसल उत्पादन प्रति वर्ष 1.5 से 2 प्रतिशत की दर से बढ़ रहा है, वहीं अंडे और ब्रॉयलर का उत्पादन प्रति वर्ष 8 से 10 प्रतिशत की दर से बढ़ रहा है। निर्यात को बढ़ावा देने के लिए विभाग ने 33 पोल्ट्री कंपार्टमेंट को एवियन इन्फ्लूएंजा से मुक्त घोषित कर दिया है। उन्होंने बताया कि वित्तीय वर्ष 2022-23 में भारत ने वैश्विक बाजार में 57 से अधिक देशों को कुल 664,753.46 मीट्रिक टन पोल्ट्री उत्पादों का निर्यात किया। इसका कुल मूल्य 1,081.62 करोड़ रुपये (134.04 मिलियन अमेरिकी डॉलर) है।

नक्सलियों से सशस्त्र बल जवानों की मुठभेड़, कई

सुकमा/रायपुर (हि.स.)। सुकमा और दंतेवाड़ा जिले की सरहद ककाड़ी, नहाड़ी और गोगुंडा की पहाड़ी पर सशस्त्र बल के जवानों और नक्सलियों के बीच शनिवार को मुठभेड़ हुई है। जिसमें 3 से 4 नक्सलियों को गोली लगने की खबर है। नक्सली कमांडर जगदीश की मौजूदगी की सूचना पर सुकमा और दंतेवाड़ा पुलिस ने संयुक्त ऑपरेशन लॉन्च किया था। जवान मौके पर ही मौजूद हैं। जानकारी के अनुसार डीआरजी सुकमा व दंतेवाड़ा एवं सीआरपीएफ द्वितीय व 111वीं बटालियन की संयुक्त टीम सर्चिंग पर निकली थी। पुलिस को सूचना मिली थी कि दरभा डिविजन का नक्सली कमांडर जगदीश सरहद पर मौजूद है। जिसके बाद जवानों को वहां के लिए भेजा गया।

जनरल वीके सिंह, आचार्य लोकेश मुनि और उमाशंकर पाण्डेय को जेपी अंतरराष्ट्रीय सम्मान

जनरल वीके सिंह, आचार्य लोकेश मुनि और उमाशंकर पाण्डेय को जेपी अंतरराष्ट्रीय सम्मान

पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने विभिन्न क्षेत्रों में सक्रिय देश की प्रमुख प्रतिभाओं को प्रदान किया पुरस्कार

नई दिल्ली (हि.स.)। पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में आयोजित एक समारोह में विभिन्न क्षेत्रों में सक्रिय देश की शीर्ष प्रतिभाओं को जेपी अंतरराष्ट्रीय अवार्ड और राष्ट्रीय अवार्ड से सम्मानित किया। सम्मानित होने वालों में केंद्रीय मंत्री एवं पूर्व थल सेनाध्यक्ष जनरल वीके सिंह, आचार्य लोकेश मुनि, पद्मश्री उमा शंकर पाण्डेय और अर्जुन अवार्डी हरविंदर सिंह भी हैं। समारोह का आयोजन आम्बेडकर इंटरनेशनल सेंटर के भीम सभागार में किया गया।

पूर्व राष्ट्रपति कोविंद ने इस मौके पर लोकनायक जयप्रकाश के देश की राजनीति में दिए गए योगदान को

याद किया। उन्होंने कहा कि जेपी के इस महत्वपूर्ण योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता। मूलतः वे गांधीवादी भारत के निर्माण के पक्षधर थे। असलियत में वह गांधी मार्ग के पथिक थे। उनका ग्राम स्वराज्य के माध्यम से देश में लोक स्वराज्य स्थापित करने का सपना था। इसके लिए उन्होंने सर्वोदय के मार्ग को चुना। सम्मान समारोह का आयोजन लोकनायक जयप्रकाश अध्ययन केंद्र ने शनिवार को किया।

समारोह में केंद्रीय मंत्री जनरल वीके सिंह को लाइफ टाइम अचीव मेंट अवार्ड से सम्मानित किया गया। साथ ही जेपी अंतरराष्ट्रीय पुरस्कार से आचार्य लोकेश मुनि (समाजसेवा), पद्मश्री उमाशंकर पाण्डेय (पर्यावरण), पद्मश्री और कुलपति डॉ. बिमल प्रसाद सिंह, अर्जुन अवार्डी हरविंदर सिंह (हॉकी), सीआईएसएफ की नीना सिंह, पंकज बेरी (फिल्म एंड टेलीविजन), जितेन्द्र कुमार नंदा (रोटरी क्लब) और डॉ. राजीव श्रीवास्तव (सिने व्याख्याता) को नवाजा गया।

समारोह की अध्यक्षता पूर्व राज्यसभा सदस्य आरके सिन्हा ने की। इस मौके पर सांसद डॉ. किरीट प्रेमजी भाई सोलंकी, सांसद जनार्दन सिंह सिग्रीवाल, पूर्व सांसद डॉ. मानवेन्द्र सिंह, अखिल भारतीय संत सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष स्वामी चक्रपाणि महाराज, उपभोक्ता मामलों के सचिव रोहित कुमार सिंह, एशियन अकादमी ऑफ फिल्म ऐंड टेलीविजन के संस्थापक डॉ. संदीप मारवाह, विधायक रश्मि वर्मा (बिहार), कुलपति संजय श्रीवास्तव और महासचिव अभय सिन्हा मौजूद रहे।

भारत के बाहर अलगाववादी ताकतों को जगह नहीं मिलनी चाहिए: एस जयशंकर

गांधीनगर में राष्ट्रीय रक्षा विश्वविद्यालय के तृतीय दीक्षांत समारोह

गांधीनगर (हि.स.)। अमेरिका में खालिस्तानी अलगाववादी ताकतों द्वारा एक मंदिर की दीवार पर आपत्तिजनक नारे लिखे जाने की घटना पर विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने तीखी प्रतिक्रिया जताई है। उन्होंने कहा कि भारत के बाहर अलगाववादी ताकतों को जगह नहीं मिलनी चाहिए। हमारे दूतावास ने वहां की सरकार और पुलिस से इसकी शिकायत की है, जांच जारी है।

विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर शनिवार को गांधीनगर में राष्ट्रीय रक्षा विश्वविद्यालय के तीसरे दीक्षांत समारोह में बोल रहे थे। विदेश मंत्री ने कहा कि यह भारतीय कूटनीति की उपलब्धि रही है कि हम कई प्रतिस्पर्धी शक्तियों के साथ संबंध बनाने में सफल रहे हैं। चुनौतीपूर्ण समय के दौरान भू-राजनीतिक विचार अक्सर विश्वसनीय भागीदारों की पहचान करने के इर्द-गिर्द घूमते हैं। उन्होंने कहा, 'यह भारतीय कूटनीति की महत्वपूर्ण उपलब्धि रही कि हम अक्सर प्रतिस्पर्धी शक्तियों के साथ संबंध बनाने में सफल रहे हैं।'

विदेश मंत्री ने आतंकवाद पर बात करते हुए कहा, 'आप लोग यह नहीं समझें कि आतंकवाद की शुरूआत अभी हुई है। यह हमारी आजादी के समय शुरू हुआ, जब पूरे पाकिस्तान से तथाकथित हमलावर यहां आ गए। इस देश में बहुत कुछ बदल गया है। मेरे लिए सबसे ज्यादा कोई चौंकाने और बदलाव लाने वाला समय है तो वो मुंबई का 26/11 हमला। कई लोग बहुत भ्रमित थे जब तक कि उन्होंने 26/11 के आतंकवाद की वास्तविक तस्वीरें नहीं देखी थीं।' उन्होंने कहा, 'अब हमें सबसे पहले इसका मुकाबला करने की आवश्यकता है। कुछ लोगों ने 26/11 के बाद भारत की दूसरा गाल आगे करने की प्रतिक्रिया की तारीफ की। जबकि मुझे नहीं लगता अब देश का यह मूड है। मुझे नहीं लगता कि इसका कोई मतलब है। मुझे नहीं लगता कि इसका रणनीतिक मतलब है। अगर कोई सीमा पार आतंकवाद का अभ्यास

प्रधानमंत्री ने जुआरी ब्रिज के पूरी तरह चालू होने पर गोवावासियों को बधाई दी

नई दिल्ली (हि.स.)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गोवा में जुआरी नदी पर बने देश के दूसरे सबसे लंबे केबल ब्रिज के शनिवार को पूरी तरह चालू होने के अवसर पर राज्य के लोगों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि पुल कनेक्टिविटी में सुधार से पर्यटन और वाणिज्य को बढ़ावा मिलेगा। प्रधानमंत्री ने एक्स पोस्ट में लिखा, जुआरी ब्रिज के पूरी तरह चालू होने पर गोवा के लोगों को बधाई। यह प्रमुख परियोजना उत्तरी और दक्षिणी गोवा के बीच कनेक्टिविटी में सुधार करेगी जिससे आने वाले समय में पर्यटन और वाणिज्य को बढ़ावा मिलेगा। उल्लेखनीय है कि केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने शुक्रवार को जुआरी नदी पर केबल आधारित पुल की दूसरी लेन का उद्घाटन किया था। नये जुआरी पुल से उत्तर और दक्षिण गोवा, डाबोलिम और मनोहर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के बीच यात्रा का समय कम हो जाएगा।

प्रधानमंत्री ने चौधरी चरण सिंह को उनकी जयंती पर किया याद

नई दिल्ली (हि.स.)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह को उनकी जयंती पर याद किया। चौधरी चरण सिंह की जयंती देशभर में किसान दिवस के रूप में मनाई जा रही है। प्रधानमंत्री मोदी ने एक्स पर लिखा, किसानों के कल्याण के लिए जीवनपर्यंत समर्पित रहे पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह जी को उनकी जयंती पर सादर नमन। उल्लेखनीय है कि किसान नेता और पांचवें प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह का जन्म 23 दिसंबर, 1902 में उत्तर प्रदेश के मेरठ जिले के नूरपुर में एक मध्यम वर्गीय किसान परिवार में हुआ था। वह 28 जुलाई, 1979 से 14 जनवरी, 1980 तक प्रधानमंत्री के पद पर रहे।

भारतीय अवधारणा में मनुष्यता का जन्म अयोध्या से हुआ : मिथिलेश नंदिनी

अयोध्या (हि.स.)। देश की बहुभाषी न्यूज एजेंसी हिन्दुस्थान समाचार के तत्वावधान में श्रीराम सत्संग भवन (श्री मणिराम दास छावनी) में आयोजित तीन दिवसीय अयोध्या उत्सव के प्रथम दिन शनिवार को द्वितीय सत्र के मुख्य वक्ता हनुमत निवास अयोध्या के महंत आचार्य मिथिलेश नंदिनी शरण ने कहा कि भारतीय अवधारणा में मनुष्यता का जन्म अयोध्या से हुआ है। उसके पहले जो है वह मानव नहीं, मनु की संतानें हैं। जिसे जन्म दिया गया है, उसको उसके स्वरूप रक्षा के योग्य बनाना भी अपेक्षित है। इसे अयोध्या ने दुनिया को पहली बार सिखाया और त्रेता में यह प्रमाणित किया कि मयार्दा पुरुषोत्तमिता एक दिन में नहीं आती। मयार्दा पुरुषोत्तम होना कोई आकस्मिक होने वाली घटना नहीं है। हजार पीढ़ियों की परंपरा, असंख्य पीढ़ियों का तप, परंपरा से संरक्षित प्रजनन, पवित्र आनुवंशी, माता और पिता के संरक्षित कल और चरित्र जब अनेक पीढ़ियों तक अपनी पवित्रता का मन बनाए रखते हैं तब यह मानव जाति किसी एक मयार्दा पुरुषोत्तम को व्यक्त करती है। श्रीराम ईश्वरत्व की मानवीय निरुप्ति हैं। यह ईश्वर का अवतार है जिसने मनुष्यता को धन्य करने के लिए उसका आवरण पकड़ा है।

आईएनडीआईए में राष्ट्रीय स्तर का कोई नेता नहीं: आरके सिंह

पटना (हि.स.)। बिहार में इन दिनों भाजपा के नेता आईएनडीआईए और नीतीश सरकार पर लगातार हमलावर हैं। केंद्रीय मंत्री आरके सिंह ने शनिवार को कहा कि आईएनडीआईए का कहीं कोई मतलब नहीं है। उसमें अलग-अलग प्रांत के नेता हैं, कोई राष्ट्रीय नेता नहीं है। सभी की महत्वाकांक्षा अलग-अलग है। आरके सिंह ने कहा कि ममता बनर्जी तो यह नहीं चाहती होंगी कि कोई और नेता बने। इसलिए आईएनडीआईए में डिफरेंस होगा। ममता बनर्जी बंगाल में नेता हो सकती हैं लेकिन उत्तर प्रदेश या मध्य प्रदेश में कही उनका कोई वजूद नहीं है और साउथ में तो छोड़ ही दीजिए। मल्लिकार्जुन खड़गे का न तो यहां कोई वजूद और न ही उत्तर प्रदेश में तो खड़गे कहां से राष्ट्रीय नेता हो जायेंगे। आरके सिंह ने कहा कि नीतीश कुमार बिहार में शासन चलाना छोड़ चुके हैं। प्रशासन पर ध्यान देते ही नहीं हैं। अपराध और भ्रष्टाचार चरम पर है। नीतीश कुमार का अब स्वास्थ्य भी सही नहीं है। बातें भूल जाते हैं। कहने को कुछ और कह कुछ और देते हैं। वे अब इस लायक नहीं है कि मुख्यमंत्री बने रहें।

छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने गृह मंत्री शाह से की मुलाकात

नई दिल्ली (हि.स.)। छत्तीसगढ़ में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने शनिवार को दिल्ली पहुंचकर केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात की है। शाह ने मुलाकात की फोटो एक्स पर साझा कर लिखा कि आज उन्होंने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, उप मुख्यमंत्री अरुण साव व विजय शर्मा से मुलाकात कर उन्हें शुभकामनाएं दीं। शाह ने कहा कि छत्तीसगढ़ की जनता ने जिन आशाओं और अपेक्षाओं से प्रदेश में भाजपा की सरकार को चुना है, मुझे विश्वास है कि प्रधानमंत्री मोदी के मार्गदर्शन में मुख्यमंत्री साय उन्हें निश्चित पूरा करेंगे और प्रदेश की संस्कृति व छत्तीसगढ़ महतारी के गौरव को नई ऊंचाइयों पर ले जाएंगे। उल्लेखनीय है कि इससे पहले छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री और दोनों उप मुख्यमंत्रियों ने प्रधानमंत्री मोदी से भी मुलाकात की थी।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू एक दिवसीय यात्रा पर जैसलमेर पहुंचीं

जैसलमेर (हि.स.)। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू एक दिवसीय यात्रा पर शनिवार को राजकीय विमान से जैसलमेर पहुंचीं। एयरफोर्स स्टेशन पर राज्यपाल कलराज मिश्र, मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने उन्हें पुष्प गुच्छ भेंट कर उनका स्वागत किया। इस अवसर पर डिप्टी जीओसी ब्रिगेडियर अनिल कुमार, एडीजी ट्रैफिक हवासिंह घुमरिया, संभागीय आयुक्त जोधपुर बी.एल. मेहरा, जिला कलेक्टर आशीष गुप्ता, जिला पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान ने भी राष्ट्रपति की अगवानी की। एयरफोर्स स्टेशन से राष्ट्रपति मुर्मू हेलीकॉप्टर में पोकरण के लिए रवाना हुई। जहां फील्ड फायरिंग रेंज में सेना के कार्यक्रम में हिस्सा लेंगी। राष्ट्रपति के साथ राज्यपाल कलराज मिश्र और मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा भी पोकरण रवाना हुए।

उस्ताद राशिद खान की हालत गंभीर, अस्पताल में भर्ती

कोलकाता (हि.स.)। भारतीय शास्त्रीय संगीत के दिग्गज कलाकार उस्ताद राशिद खान की सेहत बिगड़ गई है। सूत्रों ने बताया है कि उनकी हालत गंभीर है। वह पिछले कई दिनों से अस्पताल में भर्ती हैं। पिछले कुछ वर्षों से प्रोस्टेट कैंसर से पीड़ित हैं। उन पर इलाज का असर हो रहा था। हाल ही में उन्हें ब्रेन हेमरेज (स्ट्रोक) हुआ था।

वेद | **वेदों से हमें आत्म ज्ञान मिलता है और युवा शक्ति को आत्म मूल्य को समझना चाहिए**

वेदों को अधिक से अधिक लोगों तक ले जाना गुरुकुल की जिम्मेदारी : जगदीप धनखड़

हरिद्वार (हि.स.)। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा कि वेद भारत की सांस्कृतिक धरोहर हैं और वेदों के ज्ञान को आम जनमानस तक ले जाना होगा। गुरुकुल विश्वविद्यालय की पुण्य भूमि इस कार्य के लिए उपयुक्त है।

बतौर अतिथि उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने ये बातें शनिवार को त्रिदिवसीय वेद-विज्ञान, संस्कृति महाकुम्भ और अंतरराष्ट्रीय शोध संगोष्ठी के उद्घाटन अवसर पर विश्वविद्यालय में आयोजित समारोह में कहीं। उन्होंने कहा कि संस्कृति विरोधी ताकतों पर प्रतिघात होना चाहिए। भारत की गौरवशाली संस्कृति है और इसके वैभव से समस्त विश्व परिचित रहा है। उन्होंने कहा कि यह विश्वविद्यालय दर्शन और वैदिक ज्ञान का पुरातन और प्रतिष्ठित केंद्र रहा है। उन्हें पूरा विश्वास है कि इस महाकुम्भ के मंथन की गूंज देश के सभी विश्वविद्यालयों तक जाएगी।

विशिष्ट अतिथि और उत्तराखंड के राज्यपाल ले. ज. गुरमीत सिंह ने कहा कि वेदों से हमें आत्म ज्ञान मिलता है और युवा शक्ति को आत्म मूल्य को समझना चाहिए। उन्होंने कहा कि भारतीय शिक्षा पद्धति और वैदिक ज्ञान-विज्ञान ने चरित्र निर्माण का कार्य किया है। वर्तमान में वैदिक ज्ञान को आधुनिक ज्ञान और तकनीकी के साथ समेकित करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि संत, सैनिक,सिख और शिक्षक एक की श्रेणी के होते हैं जो राष्ट्र के उन्नयन में अपना योगदान देते हैं।

अति विशिष्ट अतिथि उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय राष्ट्र की धरोहर है। इसने राष्ट्रसेवी नागरिक देश को समर्पित किए हैं। उन्होंने कहा कि देश को विश्व गुरु बनाने के लिए हमें वेदों की ओर लौटना होगा। इस उद्देश्य की दिशा में यह महाकुम्भ वेदों के ज्ञान को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य करेगा। उन्होंने उपस्थित छात्र-छात्राओं से आह्वान किया कि भारतीय संस्कृति और राष्ट्र उन्नयन के लिए मिल-जुलकर कार्य करें।

वेद विज्ञान संस्कृति महाकुम्भ के मुख्य संरक्षक और बागपत सांसद डॉ. सत्यपाल सिंह ने कहा कि स्वामी श्रद्धानन्द स्वराज और संस्कृति के लिए लड़े। विज्ञान विषयों को हिन्दी में पढ़ाने के कार्य भी गुरुकुल ने ही किया था। उन्होंने

कहा कि स्वामी दयानन्द की 200वीं जयंती वर्ष को राष्ट्र स्तर पर मनाने का उल्लेखनीय कार्य प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में हुआ है। इसके लिए राष्ट्र उनके प्रति आभारी है। उन्होंने कहा कि गुरुकुल एक तीर्थ भूमि है, जिसने आजादी के आंदोलन में महत्वपूर्ण भूमिका निभायी थी। नारी शिक्षा के लिए स्वामी श्रद्धानन्द के अथक प्रयासों के प्रति हमें कृतज्ञ होना चाहिए।

इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमदेव शतांशु ने उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ के सम्मान में अभिनंदन पत्र का संस्कृत में वाचन किया। समस्त अतिथियों का प्रतीक चिन्ह एवं पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. अजय मलिक ने किया।

इस अवसर पर कुलसचिव प्रो. सुनील कुमार, मुख्य संयोजक प्रो. प्रभात कुमार, वित्ताधिकारी प्रो. देवेन्द्र गुप्ता, प्रो. देवेन्द्र सिंह मलिक, डॉ. एलपी पुरोहित डॉ. गगन माटा,उत्तराखंड संस्कृत विवि कुलपति प्रो. दिनेश शास्त्री, प्रो. ईश्वर भारद्वाज, डॉ. हिमांशु पंडित, डॉ. अजित तोमर, डॉ. पंकज कौशिक, कुलभूषण शर्मा, हेमंत नेगी सहित शहर के गणमान्य संत, सन्यासी और राजनेता उपस्थित रहे।

नवनिर्मित संसद भवन देखने के लिए छात्र-छात्राओं को आमंत्रित कर गए उपराष्ट्रपति-

वेद विज्ञान संस्कृति महाकुम्भ के अवसर पर मुख्य अतिथि उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय के छात्र-छात्राओं को नव निर्मित संसद भवन को देखने के लिए राजधानी में आमंत्रित किया। उन्होंने कहा कि आप मेरे अतिथि होंगे। नए संसद भवन को देखकर आपको देश में हो रहे बड़े बदलावों के बारे में पता चलेगा। उपराष्ट्रपति ने लोकसभा की थीम मोर और राज्यसभा की थीम कमल को देखने के लिए छात्र-छात्राओं को वेद विज्ञान संस्कृति महाकुम्भ के मंच से दिल्ली आने का आमंत्रण दिया।

पांच प्रण दिलाएं याद

वेद विज्ञान संस्कृति महाकुम्भ के अवसर पर उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, उत्तराखंड के राज्यपाल ले.ज. गुरमीत सिंह सेनि और उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के लाल किले की प्राचीर से जो पांच प्रण लेने का आह्वान किया था, उसकी याद दिलायी। इन वक्ताओं ने कहा विकसित भारत, गुलामी की सोच से मुक्ति, विरासत पर गर्व, एकता और एकजुटता और नागरिक कर्तव्य को पुनः याद दिलाते हुए कहा कि 2047 में विकसित भारत बनाने और विश्व गुरु की पदवी पर पुनः स्थापित होने के लिए हमें इन पांच प्रतिज्ञाओं को अपने दैनिक जीवन व्यवहार में उतारना होगा।

जी-20, नए कानून, योग दिवस और महिला आरक्षण पर सरकार की पीठ थपथपायी

वेद विज्ञान संस्कृति महाकुम्भ के अवसर पर उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने जी-20, नए कानून, योग दिवस और महिला आरक्षण पर सरकार की पीठ थपथपाते हुए कहा कि देश उत्तरोत्तर प्रगति के पथ पर बड़ी द्रुत गति से आगे बढ़ रहा है। उन्होंने देश के नेतृत्व की प्रशंसा करते हुए कहा कि 2047 में भारत को विकसित देश बनने से कोई नहीं रोक सकता है इस दशक के अंत तक हम विश्व की तीन प्रमुख अर्थव्यवस्था बनने जा रहे हैं।

स्वत्वाधिकारी यशवंत धोटे के लिए प्रकाशक, मुद्रक मधुकर सिंह, मां तपेश्वरी मीडिया एंड पब्लिकेशन प्रा0 लिमिटेड, सिंहमोड़ कल्याणपुर हटिया, अपोजिट एडमिनिस्ट्रेटिव बिल्डिंग, द्वारा रांची से प्रकाशित कर, तपो प्रिंटर, गुटूआ मौजा, प्लॉट न.-1124/1125, कटहल मोड़, थाना-नगड़ी, दयाल पेट्रोल पंप के बगल में, रांची (झारखंड) से मुद्रित, (न्याय क्षेत्र रांची) संपादक-सचिन कुमार सिंह, स्थानीय संपादक-उपेन्द्र नाथ पाण्डेय* (पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार*) , फोन नं-0651-2910972, ईमेल - navpradeshranchi@gmail.com (RNI No. JHAHIN/2016/68458)